राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत–गुजरात, संस्करण बुधवार,26अगस्त2020 वर्ष–3, अंक –210 पृष्ठ–10 मूल्य–01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

## कांग्रेस में अंतर्कलह अभी बाकी, सिब्बल ने कहा- मेरे लिए पद नहीं, देश अहम है



**नई दिल्ली।**

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में सोनिया गांधी को फिर से अंतरिम अध्यक्ष चुन लेने के बाद ऐसा माना जा रहा था कि वरिष्ठ नेताओं के बीच तल्खी खत्म हो गई किंतु पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के मंगलवार को किए ट्वीट से आभास होता है कि घमासानअभी बाकी है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सोमवार को बैठक में बयान के बाद ट्वीट करने वाले देश के वरिष्ठतम अधिवक्ताओं में से एक सिब्बल के आज के ट्वीट से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा,यह किसी पद की बात नहीं है। यह मेरे देश की बात है जो सबसे ज्यादा जरूरी है। सिब्बल ने सोमवार को बैठक में गांधी की नाराजगी वाली रिपोर्ट के बाद भी ट्वीट किया था, किंतु बाद में वरिष्ठ अधिवक्ता ने ट्वीट यह कहते हुए हटा लिया था कि राहुल ने उनसे कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। वहीं कांग्रेस से निलंबित नेता संजय झा ने भी आज एक चुटकी वाला ट्वीट कर कहा है, यह अंत की शुरुआत है। झा के इस ट्वीट को भी कांग्रेस में चल रही हलचल से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिब्बल ने यह टिप्पणी उस वक्त की है कि जब एक दिन पहले ही कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में राहुल गांधी की एक कथित टिप्पणी और फिर उन पर सिब्बल की तरफ से निशाना साधे जाने के बाद विवाद हो गया था। बाद में सिब्बल ने कहा कि खुद राहुल गांधी ने उन्हें सूचित किया कि उनके हवाले से जो कहा गया है वो सही नहीं हैं और ऐसे में वह अपना पहले का ट्वीट वापस लेते हैं। सिब्बल ने ट्वीट किया, ''राहुल गांधी ने व्यक्तिगत तौर पर मुझे सूचित किया कि उन्होंने वो कभी नहीं कहा था जो उनके हवाले से बताया गया है। ऐसे में मैं अपना पहले का ट्वीट वापस लेता हूं।'' इससे पहले सिब्बल ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में राहुल गांधी की एक कथित टिप्पणी को लेकर उनपर कटाक्ष करते हुए ट्वीट किया था कि उन्होंने पिछले 30 वर्षों में भाजपा के पक्ष में कोई बयान नहीं दिया, इसके बावजूद 'हम भाजपा के साथ साठगांठ कर रहे हैं।' खबरों में कहा गया वाले नेताओं पर भाजपा लगाया, हालांकि बाद कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि राहुल गांधी ने सीडब्ल्यूसी की बैठक में ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में खोली पाकिस्तान के 5 बड़े झूठ की पोल

**इंटरनेशनल डेस्क।**

वैश्विक मंचों पर भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में जमकर बेइज्जी का सामना करना पड़ा। भारत ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की जमकर पोल खोलकी। भारत ने पाकिस्तान के उस बयान को झूठा करार दिया, जिसमें कहा गया था कि उसके दूत मुनीर अकरम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बात रखी थी, जबकि सत्र गैर-सदस्यों के लिए खुला नहीं था। संयुक्त राष्ट्र में भारत द्वारा जारी बयान में पाकिस्तान के पांच बड़े झूठों को उजागर किया गया है। दशकों से पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद का निशाना बनाए जाने की बात को खारिज करते हुए, भारतीय मिशन ने अपने बयान में कहा, 100 बार दोहराया गया झूठ सच नहीं होगा। भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का सबसे बड़ा प्रायोजक अब बोल रहा है कि वह भारत द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का शिकार है! बयान में कहा गया है, पाकिस्तान केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में वहां की जनता के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में झूठे आरोप लगाता है। दुनिया ने उसके झूठ को फिर से देखा है। भारत द्वारा जारी बयान में कहा गया, पाकिस्तान बड़े पैमाने पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादियों का घर है। आतंकवादियों और आतंकी संगठनों में से कई का पाकिस्तान के अंदर दबदबा कायम है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस बात को स्वीकारा था कि उनके देश में 40 से 50 हजार आतंकवादी मौजूद हैं। भारत ने पाकिस्तान के उस दावे को भी खारिज कर दिया कि उसने अपने देश से अलकायदा को हटा दिया है। बयान में कहा गया, दावा है कि पाकिस्तान ने अलकायदा को अपने क्षेत्र से हटा दिया है। शायद, पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि को इस बात की जानकारी नहीं है कि ओसामा बिन लादेन पाक में ही छिपा था और अमेरिकी सेना ने उसे ढूंढ निकाला था। क्या उन्होंने यह नहीं सुना है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने लादेन को शहीद पुकारते हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन ने कहा कि पाकिस्तान ने दवा किया है कि भारत ने उसके खिलाफ आतंकवादियों को भाड़े पर रखा है। इस दावे पर सिर्फ और सिर्फ हंसी आ रही है। बयान में कहा कि यह दावा एक ऐसे देश के द्वारा किया जा रहा है, जो सीमा पार आतंकवाद का एक ज्ञात प्रायोजक है जिसने दुनिया को पीड़ित किया है।

## अब अमेरिका जैसी होंगी मध्य प्रदेश की सड़कें 45 सड़क प्रोजेक्ट का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास

**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मध्य प्रदेश को 45 सड़क परियोजनाओं की सौगात दी है। यह 45 परियोजनाएं लगभग साढ़े 11 हजार करोड़ की लागत की है। इनमें 19 परियोजनाओं का शिलान्यास और 26 कार्यो का लोकार्पण शामिल है। यह सड़क परियोजनाएं राज्य के लगभग 49 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरने वाली है। इस सौगात को राज्य में आने वाले उपचुनाव के मद्देनजर इन परियोजनाओं को बीजेपी के लिए राजनीतिक दृष्टि से भी काफी अहम माना जा रहा है। गडकरी ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 45 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि कि चंबल एक्सप्रेस-वे (अटल बिहारी वाजपेयी चंबल प्रोग्रेस-वे) हाईवे में बदलेगा और पिछड़े क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी। इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में सीएम शिवराज सिंह समेत मंत्री डॉ़ थावरचंद गहलोत, मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल, केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, (अटल बिहारी वाजपेयी चंबल प्रोग्रेस-वे) हाईवे में बदलेगा और पिछड़े क्षेत्रों में विकास की गति तेज होगी। इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में सीएम शिवराज सिंह समेत मंत्री डॉ़ थावरचंद गहलोत, मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल, केंद्रीय इस्पात राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, परियोजना क्षेत्र से जुड़े सांसद एवं विधायक भी शामिल रहे। देश में सड़क कनेक्टिविटी के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में ऐतिहासिक कार्यो का लोकार्पण किया गया। नितिन गडकरी ने कहा कि इस एक्सप्रेस-वे का काम जल्द ही शुरू होगा और हाईवे में बदलेगा, यह एक्सप्रेस-वे तीन राज्यों के पिछड़े क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, इसके लिए आठ हजार करोड़ रुपये के इस को मंजूरी देता हूं। इस मार्ग से इस क्षेत्र को विकास की नई गति मिलेगी। इस शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्क्रम की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अध्यक्षता की। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री चौहान ने चंबल प्रोग्रेस-वे उसका नाम अटल बिहारी वाजपेयी चंबल प्रोग्रेस-वे करने का ऐलान किया था। पहले इसका नाम चंबल एक्सप्रेस-वे था, जिसे राज्य सरकार ने चंबल प्रोग्रेस-वे किया था। उन्होंने बताया कि यह एक्सप्रेस-वे 358 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 309 मध्यप्रदेश से, 17 किलोमीटर उत्तर प्रदेश और 32 किलोमीटर राजस्थान से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेस-वे चंबल नदी के समानांतर होगा। इटावा से कोटा तक जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे आगे जाकर दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से जुड़ेगा। इस मार्ग से इस क्षेत्र को विकास की नई गति मिलेगी। इस शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्क्रम की मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अध्यक्षता की। बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री चौहान ने चंबल प्रोग्रेस-वे उसका नाम अटल बिहारी वाजपेयी चंबल प्रोग्रेस-वे करने का ऐलान किया था। पहले इसका नाम चंबल एक्सप्रेस-वे था, जिसे राज्य सरकार ने चंबल प्रोग्रेस-वे किया था। उन्होंने बताया कि यह एक्सप्रेस-वे 358 किलोमीटर लंबा है, जिसमें से 309 मध्यप्रदेश से, 17 किलोमीटर उत्तर प्रदेश और 32 किलोमीटर राजस्थान से होकर गुजरेगा। यह एक्सप्रेस-वे चंबल नदी के समानांतर होगा। इटावा से कोटा तक जाएगा। यह एक्सप्रेस-वे आगे जाकर दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर से जुड़ेगा।


### संक्षिप्त समाचार



## राहुल गांधी का वार- महंगा पेट्रोल और बढ़ते दाम, जनता को लूटे सरकार खुलेआम

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस संकटकाल के बीच पेट्रोल के दाम लगातार छठे दिन बढ़े हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अब इस मसले पर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को राहुल गांधी ने ट्वीट कर लिखा कि महंगा पेट्रोल और बढ़ते दाम, जनता को लूटे सरकार खुलेआम। राहुल की ओर से लगातार दाम बढ़ोतरी के मसले पर सरकार को घेरा जा रहा है। आपको बता दें कि मंगलवार को भी पेट्रोल के दाम में बढ़ोतरी हुई। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल प्रति लीटर 11 पैसे महंगा हो कर 81.73 रुपए पर पहुंच गया है। अगर पिछले एक हफ्ते के रिकॉर्ड को देखें तो हर रोज पेट्रोल के दाम में कुछ ना कुछ बढ़ोतरी की गई है। वहीं, पिछले दस दिनों में नौ बार पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए। दिल्ली में पिछले दस दिनों में पेट्रोल करीब 1.30 रुपए महंगा हो गया। हालांकि, लंबे वक्त से डीजल के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। मंगलवार के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 81.73 रुपए, 83.24 रुपए, 88.39 रुपए और 84.73 रुपए प्रति लीटर हो गई है। जबकि इन्हीं शहरों में डीजल की कीमत क्रमशः 73.56 रुपए, 77.06 रुपए, 80.11 रुपए और 78.86 रुपए प्रति लीटर है।

## पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई कुप्पुसामी भाजपा में हुए शामिल



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु मूल के कर्नाटक कैडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी के अन्नामलाई ने मंगलवार को यहां भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा महासचिव व कर्नाटक व तमिलनाडू के प्रभारी पी मुरलीधर राव, तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष एल मुरूगन और पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा की मौजूदगी में अन्नामलाई ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कर्नाटक में नौ वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य करने के बाद अन्नामलाई ने पिछले साल मई महीने में पुलिस सेवा से त्याग पत्र दे दिया था। उस वक्त वह बेंगलुरू (दक्षिण) के पुलिस उपायुक्त थे। तमिलनाडु के करूर में जन्मे 2011 बैच के इस पूर्व आईपीएस अधिकारी के कर्नाटक के उडुपी जिले के कारकला के सहायक पुलिस अधीक्षक और उडुपी व चिकमंगलूर के पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यकाल को याद किया जाता है। राव ने पार्टी में उनका स्वागत करते हुए कहा कि वे कृषक परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनकी पृष्ठभूमि बहुत अच्छी रही है। उन्होंने इंजीनियरिंग करने के बाद प्रबंधन की पढ़ाई की और फिर आईपीएस के लिए चुने गए। राव ने कहा कि देश के हर राज्यों की तरह तमिलनाडु में भाजपा मजबूत हो रही है। वहां भी समाज के विभिन्न वर्गों में और अलग-अलग क्षेत्र के लोगों में भाजपा के प्रति आकर्षण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में राष्ट्रवादी ताकतों को मजबूत करने, संवैधानिक मूल्यों की स्थापना करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए अन्नामलाई भाजपा में शामिल हुए हैं। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अन्नामलाई ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की।

### स्वास्थ्य मंत्रालय

# सरकार ने अभी स्कूल-कॉलेज खोलने पर निर्देश नहीं दिया, फैसला होने पर एसओपी जारी होगी :स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।**

देश में एक सितंबर से अनलॉक 4 की शुरुआत के बाद से स्कूल और कॉलेज खोले जाने को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को इसे लेकर कहा कि सरकार की ओर से स्कूल और कॉलेज खोले जाने को लेकर अब तक कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं। महामारी के चलते मार्च से ही देश में एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन बंद हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कहा कि देश में जो भी गतिविधियां शुरू की जा रही हैं, उसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय एसओपी जारी करती है। जब भी फैसला होगा, इसे लेकर एसओपी जारी किया जाएगा।

**हालात सुधरने के बाद ही हो फैसला**

देशभर के स्कूलों और अभिभावकों ने राज्य सरकारों के जरिए केंद्र को भेजे फीडबैक में कहा है कि स्कूल खोलने का फैसला स्थिति सामान्य होने के बाद ही लिया जाए। बच्चों की सेहत और जीवन को लेकर किसी भी तरह का समझौता करने या हड़बड़ी करने की जरूरत नहीं है। इसलिए स्कूल खोलने पर फैसला आने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है।

**रिकवर मामले ज्यादा**

राजेश भूषण ने कहा- आज देश में रिकवर मामले एक्टिव केस की तुलना में 3.4 गुना ज्यादा हैं। एक्टिव केस कुल मामलों का केवल 22.2 हैं।

रिकवरी दर अब 75त्न से ज्यादा है। 24 घंटों में एक्टिव मामलों में 6423 की गिरावट दर्ज हुई है। कुल एक्टिव मामलों में से कुल 2.70त्न मामले ही ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। एक्टिव मामलों में से 1.92त्न मरीज ही आईसीयू में है और 0.29त्न वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं।

**कुल मौतों में 69 प्रतिशत पुरुष**

स्वास्थ्य सचिव ने कहा- अभी तक कोरोना की वजह से कुल 58,390 मौतें हुई हैं। इनमें से 69त्न पुरुष और 31त्न महलाएं हैं। 36त्न 45-60 आयु के और 51त्न 60 और उससे ऊपर की आयु वर्ग वाले लोग हैं। साथ ही कहा- जहां तक स्पुतनिक-5 वैक्सीन (रूस में विकसित कोविड-19 वैक्सीन) का संबंध है, भारत और रूस बात कर रहे हैं। कुछ जानकारी साझा की गई है।

**एक दिन में अब 10 लाख टेस्ट: आईसीएमआर**



आईसीएमआर के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ. बलराम भार्गव ने कहा- 30 जनवरी 10 टेस्ट प्रति दिन, 15 मार्च 1000 टेस्ट प्रति दिन, 15 मई 95000 टेस्ट और 21 अगस्त को हम 10 लाख टेस्ट प्रति दिन के लैंडमार्क पर पहुंच गए हैं। युवा या बुजुर्ग लोग बल्कि गैर-जिम्मेदार, कम सतर्क लोग जो मास्क नहीं पहन रहे हैं, भारत में महामारी को बढ़ा रहे हैं।

## 14 सितंबर से शुरू हो सकता है संसद का मानसून सत्र, होंगे बदलाव

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल की संसदीय मामलों की समिति ने आगामी मानसून सत्र 14 सितम्बर से आहूत करने की सिफारिश की है। सूत्रों के मुताबिक एक अक्टूबर तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल 18 बैठकें प्रस्तावित हैं। इसे बारे में विस्तृत जानकारी जल्द ही जारी की जाएगी। मानसून सत्र को लेकर जोरदार तैयारियां चल रही है क्योंकि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर संसदीय इतिहास में बहुत कुछ पहली बार होने जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक उचित दूरी का पालन करने के लिए नई व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। मसलन, सदस्यों के बैठने के लिए दोनों सदन कक्षों और दीर्घाओं का इस्तेमाल किए जाने की संभावना है। राज्यसभा सचिवालय के मुताबिक सत्र की कार्यवाही के दौरान उच्च सदन के सदस्य दोनों सदन कक्षों और दीर्घाओं में बैठेंगे। आम तौर पर दोनों सदनों में एक साथ बैठकें होती हैं लेकिन सूत्रों का कहना है कि इस बार असाधारण परिस्थिति के कारण एक सदन सुबह के समय बैठेगा और दूसरे की कार्यवाही शाम को होगी। भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार इस तरह की व्यवस्था होगी जहां 60 सदस्य सदन कक्ष में बैठेंगे और 51 सदस्य राज्यसभा की दीर्घाओं में बैठेंगे। इसके अलावा बाकी 132 सदस्य लोकसभा के सदन कक्ष में बैठेंगे। लोकसभा सचिवालय भी सदस्यों के बैठने के लिए इसी तरह की व्यवस्था कर रहा है। दीर्घाओं से भागीदारी के लिए पहली बार बड़े डिस्प्ले वाली स्क्रीन और कंसोल लगाए जाएंगे। दोनों सदनों के बीच विशेष तार बिछाए जाएंगे और कुर्सियों केबीच पॉलीकार्बोनेट शीट की व्यवस्था होगी। बीच पॉलीकार्बोनेट शीट की व्यवस्था होगी। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू और विमर्श करने के बाद दोनों सदनों के चैंबरों और दीर्घाओं का इस्तेमाल करने का फैसला किया।

## सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखने वाले कुछ नेता बोले- हम विरोधी नहीं, पार्टी नेतृत्व पर पूरा भरोसा

**नेशनल डेस्क।**

कांग्रेस में सामूहिक नेतृत्व और पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग को लेकर सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले 23 नेताओं में शामिल कुछ ने मंगलवार को कहा कि उन्हें विरोधी नहीं समझा जाए और उनको पार्टी नेतृत्व पर पूरा भरोसा है। कांग्रेस कार्य समिति की हंगामेदार और मैराथन बैठक के एक दिन बाद इन नेताओं ने यह भी कहा कि पत्र लिखने का मकसद कभी भी सोनिया गांधी या राहुल गांधी के नेतृत्व पर अविश्वास जताना नहीं था और अब सोनिया गांधी जो भी फैसला करेंगी, उन्हें मंजूर होगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह किसी पद के लिए नहीं, बल्कि देश के लिए है जो उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखता है। उन्होंने ट्वीट किया कि यह पद के लिए नहीं है। यह मेरे देश के लिए है, जो सबसे ज्यादा महत्व रखता है। बता दें कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिब्बल ने यह टिप्पणी उस वक्त की है कि जब एक दिन पहले ही बैठक में राहुल गांधी की एक कथित टिप्पणी और फिर उन पर सिब्बल की तरफ से निशाना साधे जाने के बाद विवाद हो गया था। बाद में सिब्बल ने कहा कि खुद राहुल गांधी ने उन्हें सूचित किया कि उनके हवाले से जो कहा गया है वो सही नहीं हैं और ऐसे में वह अपना पहले का ट्वीट वापस लेते हैं। पत्र लिखने वाले नेताओं में शामिल राज्यसभा सदस्य विवेक तन्खा ने ट्वीट किया कि हम विरोधी नहीं हैं, बल्कि पार्टी को फिर से मजबूत करने के पैरोकार हैं। यह पत्र नेतृत्व को चुनौती देना नहीं था, बल्कि पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से कदम उठाने के लिए था। चाहे अदालत हो या फिर सार्वजनिक मामले हों, उनमें सत्य ही सर्वश्रेष्ठ कवच होता है। इतिहास बुजदिल को नहीं, बहादुर को स्वीकारता है। इनके इस ट्वीट के जवाब में कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने कहा कि इस पत्र को अपराध के तौर पर देखने वालों को आज नहीं तो कल, इसका अहसास जरूर होगा कि पत्र में उठाए गए मुद्दे विचार योग्य हैं। वासनिक ने भी पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। दूसरी तरफ, इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले एक अन्य नेता ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर कहा कि बैठक में जो नतीजा निकला, उससे हम संतुष्ट हैं। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले कई नेता की बैठक में मौजूद थे और सबने प्रस्ताव पर सहमति जताई। दूसरी तरफ, इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले एक अन्य नेता ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर कहा कि बैठक में जो नतीजा निकला, उससे हम संतुष्ट हैं। पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले कई नेता की बैठक में मौजूद थे और सबने प्रस्ताव पर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि हमने कभी सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व पर कोई अविश्वास नहीं जताया और सोनिया गांधी जो भी कदम उठाएंगी, वो हमें मंजूर होगा। ने सोमवार को करीब 7 घंटे तक चली मैराथन बैठक के बाद सोनिया गांधी से पार्टी का अंतरिम अध्यक्ष बने रहने का आग्रह किया और उन्हें जरूरी संगठनात्मक बदलाव के लिए अधिकृत किया। पार्टी के 23 नेताओं की ओर से नेतृत्व के खड़े हुए विवाद की पृष्ठभूमि में हुई यह बैठक हंगामेदार रही मुद्दे पर सोनिया को लिखे गए पत्र से खड़े हुए विवाद की पृष्ठभूमि में हुई यह बैठक हंगामेदार रही और इसमें तकरीबन सभी नेताओं ने सोनिया गांधी के नेतृत्व में विश्वास जताया।



## कोरोनाकाल में बीजेपी के आयोजनों से कोर्ट नाराज, प्रशासनिक अफसरों को किया तलब

**ग्वालियर।** कोरोना वायरस के तेजी से बढ़ रहे मामलों को देखते हुए मध्य प्रदेश में सभी धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में भीड़ जमा करने पर पाबंदी है। बावजूद इसके बीजेपी ने ग्वालियर के फूलगांव में सदस्यता ग्रहण समारोह का उच्च स्तरीय आयोजन किया गया। जिस पर अब ग्वालियर कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए राज्य के अफसरों से नाराजगी जताई है कि उन्होंने इस कार्यक्रम की अनुमति क्यों और किस आधार पर दी। हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने कहा है कि कोरोना संक्रमण को लेकर भिंड कलेक्टर और एसपी सुप्रीम कोर्ट भारत सरकार और प्रदेश सरकार के दिशानिर्देशों का हर हाल में पालन करवाएं। अफसर देखें कि कोविड-19 को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों का किसी भी बड़े आयोजन में कोरोना काल के निर्देश का पालन किया जा रहा है या नहीं। हेमंत राणा की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के न्यायाधीश शील नागू और आरके श्रीवास्तव ने यह डायरेक्शन दिए हैं । भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर यह जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसमें कोविड-19 के दिशा निर्देशों जैसे मास्क नहीं पहनने सोशल डिस्टेंसिंग का उल्लंघन करने के आरोप लगाए गए थे। सोमवार को गोहद विधानसभा क्षेत्र में किए गए एक कार्यक्रम का हवाला भी दिया गया था। हाईकोर्ट के पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता राजीव शर्मा का कहना है कि हाईकोर्ट के निर्देश के बाद अब भारतीय जनता पार्टी बड़े समारोह का आयोजन नहीं कर सकती। यदि करती है तो कलेक्टर एसपी के पास प्रमाण सहित शिकायत मिलने पर उन्हें कार्रवाई करना होगी। उनका यह भी कहना है कि हाई कोर्ट के ऑर्डर सोमवार के आदेश यानी दोपहर 2:28 बजे के बाद के किसी भी कार्यक्रम को लेकर यह पाबंदी लागू होगी।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

### संवाद से राह

देश की सबसे पुरानी और सबसे ज्यादा समय तक सरकार में रहने वाली राजनीतिक पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में कुछ बदलाव की मांग फिर तेज हो गई है, तो यह एक सामान्य और स्वाभाविक बात है। पिछले वर्ष 10 अगस्त को पार्टी ने अपना अंतरिम अध्यक्ष चुना था और यह तय माना जा रहा था कि जल्दी ही पार्टी को एक पूर्णकालिक अध्यक्ष मिल जाएगा, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, तो कई बड़े नेताओं ने पत्र लिखा। जवाब में अंतरिम अध्यक्ष ने कहा है कि वह यह पद अब नहीं संभालना चाहतीं, पार्टी नया अध्यक्ष चुने। ऊपरी सतह पर यह जो राजनीतिक कथा दिख रही है, उसके नीचे बहुत तरह की चिंताएं, महत्वाकांक्षाएं और सपने हैं। इन सभी का जवाब या समाधान कांग्रेस को खोजना होगा। कोई भी पार्टी जब संक्रमण के दौर में होती है, तो उसमें ऐसा दुर्बल वक्त आता है, लेकिन राजनीति में यह मजबूरी है कि ठोस धरातल पर रहते हुए निरंतर सकारात्मक सोचा जाए। कहा गया है, मजबूत राजनेता कभी हार नहीं मानते। कांग्रेस में यह जो संकट मंडरा रहा है, वह उसके लिए कोई नया नहीं है। इससे बड़े संकटों से वह गुजर चुकी है। जो कांग्रेस नेता यह मांग कर रहे हैं कि उन्हें पूर्णकालिक अध्यक्ष चाहिए, वे गलत नहीं हैं। पत्र लिखने वालों में 26 दिग्गज नेता शामिल हैं, जिनकी कांग्रेस नेतृत्व के प्रति निष्ठा भी बार-बार प्रमाणित होती रही है। इसलिए निष्ठा के प्रश्न से परे जाते हुए ही पार्टी को अपनी समस्याओं का हल खोजना होगा। इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय जनता पार्टी आज के समय में बहुत सशक्त है। उसकी ताकत को कांग्रेस ही नहीं, अन्य विपक्षी पार्टियों में भी महसूस किया जा सकता है। किसी भी जीवंत लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की शक्ति किन्हीं दूसरे रूपों में विपक्षी दलों में भी व्यंजित होती रहती है। कांग्रेस को यह समझना होगा कि उसका मुकाबला एक ऐसी भाजपा से है, जिसके पास बेहद मजबूत नेतृत्व और सांगठनिक ढांचा है। ऐसे में, जब बिहार, असम और पश्चिम बंगाल जैसे अहम राज्यों के आगामी चुनावों में पार्टी को अपनी प्रतिष्ठा हासिल करनी है, तब उसके कार्यकर्ता नेतृत्व को लेकर ही विभ्रम के शिकार दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में, पार्टी इन राज्यों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कैसे बांध सकती है? कांग्रेस आज परेशान है, लेकिन यह भी देखना होगा कि तीन राज्यों (पंजाब, राजस्थान और छत्तीसगढ़) एवं एक केंद्र शासित प्रदेश (पुडुचेरी) में उसकी खुद की सरकार है, जबकि दो अन्य राज्यों (महाराष्ट्र और झारखंड) में वह गठबंधन के दम पर सरकार में है। सबसे बड़ी बात कि जिस तरह से अभी-अभी राजस्थान में कांग्रेस ने अपनी सरकार और पार्टी की रक्षा की है, उसके बाद तो उसे कुछ मजबूती के साथ सामने आना चाहिए था। हालांकि, यह भी संभव है, राजस्थान के बाद कांग्रेस के नेताओं की उम्मीद बढ़ गई हो कि उनकी भी सुनवाई होगी, और जिस तरह राजस्थान में समाधान मिल गया, ठीक उसी तरह से नेतृत्व मिल-जुलकर बाकी समाधान भी खोज लेगा। जहां तक लोगों का सवाल है, तो उनकी नजरें इस पार्टी से हटी नहीं हैं, लोग देख रहे हैं कि कांग्रेस संक्रमण के इस दौर से खुद को सही निकाल लाएगी या अपने ही नेताओं के असंतोष तले दबती-टूटती चली जाएगी? संवाद से राह निकल सकती है, लेकिन उसके लिए वैसी ही संवेदना चाहिए, जैसी राजस्थान में दिखाई गई थी।



## आज के ट्वीट

### मजाक

बड़े तो बड़े मुस्लिम छोटे बच्चे भी 'देवी देवताओं' का मजाक बनाते हैं, जिसे मतलब भी नहीं पता होता वह भी पीछे नहीं रहता,आखिर ये नफरत कहां से आती है. बच्चों को हतोत्साहित करने की बजाए उन्हें प्रोत्साहन मिलता हो तो भला ऐसे लोगों से देश का कौन सा भला होने वाला है.

-अर्णव गोस्वामी

# श्रम-पूंजी के संतुलन से निखरेगी आर्थिकी

**भरत झुनझुनवाला**




उन्नीस अगस्त, 2020 को प्रकाशित इंडिया डेवलपमेंट अपडेट में विश्व बैंक ने भारत को सलाह दी है कि सरकार अपने श्रमिकों की उत्पादकता और निर्यात बढ़ाने का प्रयास करे। उत्पादकता का अर्थ यह हुआ कि प्रति व्यक्ति माल का उत्पादन अधिक हो। जैसे हलवाहे की तुलना में ट्रैक्टर चालक की उत्पादकता अधिक होती है। ट्रैक्टर चालक एक दिन में अधिक भूमि की जुताई करता है। विश्व बैंक का कहना है कि जब उत्पादकता बढ़ेगी तो हमारा माल सस्ता होगा। जैसे हलवाहे की तुलना में ट्रैक्टर से खेती करने में उत्पादन लागत कम पड़ती है। उत्पादन लागत कम होने से हम अपने माल का विश्व बाजार में निर्यात कर सकेंगे और हम कोविड के संकट से निकल जायेंगे। यहां विषय यह है कि श्रम की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए हमें पूंजी तथा मशीनों का उपयोग अधिक करना पड़ता है। जैसे ऊपर के उदाहरण में हलवाहा और एक जोड़ी बैल में 40 हजार की पूंजी लगती है जबकि ट्रैक्टर में 10 लाख की। चूंकि ट्रैक्टर चालक अधिक पूंजी से काम करता है, इसलिए वह एक दिन में अधिक काम कर पाता है। अब इतना सही है कि यदि ट्रैक्टर जैसी मशीनों के उपयोग से श्रम की उत्पादकता बढ़ाई गयी तो निश्चित रूप से माल सस्ता बनेगा। लेकिन समस्या यह है कि साथ-साथ श्रम का उपयोग घटेगा, रोजगार घटेगा और बेरोजगारी बढ़ेगी। यूं समझें यदि अपने देश में डीजल की उपलब्धि बंद हो जाये और सभी ट्रैक्टर काम करना बंद कर दें तो जुताई के लिए वर्तमान की तुलना में लगभग 10 गुना रोजगार बैलों से जुताई करने में उत्पन्न हो जायेंगे। साथ-साथ गेहूं का दाम भी बढ़ जायेगा। अर्थात यदि हम ट्रैक्टर से खेती करते हैं तो 2 प्रभाव पड़ते हैं। एक तरफ पूंजी अधिक उपयोग होती है तो दूसरी तरफ श्रमिक बेरोजगार होता है। इन दोनों प्रभावों का मिलाजुला परिणाम यह होता है कि माल सस्ता हो जाता है। अर्थ यह कि बेरोजगारी दूर करने के लिए महंगे माल को स्वीकार करना होगा। इसी उदाहरण को जब हम मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में लागू करते हैं तो जो प्रभाव खेती में ट्रैक्टर का होता है वही प्रभाव मैन्युफैक्चरिंग में आटोमेटिक मशीनों का होता है। ऐसा समझें कि हमें फुटबाल बनानी है। यदि बड़ी कम्पनी द्वारा आटोमेटिक मशीन से फुटबाल बनाई गई तो मान लीजिये एक दिन में प्रति श्रमिक 1000 फुटबाल बनती है। उसी फुटबाल को यदि छोटी फैक्टरी में हाथ से सिल कर बनाया गया तो एक दिन में एक श्रमिक मात्र 10 फुटबाल बना सकेगा। इस प्रकार यदि हम विश्व बैंक की सलाह को मानते हुए उत्पादकता बढ़ाकर सस्ती फुटबाल बनाते हैं तो बाजार में सस्ती फ़ुटबाल उपलब्ध हो जाएगी और श्रमिक बेरोजगार हो जायेंगे। उत्पादकता बढ़ाने का ऐसा ही प्रभाव छोटे उद्योगों पर होता है। बड़े उद्योगों द्वारा माल का उत्पादन सस्ता किया जाता है क्योंकि वे बड़े पैमाने पर माल का उत्पादन करते हैं, जिसको 'इकोनोमीज आफ स्केल' कहा जाता है। जैसे यदि फुटबाल बनाने का बड़ा कारखाना है तो वह चमड़े को थोक में चेन्नई से खरीद कर लाएगा, वह फुटबाल की गुणवत्ता की जांच करने के लिए आधुनिक मशीन लगाएगा और वह एक पूरे ट्रक में माल भरकर भेजेगा, जिससे ढुलाई सस्ती पड़ेगी। बड़े उद्योग की तुलना में छोटे उद्योग की उत्पादन लागत ज्यादा आती है। इसलिए यदि हम विश्व बैंक के बताये अनुसार उत्पादकता बढ़ाने पर ही विशेष ध्यान देते हैं और रोजगार की अनदेखी करते हैं तो इसका सीधा परिणाम यह होता है कि बड़ी कम्पनी के द्वारा आटोमेटिक मशीनों से माल का उत्पादन होगा, देश में छोटे उद्योग बंद होंगे और बेरोजगारी बढ़ेगी। इसके साथ जब हम निर्यात को जोड़ देते हैं तो समस्या और विकट हो जाती है। निर्यात बढ़ाने का अर्थ यह हुआ कि हम खुले व्यापार को अपनाएंगे। जब हम निर्यात बढ़ाने का प्रयास करेंगे तो हम अपनी सरहद को आयातों के लिए भी खोलेंगे, जिसके कारण चीन अथवा दूसरे देशों में बड़ी कम्पनियों द्वारा बनाये गये सस्ते माल का प्रवेश हमारे देश में आसान हो जायेगा। विश्व बैंक की नीति को अपनाने का हम प्रत्यक्ष प्रमाण अपने शेयर बाजार में देख सकते हैं। कोविड के संकट के पहले सेंसेक्स 39 हजार के लगभग था। कोविड संकट में यह 30 हजार के लगभग पहुंच गया। आज हमारी अर्थव्यवस्था संकुचित हुई है, जीडीपी गिरा है, लोग बेरोजगार हुए हैं लेकिन सेंसेक्स पुनः 36 हजार पर पहुंच गया है। इसका कारण यह है कि जब उत्पादकता बढ़ाकर रोजगार को घटाते हैं तो बाजार में माल की मांग कम होती है और कुल अर्थव्यवस्था सिकुड़ती है, जैसा कि हम कोविड संकट के बाद देख रहे हैं। लेकिन उस सिकुड़ी हुई अर्थव्यवस्था में बड़ी कम्पनियों या बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का हिस्सा बढ़ जाता है। इस प्रकार समझें कि कोविड के पहले अपने देश में 10 फुटबाल का निर्माण होता था और इनकी खपत हो जाती थी। 5 किसी बड़ी कम्पनी के द्वारा बनाई जाती थीं और 5 छोटी-छोटी 5 कम्पनियों द्वारा बनाई जाती थीं। अब कोविड संकट आया। लोग बेरोजगार हो गए। फुटबाल की बिक्री कम हुई। 10 के स्थान पर केवल 8 फुटबाल बिकने लगीं। भारत सरकार ने विश्व बैंक की सलाह के अनुसार श्रमिकों की उत्पादकता बढाई। बड़ी कंपनियों का रास्ता आसान किया तो बड़े निर्माता ने 5 के स्थान पर 7 फुटबाल बनानी शुरू कर दी। चार छोटे फुटबाल निर्माताओं का कारोबार बंद हो गया और एक छोटा निर्माता बच पाया, जिसके द्वारा 1 फुटबॉल बनायी जा रही है। इस प्रकार कुल उत्पादन और खपत पूर्व में 10 फुटबाल से घटकर आज 8 हो गया क्योंकि चार छोटे निर्माताओं के साथ उनके श्रमिक बेरोजगार हो गये और फुटबाल की मांग बाजार में कम हो गई। लेकिन साथ-साथ बड़ी कम्पनियों का उत्पादन पांच से बढ़कर सात फुटबाल हो गया। इसलिए मंदी के बावजूद शेयर बाजार बढ़ रहा है। तात्पर्य यह है कि बड़ी कम्पनियों के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाने की कोशिश में हम अपनी कुल अर्थव्यवस्था को संकुचित करते हैं, वह छोटी होती जाती है, लेकिन उस छोटी अर्थव्यवस्था में भी बड़ी कम्पनियों का विस्तार होता है। यही गति पिछले चार वर्षों से जारी है। हमारा सेंसेक्स 30 हजार से बढ़कर 40 हजार हो गया लेकिन हमारी विकास दर 10 प्रतिशत से घटकर पहले चार प्रतिशत और अब नकारात्मक हो रही है। अतः हमारी सरकार को विश्व बैंक से बचना चाहिए। विश्व बैंक की सलाह को रिजेक्ट कर देना चाहिए और छोटे उद्यमों को संरक्षण देना चाहिए। देश में महंगी फुटबाल को श्रम सघन उपायों से बनाना चाहिए और जनता को बताना चाहिए कि हम सस्ते आयातों पर रोक लगा रहे हैं, जिससे कि देश में आम आदमी का रोजगार और जीविका जिन्दा रहे।

लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।

## ज्ञान गंगा

### ध्यान

आचार्य रजनीश ओशो/ अध्यात्म कभी तनावपूर्ण नहीं होता, अध्यात्म कभी भी तनावपूर्ण नहीं होता, ऐसा नहीं हो सकता। आध्यात्मिक तनाव होता ही नहीं, तनाव केवल शारीरिक होता है और मानसिक होता है। शारीरिक तनाव उन्होंने पैदा किए हैं, जिन्होंने धर्म के नाम पर सदैव ही शरीर-विरोधी उपदेश दिए हैं। पश्चिम में ईसाइयत स्पष्ट तौर पर शरीर के प्रति प्रबल विरोधी रही है। इन्होंने तुम्हारे और तुम्हारे शरीर के बीच एक झूठा अंतर और दरार पैदा की है, फिर तुम्हारा पूरा रवैया ही तनाव पैदा करने वाला बनता है। तुम तनाव रहित होकर भोजन नहीं कर सकते, निश्चिन्तता से सो नहीं सकते, शरीर का प्रत्येक कृत्य तनाव बन जाता है। शरीर शत्रु है, पर तुम इसके बिना जी नहीं सकते। तुम्हें इसके साथ ही रहना है, तुम्हें अपने शत्रु के साथ ही रहना है, इसलिए निरंतर तनाव है; तुम कभी रिलैक्स नहीं हो सकते। शरीर तुम्हारा शत्रु नहीं है, न ही वह किसी तरह तुम्हारा विरोधी है, यह तुम्हारे प्रति उपेक्षा से भी भरा नहीं है। शरीर के होने में ही आनंद है और जिस क्षण तुम शरीर को एक उपहार की तरह समझते हो-परमात्मा का उपहार, तब तुम शरीर में वापस लौटकर आ जाते हो। तब तुम इससे प्रेम करने लगोगे, तुम उसे महसूस करोगे-और उसे महसूस करने का ढंग बड़ा ही सूक्ष्म होता है। तुम तब तक किसी अन्य के शरीर को अनुभव नहीं कर सकते, जब तक तुमने अपने स्वयं के शरीर का अनुभव नहीं किया। तुम किसी अन्य के शरीर को प्रेम भी नहीं कर सकते, जब तक तुमने अपने शरीर को ही प्रेम नहीं किया, यह असंभव है। तुम तब तक किसी अन्य के शरीर का ध्यान नहीं रख सकते, जब तक तुमने अपने शरीर का ध्यान नहीं रखा-और कोई भी ध्यान नहीं रखता। तुम कह सकते हो कि तुम रखते हो, पर मैं दृढ़तापूर्वक कहता हूं; कोई भी ध्यान नहीं रखता। अगर तुम ध्यान रखते हुए दिखते भी हो, तब भी तुम वास्तव में ध्यान नहीं रखते। तुम किसी अन्य कारण से ध्यान रखते हो-दूसरों की राय के कारण, किसी अन्य की आंखों में तुम अच्छे दिख सको इसलिए। तुम अपने शरीर का ध्यान स्वयं के लिए नहीं रखते। तुम अपने शरीर को प्रेम नहीं करते, यदि तुम इससे प्रेम नहीं कर सकते, तुम इसमें हो भी नहीं सकते। अपने शरीर को प्रेम करो और तब तुम ऐसा विश्रांत अनुभव करोगे जैसा तुमने पहले नहीं किया होगा। जहां प्रेम है, वहां विश्रांति है। अगर तुम किसी अन्य को प्रेम करते हो-अगर तुम्हारे और उसके बीच प्रेम है, तो प्रेम अपने साथ विश्रांति का संगीत लाता है।




# जांच की आंतरिक व्यवस्था की जरूरत

**अनूप भटनागर**

कहीं ऐसा तो नहीं है कि अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार के नाम पर उच्चतर न्यायपालिका के सदस्यों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने का अब फैशन बनता जा रहा है। यह सवाल उठने की एक वजह है कि इस तरह के अभियान को अब स्वतंत्र और निर्भीक न्यायपालिका की रक्षा करने के बजाय उसे डराने-धमकाने की कवायद के रूप में भी देखा जाने लगा है। न्यायालय ने अपने कई फैसलों में इस प्रवृत्ति का जिक्र किया है। इस संबंध में पूर्व प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा के मामले का जिक्र करना अनुचित नहीं होगा क्योंकि उनकी कार्यशैली को लेकर शीर्ष अदालत के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों ने प्रेस कानफ्रेंस की थी। कुछ राजनीतिक दलों के सांसदों ने उन्हें पद से हटाने के लिये बाकायदा राज्यसभा के सभापति को याचिका भी दी थी। पर इन राजनीतिक दलों को इसमें सफलता नहीं मिली। देखा जा रहा है कि कदाचार और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिये निर्धारित विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन करने की बजाय न्यायपालिका की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए किसी न्यायाधीश का नाम लिये बगैर सोशल मीडिया पर अनर्गल आरोप लगाये जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर न्यायपालिका और इसके सदस्यों के बारे में प्रयुक्त भाषा भी काफी अपमानजनक होती है। ऐसे ही एक मामले में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने वाईएसआर कांग्रेस के एक सांसद और कई नेताओं के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही भी शुरू की है। माइक्रो ब्लागिंग के माध्यम से ट्विटर पर अपलोड पोस्ट को लेकर अधिवक्ता प्रशांत भूषण दूसरी बार विवादों में आये हैं। इसी तरह, उच्चतम न्यायालय में नवंबर, 2009 से अधिवक्ता प्रशांत भूषण के खिलाफ लंबित अदालत की अवमानना का मामला ही लें। यह प्रकरण एक पत्रिका को दिये गये प्रशांत भूषण के इंटरव्यू से संबंधित है, जिसमें उन्होंने उच्चतम न्यायालय के कुछ पीठासीन और पूर्व प्रधान न्यायाधीशों पर गंभीर आरोप लगाये थे। शीर्ष अदालत में यह मामला विचाराधीन है और अब न्यायालय ने इस मामले में विचार के लिये अब तीन सवाल तैयार किये हैं। इसमें यह सवाल भी शामिल है कि क्या न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए बयान दिये जा सकते हैं और ऐसे मामले में क्या प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। उच्चतर न्यायपालिका के सदस्यों पर आरोपों के बारे में पुख्ता दस्तावेजों के साथ प्रधान न्यायाधीश को शिकायत मिलती है तो उनकी जांच करायी जाती है। इसी व्यवस्था के माध्यम से ही देश में पहली बार मई 1993 में नरसिंह राव सरकार के कार्यकाल में उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश वी. रामास्वामी को पद से हटाने की कार्यवाही संसद में हुई थी लेकिन मतदान के समय कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इसमें हिस्सा नहीं लेकर इस प्रस्ताव को गिरा दिया था। रामास्वामी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे। इसके विपरीत, कदाचार के एक मामले में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सौमित्र सेन को पद से हटाने के लिये अगस्त, 2011 में राज्यसभा में एक प्रस्ताव पारित हुआ था। लोकसभा में इस प्रस्ताव पर बहस से पहले ही न्यायाधीश ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। सिक्किम उच्च न्यायालय के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश पीडी दिनाकरण पर भी गंभीर आरोप थे। उन्होंने जुलाई, 2011 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसे ही कई मामले हुये, जिनमें उच्च न्यायालय न्यायाधीशों ने अपने पद से इस्तीफे दिये।



इनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शमित मुखर्जी भी शामिल थे। इसके अलावा, भ्रष्टाचार के आरोप में ही प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एसएन शुक्ला के खिलाफ मामला दर्ज करने की सीबीआई को अनुमति भी दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधि मंत्रालय को 2018 से 2020 के दौरान शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के खिलाफ 122 और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के खिलाफ 412 शिकायतें मिलीं थीं। शिकायतों को संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पास भेज दिया जाता है। बहरहाल, उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीश को पद से हटाने के बारे में हमारे संविधान और न्यायाधीश जांच आयोग में विस्तृत प्रावधान हैं लेकिन अभी तक उच्चतर न्यायपालिका के किसी भी न्यायाधीश को इस प्रकिया के माध्यम से पद से हटाया नहीं जा सका। पूर्व प्रधान न्यायाधीश वीएन खरे ने एक बार कहा था कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि न्यायपालिका भी इसी समाज का हिस्सा है और इसमें आने वाले सदस्य भी हमारे समाज से ही आते हैं। बेहतर हो कि ऐसे मामलों की जांच की आंतरिक व्यवस्था का रास्ता अपनाया जाये।

# आज का राशिफल

**मेष** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा में अपने बहुमूल्य सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। भाई या पड़ोसी का सहयोग रहेगा।

**वृषभ** व्यावसायिक योजना सफल होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। त्वचा उदर या वायु विकार की संभावना है। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मिथुन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किया गया प्रयास सफल होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। परिश्रम अधिक करना होगा।

**कर्क** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नए अनुबंध प्राप्त होंगे। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**सिंह** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**कन्या** व्यावसायिक व पारिवारिक योजना सफल होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। अनचाही यात्रा या विवाद में फंस सकते हैं।

**तुला** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी अपेक्षित है। विरोधी शारीरिक या मानसिक रूप से कष्ट देंगे। पारिवारिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पिता या संबंधित अधिकारी से तनाव मिलेगा।

**वृश्चिक** पारिवारिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। मैत्री संबंध में प्रगाढ़ता आयेगी।

**धनु** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। छोटी-छोटी बातों पर उत्तेजना हो सकती है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मकर** रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। नेत्र विकार की संभावना है। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। रोग और विरोधी बढ़ेंगे। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी रखें।

**कुम्भ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। चली आ रही समस्याओं का समाधान होगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा।

**मीन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखत व लाभप्रद होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## निप्पन इंडिया मल्टी-एसेट फंड के एनएफओ ने 720 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** निप्पन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट ने अपने मल्टी-एसेट फंड की नई स्कीम (एनएफओ) के जरिये 720 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी का दावा है कि यह महामारी के दौरान किसी एनएफओ से जुटाई गई सबसे बड़ी राशि है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि 370 स्थानों के 80,000 से अधिक निवेशकों ने डिजिटल और ऑफलाइन तरीके से निप्पन इंडिया मल्टी एसेट फंड में निवेश किया है। इसके अलावा कंपनी को एनएफओ के लिए 25,000 सिप (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के आवेदन भी मिले हैं। कंपनी ने कहा कि उसे इसके लिए 60 प्रतिशत से अधिक आवेदन डिजिटल माध्यम से मिले हैं। ये आवेदन उसके और भागीदारों के डिजिटल मंचों के माध्यम से किए गए। कंपनी ने कहा कि उसे इसके लिए 60 प्रतिशत से अधिक आवेदन डिजिटल माध्यम से मिले हैं। ये आवेदन उसके और भागीदारों के डिजिटल मंचों के माध्यम से किए गए।

## हाजिर मांग से सोना वायदा कीमतों में तेजी

**नयी दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा बाजार में मंगलवार को सोना 211 रुपये की तेजी के साथ 51,480 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर महीने में डिलीवरी सोना अनुबंध की कीमत 211 रुपये यानी 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 51,480 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इसमें 15,527 लॉट के लिये कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों की ताजा सौदों की लिवाली से मुख्यतः सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में सोना 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,940.70 डॉलर प्रति औंस हो गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में सोना 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,940.70 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## विनय तोनसे एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट के नए प्रबंध निदेशक

**नयी दिल्ली।** एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट ने विनय एम. तोनसे को प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्ति किया है। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि तोनसे कंपनी में अश्विनी भाटिया की जगह लेंगे। भाटिया अब से भारतीय स्टेट बैंक में प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी संभालेंगे। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट देश के सबसे बड़े भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और यूरोपीय परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी अमुंडी का संयुक्त उपक्रम है।

## चीन, अमेरिका के व्यापार दूतों की बैठक में आर्थिक नीतियों में तालमेल पर चर्चा



**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के व्यापार दूतों के बीच मंगलवार को फोन के जरिये बैठक हुई। इसमें दोनों पक्षों ने सरकार की आर्थिक नीतियों को लेकर तालमेल बढ़ाने पर चर्चा की। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हालांकि, मंत्रालय के बयान में इस बैठक का और ब्योरा नहीं दिया गया है। यह दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच शुल्कों को लेकर छिड़े 'युद्ध' को समाप्त करने के लिए पहले चरण की बैठक थी। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग 2016 से अमेरिका से वृहद आर्थिक नीतियों में तालमेल बनाने को कह रहे हैं। हालांकि, चीन की ओर से इसका ब्योरा नहीं दिया गया है, लेकिन समझा जाता है कि इसमें आर्थिक वृद्धि, रोजगार, मुद्रास्फीति और व्यापार से संबंधित नीतियां शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मंगलवार को हुई इस बैठक में चीन के उप प्रधानमंत्री ल्यू ही, अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहाइजर तथा वित्त मंत्री स्टीवन न्यूचिन शामिल हुए।

# देश में कच्चे इस्पात का उत्पादन जुलाई में 24 प्रतिशत घटा, वैश्विक स्तर 2.5 प्रतिशत की कमी



**नई दिल्ली।**

भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन जुलाई 2020 के दौरान 24.6 प्रतिशत घटकर 71.5 लाख टन रहा। वैश्विक संगठन वर्ल्ड स्टील एसोसएिशन ने यह जानकारी दी। एसोसिएशन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 के इसी महीने में कच्चे इस्पात का उत्पादन 94.85 लाख टन था। आलोच्य माह में वैश्विक स्तर पर भी इस्पात उत्पादन में गिरावट दर्ज की गयी। रिपोर्ट में कहा गया है, 'वर्ल्ड स्टील को सूचना देने वाले 64 देशों में कच्चे इस्पात का उत्पादन जुलाई 2020 में 15.269 करोड़ टन रहा। यह इससे पूर्व वर्ष 2019 के इसी महीने में 15.668 करोड़ टन के मुकाबले 2.5 प्रतिशत कम है। एसोसिएशन के अनुसार, 'कोविड-19 से उत्पन्न कठिनाइयों के कारण ऐसा अनुमान है कि इस महीने के कई आंकड़ों को अगले महीने के उत्पादन आंकड़े के साथ अद्यतन करना पड़ सकता है।' वर्ल्डस्टील आंकड़े के अनुसार चीन में जुलाई 2020 में इस्पात उत्पादन 9.1 प्रतिशत बढ़कर 9.336 करोड़ टन रहा। अमेरिका में कच्चे इस्पात का उत्पादन आलोच्य महीने में 29.4 प्रतिशत घटकर 52.41 लाख टन रहा जो एक साल पहले जुलाई 2019 में 74.19 लाख टन था। वहीं, जापान में जुलाई 2020 में कच्चे इस्पात का उत्पादन 60.49 लाख टन रहा जो इससे पूर्व वर्ष के इसी माह के 83.87 लाख टन के मुकाबले 27.9 प्रतिशत कम है। आंकड़े के अनुसार यूरोपीय संघ में आलोच्य महीने में उत्पादन 98.17 लाख टन रहने का अनुमान है जो जुलाई 2019 में 1.299 करोड़ टन के मुकाबले 24.4 प्रतिशत कम है।

## डॉ. रेड्डीज अस्पताल पोषण बाजार में उतरी, गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए उत्पाद पेश किया



**नई दिल्ली।** डॉ. रेड्डीज लैबोरेट्रीज लिमिटेड रोगियों के लिए पोषण-आहर के बाजार में उतरी है। कंपनी ने गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए पोषक पेय 'सेलेविडा मैक्स' उतारा है। हैदराबाद की कंपनी ने बयान में कहा कि इससे कैंसर, क्रिटिकल केयर और फेफड़ों की बीमारी क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज (सीओपीडी) के मरीजों की पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा किया जा सकता है। डॉ. रेड्डीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी-ब्रांडेड बाजार (भारत और उभरते बाजार) एम वी रमन ने कहा कि हमें भारत में अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए उपयोगी पोषक-आहार के बाजार में उतरने की खुशी है। सेलेविडा मैक्स के जरिये हम पोषण खंड में अपनी उपस्थिति और मजबूत करेंगे तथा मरीजों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालना जारी रखेंगे।

## अडाणी समूह खरीद सकता है मुंबई एयरपोर्ट की 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह मुंबई हवाईअड्डे की परिचालक कंपनी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (मायल) में जीवीके सूमह और उसकी अन्य सहयोगियों की हिस्सेदारी खरीदने को लेकर बातचीत कर रहा है। उद्योगपति गौतम अडाणी के अडाणी समूह का लक्ष्य देश की सबसे बड़ी हवाईअड्डा परिचालक कंपनी बनना है। मामले से जुड़े दो सूत्रों ने बताया कि अडाणी समूह मायल में जीवीके समूह की 50.5 प्रतिशत और एयरपोर्ट्स कंपनी साउथ अफ्रीका और बिडवेस्ट समूह जैसे अन्य अल्पांश शेयरधारकों की 23.5 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीद सकती है। हालांकि अडाणी समूह और जीवीके समूह दोनों के प्रवक्ताओं ने इस बारे में कोई टिप्पणी करने से मना कर दिया है। अडाणी समूह ने मार्च 2019 में दक्षिण अफ्रीका की बिडवेस्ट कंपनी की 13.5 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,248 करोड़ रुपये खरीदने पर सहमति जतायी थी। इस सौदे को जीवीके समूह ने अपने पहले इनकार का अधिकार यानी हिस्सेदारी खरीद पर पहले अधिकार के प्रावधान का उपयोग करते हुए मना कर दिया था। लेकिन जीवीके इस हिस्सेदारी की खरीद के लिए पैसे नहीं जुटा सका और मामला अदालत चला गया। सूत्रों के मुताबिक जीवीके समूह की वित्तीय हालत सही नहीं है। ऐसे में अडाणी समूह को हिस्सेदारी बेचने पर विचार किया जा रहा है।

# भारत को सतत वृद्धि के लिए गहरे, व्यापक सुधारों की जरूरतः रिजर्व बैंक




**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के बीच भारत को सतत वृद्धि की राह पर लौटने के लिए गहरे और व्यापक सुधारों की जरूरत है। केंद्रीय बैंक ने आगाह किया है कि इस महामारी की वजह से देश की संभावित वृद्धि दर की क्षमता नीचे आएगी। रिजर्व बैंक ने अपने 'आकलन और संभावनाओं में कहा है कि कोविड-19 महामारी ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को बुरी तरह से 'तोड़ दिया है। भविष्य में वैश्विक अर्थव्यवस्था का आकार इस बात पर निर्भर करेगा कि इस महामारी का फैलाव कैसा रहता है, यह महामारी कब तक रहती है और कब तक इसके इलाज का टीका आता है। केंद्रीय बैंक का 'आकलन और संभावनाएं 2019-20 की वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि एक बात जो उभरकर आ रही है, वह यह है कि कोविड-19 के बाद की दुनिया बदल जाएगी और एक नया सामान्य सामने आएगा। रिजर्व बैंक ने कहा, ''महामारी के बाद के परिदृश्य में गहराई वाले और व्यापक सुधारों की जरूरत होगी। उत्पाद बाजार से लेकर वित्तीय बाजार, कानूनी ढांचे और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के मोर्चे पर व्यापक सुधारों की जरूरत होगी। तभी आप वृद्धि दर में गिरावट से उबर सकते हैं और अर्थव्यवस्था को वृहद आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के साथ मजबूत और सतत वृद्धि की राह पर ले जा सकते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि शेष दुनिया की तरह भारत में भी संभावित वृद्धि की संभावनाएं कमजोर होंगी।' कोविड-19 के बाद के परिदृश्य में प्रोत्साहन पैकेज और नियामकीय रियायतों से हासिल वृद्धि को कायम रखना मुश्किल होगा, क्योंकि तब प्रोत्साहन हट जाएंगे। रिजर्व बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था में सुधार भी कुछ अलग होगा। वैश्विक वित्तीय संकट कई साल की तेज वृद्धि और वृहद आर्थिक स्थिरता के बाद आया था। वहीं कोविड-19 ने ऐसे समय अर्थव्यवस्था को झटका दिया है, जबकि पिछली कई तिमाहियों से यह सुस्त रफ्तार से आगे बढ़ रही थी।

## सन फार्मा ने अमेरिकी न्याय विभाग के साथ उत्पाद के प्रचार-प्रसार का मामला निपटाया




**नई दिल्ली।** दवा क्षेत्र की कंपनी सन फार्मा की इकाई डीयूएसए फार्मास्युटिकल्स ने अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के साथ लेवुलन केरास्टिक और ब्लू-यू के प्रचार-प्रसार का मामला निपटा लिया है। इसके लिए कंपनी ने 2.07 करोड़ डॉलर (करीब 148.51 करोड़ रुपये) का भुगतान किया है। सन फार्मा ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि डीयूएसए ने न्याय विभाग के साथ जांच में पूरा सहयोग किया। इस बारे में कंपनी के एक पूर्व कर्मचारी ने सितंबर, 2016 में शिकायत दर्ज कराई थी। न्याय विभाग के साथ निपटान समझौते के तहत डीयूएसए ने 2.07 करोड़ डॉलर का भुगतान किया है। सन फार्मा ने कहा कि डीयूएसए ने पहले ही यानी 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही में इसके लिए प्रावधान कर लिया था। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि निपटान समझौते के तहत डीयूएसए को किसी तरह की देनदारी या गड़बड़ी को स्वीकार नहीं करना पड़ा है। सन फार्मा ने कहा कि डीयूएसए ने पहले ही यानी 31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही में इसके लिए प्रावधान कर लिया था।

# सैटेलाइट डेटा का उपयोग करने वाला देश का पहला बैंक बना आईसीआईसीआई , किसानों को होगा फायदा




**मुंबई।**

निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने आज कृषि क्षेत्र में अपने ग्राहकों की साख का आकलन करने के लिए उपग्रहों से सैटेलाइट डेटा-इमेजरी का उपयोग करने की घोषणा की। इस तरह आईसीआईसीआई बैंक सैटेलाइट डेटा-इमेजरी का उपयोग करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है और दुनिया के कुछ बैंकों में से एक है जिसने किसानों के इंस्टैंट लोन निर्णय लेने के लिए भूमि, सिंचाई और फसल पैटर्न से संबंधित विभिन्न मानदंडों को सीखने और जनसांख्यिकीय और वित्तीय मानदंडों के साथ समन्वय करने के लिए उपग्रह डेटा का नवीन प्रौद्योगिक के इस प्रयोग से किसानों को अपनी मौजूदा क्रेडिट बढ़ाने में मदद मिलेगी, पहली बार कर्जदाताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकती हैं। इसके अलावा, उपग्रह की मदद से, भूमि का सत्यापन संपर्क रहित तरीके से किया जाता है और ऋण का मूल्यांकन कुछ दिनों में किया जाता है, जिसमें आम तौर पर उद्योग में 15 दिन तक का समय लगता है। बैंक ने पिछले कुछ महीनों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात के 500 से अधिक गांवों के लिए उपग्रह डेटा का उपयोग किया है और जल्द ही इस पहल के तहत देश भर में 63,000 से अधिक गांवों को कवर करने की योजना है। जबकि लोगों को घर के अंदर रहने और कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है, यह पहल बेहद फायदेमंद है। अंतर्देशीय क्षेत्रों से मिट्टी, फसल और सिंचाई के पैटर्स का तेजी से और तकनीकी विश्लेषण करने के लिए सैटेलाइट डेटा का उपयोग करने की इस प्रक्रिया को ग्राहक और बैंक अधिकारियों को भूमि का दौरा करने की आवश्यकता नहीं है। यह किसानों को यात्रा, संचालन या किसी भी लॉजिस्टिक लागत की किसी भी परेशानी के बिना बैंक को विश्वसनीय जानकारी प्रदान करने का महत्वपूर्ण लाभ देता है। इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए आईसीआईसीआई बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनूप बागची ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक ग्राहक सुविधा बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी में अग्रणी नवचार का उपयोग करने में सबसे आगे है। हम हमेशा इंटरनेट बैंकिंग (1998), मोबाइल बैंकिंग (2008), टैब बैंकिंग (2012), 24/7 टच बैंकिंग शाखाएं (2012), सॉफ्टवेयर रोबोटिक्स (2016) और ब्लॉकचेन परिनियोजन (2016) जैसे वित्तीय सेवा उद्योग में अग्रणी नवचार तकनीकों को पेश करने में सबसे आगे रहे हैं।

## अर्बन कंपनी ने 50 लाख डॉलर के इसॉप बिक्री कार्यक्रम की घोषणा की




**नई दिल्ली।** अर्बन कंपनी (पूर्व में अर्बनक्लैप) ने मंगलवार को कर्मचारी शेयर बिक्री कार्यक्रम (इसॉप) की घोषणा की। यह कार्यक्रम 50 लाख डॉलर (37.5 करोड़ रुपये) का है। यह होम सर्विसेज मार्केटप्लेस का तीसरा और अब तक का सबसे बड़ा इसॉप कार्यक्रम है। ताजा कार्यक्रम के तहत कंपनी के 180 से अधिक कर्मचारी अपने इसॉप की बिक्री कर सकते हैं। कंपनी ने बयान में कहा कि इन शेयरों की खरीद शेयर बाजार लेनदेन के जरिये मौजूदा निवेशक वीवाई कैपिटल द्वारा की जाएगी। अर्बन कंपनी के सह-संस्थापक अभिराज सिंह भल ने कहा, 'यह हमारा तीसरा और सबसे बड़ा इसॉप बिक्री कार्यक्रम है। यह हमारी विश्वस्तरीय इसॉप कार्यक्रम बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' अर्बन कंपनी के सह-संस्थापक अभिराज सिंह भल ने कहा, 'यह हमारा तीसरा और सबसे बड़ा इसॉप बिक्री कार्यक्रम है। यह हमारी विश्वस्तरीय इसॉप कार्यक्रम बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

## कोरोना की वजह से वैश्विक पर्यटन उद्योग हुई तबाह, पांच माह में हुआ 320 अरब डॉलर का नुकसान



**संयुक्त राष्ट्र।**

कोरोना वायरस महामारी की वजह से वैश्विक पर्यटन उद्योग पूरी तरह 'ध्वस्त हो गया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने मंगलवार को कहा कि इस महामारी की वजह से पर्यटन उद्योग को इस साल के पहले पांच महीनों में 320 अरब डॉलर के निर्यात का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यटन उद्योग में 12 करोड़ नौकरियां खतरे में हैं। गुतारेस ने वीडियो संबोधन में कहा कि पर्यटन वैश्विक अर्थव्यवस्था का ईंधन और रसायन के बाद तीसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र है। 2019 में वैश्विक व्यापार में इसका हिस्सा सात प्रतिशत रहा था। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि पृथ्वी पर प्रत्येक 10 में से एक व्यक्ति को इस क्षेत्र में रोजगार मिला हुआ है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सिर्फ अर्थव्यवस्थाओं को आगे बढ़ने में ही मदद नहीं करता, बल्कि इसके जरिए लोगों को दुनिया की संस्कृति को जानने तथा प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाने का अवसर भी मिलता है। इसके जरिए लोगों को एक-दूसरे को जानने का मौका मिलता है। गुतारेस ने कहा कि 2020 के पहले पांच महीनों में महामारी की वजह से अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की आवाजाही 50 प्रतिशत से भी अधिक घट गई है। क्षेत्र की आय बुरी तरह प्रभावित हुई है। गुतारेस ने कहा कि यह अमीर विकसित देशों के लिए एक 'बड़ा झटका है, लेकिन विकासशील देशों लिए तो 'आपात स्थिति है। इनमें कई छोटे द्वीपीय विकासशील देश और अफ्रीकी देश शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कुछ देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन क्षेत्र का हिस्सा 20 प्रतिशत से अधिक है।

## कोरोना काल में बढ़ी भारतीय मसालों की मांग, हल्दी की बिक्री 40 प्रतिशत बढ़ी

**बिजनेस डेस्क।**

कोरोना काल और बारिश के दौरान लोगों ने अपने शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के उपायों पर खूब अमल किया है। रिपोर्ट ऐसी आई है कि इस दौरान लोगों ने मसालों और भारतीय परंपरागत खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल बढ़ाया है। इससे शरीर की रोग प्रतिरोधी क्षमता तो मजबूत हुई ही, भारतीय मसालों की भी बिक्री बढ़ गई है। बाजार का सर्वेक्षण करने वाली कम्पनी नीलसन की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान माहमारी से लडने के लिए निवारक उपाय के रूप में सुरक्षा, स्वास्थ्य और शरीर की प्रतिरक्षा पर सबसे अधिक ध्यान दिया जा रहा है। शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करने के घरेलु नुस्खों में हल्दी का उपयोग पुराने समय से किया जा रहा है। इन दिनों कई लोगों ने हल्दी दूध या काढ़े बनाने के लिए हल्दी का इस्तेमाल बढ़ाया है। हल्दी और दूसरे मसालों के साथ-साथ काली मिर्च, अदरक, लहसून, तुलसी, पुदीना आदि को भी एंटीसैप्टिक, जीवाणुरोधी गुणों के लिए पहचाना जाता है। यह पदार्थ मानसून के दौरान बीमारियों को दूर रखने में मदद करते हैं इसलिए उनकी मांग भी काफी बढ़ चुकी है। जिन भारतीय मसालों की मांग इस समय बढ़ रही है, उनमें हल्दी की मांग में खास तेजी देखी गई है। पिछले कुछ महीनों में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर इसकी मांग में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नीलसन रिपोर्ट में यह भी पाया गया है कि अगले 6 महीनों तक अधिकांश ग्राहक सुरक्षा और प्रतिरक्षा बढ़ाने की आदतों को जारी रखेंगे। मानसून के दौरान प्रतिरक्षा को बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल बढ़ाने की प्रवृत्ति के बारे में टाटा संपन्न की न्यूट्रिशन एक्सपर्ट कविता देवगण का कहना है कि भारतीय तरीके के पोषक आहार में पौष्टिक शक्ति से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाता है। इससे न केवल प्रतिरक्षा में सुधार होने में मदद होती है बल्कि सर्वगुण संपन्न स्वास्थ्य भी पाया जा सकता है। घर में पकाया जाने वाला सादा भोजन स्वास्थ्य की सुरक्षा में सबसे आगे रहता है, साथ ही शरीर के व्यापक कल्याण और पोषण में सहायक होता है। देवगण का कहना है कि सही खाद्य पदार्थ चुनना भी महत्वपूर्ण है ताकि मानसून के साथ आने वाली बीमारियों को दूर रखा जा सकें। उदाहरण के तौर पर अच्छी हल्दी, जो सेलम से लाई जाती है, में प्राकृतिक तेल बचाकर रखा जाता है। शरीर के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत रखने के लिए आवश्यक करक्यूमिन इस हल्दी में 3 प्रतिशत होता है।

# फ्लैट देने में देरी हुई तो बिल्डर्स सालाना 6फीसदी ब्याज होम बायर्स को देगा:सुप्रीम कोर्ट

**बिजनेस डेस्क।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक ऐसा फैसला लिया जिससे बड़े बिल्डर्स को सबक मिलेगा। कोर्ट ने कहा कि अगर बिल्डर वक्त पर फ्लैट की डिलीवरी नहीं कर पाते हैं तो उन्हें फ्लैट की कॉस्ट पर हर साल बायर्स को इंटरेस्ट पेमेंट करना होगा। अभी तक फ्लैट की डिलीवरी में देर होने पर बिल्डर्स फ्लैट के साइज के हिसाब से मामूली रकम पेनाल्टी के तौर पर देता था। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और केएम जोसेफ की एक बेंच ने डीएलएफ सदर्न होम्स प्राइवेट लिमिटेड और एनाबेल बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को हर साल बायर्स को फ्लैट की कॉस्ट पर 6 फीसदी इंटरेस्ट देने को कहा है। ये दोनों बिल्डर्स बेंगलुरु में फ्लैट बना रहे हैं।बेंच ने कहा कि जिन बायर्स की फ्लैट डिलीवरी में 2 से 4 साल की देरी हो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निस्तारण आयोग के दो जुलाई 2019 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया जिसमें 339 फ्लैट खरीददारों की शिकायत खरिज करते हुए कहा कि वे विलंब या वादे के अनुरूप सुविधाएं नहीं मिलने की स्थिति में फ्लैट खरीद समझौतों में निर्धारित की गई राशि से अधिक मुआवजे के हकदार नहीं हैं। बेंच ने कहा



कि फ्लैट डिलीवरी में देरी होने पर 5 रुपए प्रति स्क्वायर फुट के हिसाब से बिल्डर पहले की तरह पेनाल्टी देंगे।

इसके साथ ही बिल्डर्स को अब फ्लैट की कॉस्ट पर सालाना 6 फीसदी का इंटरेस्ट भी होम बायर्स को चुकाना होगा। बेंच ने कहा कि शुरुआत में बिल्डर्स को सालाना 6 फीसदी इंटरेस्ट देना होगा। लेकिन फ्लैट पजेशन में 36 महीनों से ज्यादा की देरी होती है तो पजेशन तक कंपाउंड इंटरेस्ट के हिसाब से पेनाल्टी देनी होगी।

## हेल्थ ग्रुप की जीएसटी परिषद से अपील, तंबाकू उत्पादों पर क्षतिपूर्ति उपकर बढ़ाया जाए

**नई दिल्ली।**

अर्थशास्त्रियों और डाक्टरों के सार्वजनिक स्वास्थ्य समूहों ने जीएसटी परिषद से आग्रह किया है कि सभी तंबाकू उत्पादों पर क्षतिपूर्ति उपकर बढ़ाया जाना चाहिये। इससे 49,740 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर राजस्व जुटाने में मदद मिलेगी। उनका कहना है कि इस प्रकार मिलने वाले राजस्व से कोविड- 19 महामारी के दौरान राज्यों की बढ़ती राजस्व जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा और केन्द्र पर राज्यों के इस मद में रहे बकाये का भी निपटारा हो सकेगा। क्षतिपूर्ति उपकर जीएसटी व्यवस्था का वाले राज्यों को कर राजस्व में होने वाले नुकसान करने वाले राज्यों को कर राजस्व में होने वाले नुकसान की भरपाई की जाती है। अर्थशास्त्रियों और डाक्टरों सहित विभिन्न स्वास्थ्य समूहों ने जीएसटी परिषद से अपील की है कि वह अपनी आगामी बैठक में बीड़ी पर भी क्षतिपूर्ति उपकर लागू करे। इसके साथ ही सिगरेट पर मौजूदा क्षतिपूर्ति उपकर में वृद्धि करे और धुंआ रहित तंबाकू उत्पादों पर भी इसकी दर बढ़ाये। अर्थशासत्री और स्वास्थ्य नीति विश्लेषक रिजो जॉन का कहना है कि कोविड-19 भारत द्वारा अब तक महसूस किये गये आर्थिक झटकों में सबसे बड़ा झटका है। अर्थशासत्री और स्वास्थ्य नीति विश्लेषक रिजो जॉन का कहना है कि कोविड- 19 भारत द्वारा अब तक महसूस किये गये आर्थिक झटकों में सबसे बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि इस महामारी की वजह से केन्द्र और राज्य दोनों की राजस्व प्राप्ति पर बुरा असर पड़ा है। इसके कारण केन्द्र सरकार विभिन्न राज्यों को उनकी राजस्व भरपाई के लिये क्षतिपूर्ति उपकर वितरित नहीं कर पा रही है।

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## आईपीएल 13 : दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज को बनाया नया बॉलिंग कोच

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को अपने नए गेंदबाजी कोच की घोषणा कर दी है। दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज रयान हैरिस को नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने कहा, जेम्स होप्स जोकि 2018 और 2019 में टीम के गेंदबाजी कोच थे, उन्होंने निजी कारणों से इस साल टीम के साथ ट्रेवल करने से मना कर दिया। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़ने के बाद हैरिस ने कहा कि उन्हें खुशी है को वह आईपीएल में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रतिष्ठित आईपीएल ट्रॉफी जीतने की फ्रेंचाइजी की महत्वाकांक्षाओं में योगदान करने का यह मेरे लिए बहुत बड़ा अवसर है। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी लाइन प्रभावशाली रही है और मैं उन सभी के साथ काम करने की प्रतीक्षा नहीं कर सकता। हैरिस के करियर पर एक नजर दौड़ाई जाए तो उन्होंने 113 टेस्ट विकेट्स, वनडे में 44 विकेट्स और टी20 इंटरनेशनल में 4 विकेट्स अपने नाम किए हैं। साल 2009 वह डेक्कन चार्जर्स का हिस्सा थे जिन्होंने खिताब जीता था। हालांकि इसके बाद चोटों के कारण मजबूरी में उन्हें 2015 में संन्यास लेना पड़ा था।

टूर्नामेंट

# जोकोविच की जीत के साथ वापसी, सेरेना और ओसाका को जीत के लिए करना पड़ा संघर्ष



**न्यूयार्क ।**

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गर्दन में दर्द और प्रत्येक सेट में पिछड़ने के बावजूद वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिचर्ड बेरानकिस पर 7-6 (2), 6-4 की जीत से एटीपी टूर में वापसी की। महिला वर्ग में सेरेना विलियम्स और नाओमी ओसाका को जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा जबकि मौजूदा चैंपियन मेडिसन कीज बाहर हो गई कोरोना वायरस महामारी के कारण जोकोविच 6 महीने बाद अपना पहला एटीपी मैच खेल रहे थे। गर्दन में दर्द के कारण वह रविवार को युगल मुकाबले से हट गए थे। जोकोविच का 2020 का रिकार्ड अब 19-0 हो गया है ओर वह यूएस ओपन में 6 खिताब जीतने की तैयारियों में जुटे हैं। यूएस ओपन फ्लाशिंग मीडोज पर ही 31 अगस्त से शुरू होगा। ओहियो में होने वाला वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन भी यहीं पर खेला जा रहा है। जब टेनिस प्रतियोगिता नहीं चल रही थी तब जोकोविच को जून में सर्बिया और क्रोएशिया मंग प्रदर्शनी मैचों में भाग लेने के बाद कोविड-19 से संक्रमित पाया गया था। महिला टूर की शुरुआत इस महीने के शुरू में हो गई थी लेकिन पुरुषों का यह पहला टूर्नामेंट है। इसमें अभी तक कई चौंकाने वाले परिणाम मिले हैं। इनमें मौजूदा महिला चैंपियन मेडिसन कीज की हार भी है जिन्हें सोमवार की रात को औंस जाबेर ने 6-4, 6-1 से हराया। इससे पहले पुरुष वर्ग में तीन बार ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले डोमिनिक थीम को फिलिप क्राजिनोविच ने 6-2, 6-1 से हराया। एंडी मर्रे ने विश्व के नंबर पांच अलेक्सांद्र जेवरेव को 6-3, 3-6, 7-5 से पराजित करके बाहर का रास्ता दिखाया। जोकोविच की तरह सेरेना और ओसाका को भी जीत के लिए पसीना बहाना पड़ा जबकि दो बार की विबंलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा हार गयी। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त कारोलिना पिलिसकोवा और सोफिया केनिन रविवार को ही बाहर हो गयी थी। सेरेना ने नीदरलैंड की क्वालीफायर और विश्व में 72वें नंबर की अंरात्सा रस को तीन सेट तक चले मैच में 7-6 (6), 3-6, 7-6 (0) से हराया। यह मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। सेरेना ने 2012 में फ्रेंच ओपन में वर्जीनिया रज्जानो के खिलाफ तीन घंटे तीन मिनट तक चले मैच के बाद पहली बार किसी एक मैच के लिये कोर्ट पर इतना समय बिताया। ओसाका ने भी कारोलिना मुचोवा को तीन सेट में 6-7 (5), 6-4, 6-2 से हराया।

जोकोविच का सामना अब अमेरिका के टेनिस सैंडग्रेन से होगा जिन्होंने 15वीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलिसीमे को 6-7 (4), 6-2, 7-6 (5) से शिकस्त दी।

## वसीम जाफर का झलका दर्द- प्रदर्शन में निरंतरता रहती तो खेल जाता 100 से ज्यादा टेस्ट

**जयपुर ।**

भारत के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर का मानना है कि अगर वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता रख पाते तो वह देश के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल सकते थे। जाफर ने एक शो के दौरान कहा- मैं ऐसा नहीं था। अगर मैं होता, तो मैं 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुका होता। मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार ऐसा नहीं था, इसलिए मैं हार गया। मैं जितनी देर तक खेला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से ज्यादा अपने प्रथम श्रेणी के करियर के लिए मशहूर हुआ। जाफर के नाम 19,000 से अधिक रन है। वह 260 प्रथम श्रेणी मैचों में 50.67 की औसत के साथ रन बना चुके हैं। 314 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने 31 टेस्ट मैचों में भारत के लिए 34.11 की औसत से 1944 रन भी बनाए। जाफर ने कहा- 2012-13 में, मैं शिखर धवन के चयन के बहुत करीब पहुंच गया था। लेकिन मैं चूक गया। चयनकर्ता सबसे अच्छे लोग हैं, जो इसका जवाब दे सकते हैं। जाफर अभी उत्तराखंड के मुख्य कोच बने हैं। नई भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा- यह काफी रोमांचक है, कुछ ऐसा है जो मेरे लिए बहुत नया है। भले ही,मैंने कोचिंग में अपना हाथ आजमाया है, लेकिन हेड कोच पहली बार है। मैंने कोचिंग में अपना हाथ आजमाया है, लेकिन हेड कोच पहली बार है। मैंने कुछ बैटिंग कंसल्टेंसी की हैं और मैंने कोचिंग में कुछ भूमिका निभाई है, लेकिन पूरी तैयारी कर रहा हूं। टीम काफी रोमांचक और चुनौतीपूर्ण है, इसलिए मैं इसके लिए उत्सुक हूं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13 वें संस्करण के बारे में जाफर ने कहा- यह टूर्नामेंट बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह टैलेंट को मंच प्रदान करता है।

हालांकि, उन्हें लगता है कि युवाओं को अपनी प्राथमिकताएं सही रखनी चाहिए। आईपीएल में उनके प्रदर्शन के कारण टेस्ट क्रिकेट में किसी खिलाड़ी को चुना जाना गलत बात है। मुझे लगता है कि अगर वह आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो शायद हम उन्हें सफेद गेंद के प्रारूप में देख सकते हैं।

## आईपीएल में डोप परीक्षण : यूएई में रहेंगे नाडा के अधिकारी

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के तीन अधिकारी और छह डोप नियंत्रण अधिकारी (डीसीओ) 19 सितंबर से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों के नमूने लेने के लिये संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाएंगे। नाडा के सूत्रों के अनुसार एजेंसी दस नवंबर तक चलने वाले इस टी20 टूर्नामेंट में प्रतियोगिता के दौरान और प्रतियोगिता से इतर कम से कम 50 नमूने एकत्रित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'नाडा के 9 लोग यूएई में रहेंगे और अगर उन्हें जरूरत पड़ी तो वे यूएई के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन की मदद भी लेंगे। नाडा की तीन स्थलों में से प्रत्येक स्थल पर तीन टीमें होंगी जिसमें एक अधिकारी और दो डीसीओ शामिल होंगे। इसके अलावा स्थानीय डोपिंग रोधी संगठन के कर्मचारी भी प्रत्येक स्थल पर रहेंगे। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया कि इसका पूरा खर्चा नाडा वहन करेगा या बीसीसीआई इसमें योगदान देगा क्योंकि टूर्नामेंट भारत से बाहर आयोजित किया जा रहा है। भारत में नमूने एकत्र करने, परिवहन और परीक्षण का खर्चा नाडा वहन करता है। सूत्रों ने बताया, 'नाडा के अधिकारियों को बीसीसीआई के जैव सुरक्षित वातावरण में ही रहने के लिये कहा जाएगा। नाडा ने बीसीसीआई से यूएई में पांच डोप नियंत्रण स्टेशन तैयार करने के लिए कहा है। इनमें से तीन अबुधाबी, शारजाह और दुबई के मैच स्थल पर जबकि दो दुबई और अबुधाबी में अभ्यास केंद्रों पर होंगे। नमूनों की संख्या भले ही सीमित हो सकती है लेकिन संभावना है कि बीसीसीआई कुछ रक्त नमूने भी एकत्रित कर सकता है क्योंकि दुबई से दोहा तक नमूनों को पहुंचाना आसान होगा। दोहा में वाडा से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला है।

# दिल्ली हाईकोर्ट के विरोध में उतरा खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ

**नई दिल्ली ।**

खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आई.ओ.ए.) का कहना है कि उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है जो मंत्रालय को राष्ट्रीय खेल संघों (एनएफएस) को मान्यता देने पर कोई भी निर्णय लेने से रोकता है। यह मामला 2010 में दायर एक याचिका से संबंधित है जिसमें अधिवक्ता राहुल मेहरा ने अदालत से केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि आईओए और एनएसएफ अपने कर्तव्यों का पालन करें ताकि देश में खेल प्रशासन में सुधार हो सके। इस साल फरवरी में, दिल्ली उच्च न्यायाल ने मंत्रालय को एनएसएफ पर अदालत के परामर्श के बिना कोई भी निर्णय लेने से रोक लगा दी थी। इसके बाद मंत्रालय को विभिन्न खेलों के 57 एनएसएफ को दी गई मान्यता वापस लेनी पड़ी, जिससे उनके प्रशासनिक कार्यों में बाधा पड़ी। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा- हम एक या दो दिन में विशेष अनुमति याचिका दायर करेंगे। हम दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दे रहे हैं जिसमें कहा गया है कि मंत्रालय अदालत को बिना बताए खेल संघों से संबंधित कोई भी निर्णय न लें। आईओए के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा और सचिव राजीव मेहता ने भी एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि वे भी शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे क्योंकि क्योंकि इस मामले में आईओए भी एक पक्ष है। बयान के मुताबिक -हम (आईओए) राहुल मेहरा मामले की याचिका के संबंध में जल्द ही माननीय




उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं। इससे पहले सात अगस्त को मंत्रालय ने सात अगस्त को उच्च न्यायालय से आदेश में बदलाव और कम से कम एनएसएफ को मान्यता प्राप्त करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था, लेकिन अदालत ने उस याचिका को खारिज कर दिया और राष्ट्रीय खेल संहिता अनुपालन रिपोर्ट की मांग की। इसके बाद मंत्रालय ने एनएसएफ को एक प्रश्नावली भेजकर उनके पदाधिकारियों की उम्र और कार्यकाल का विवरण मांगा। कुल 56 एनएसएफ ने इसका जवाब दिया। इस मामले की सुनवाई 21 अगस्त को उच्च न्यायालय में होनी थी। इसे हालांकि 18 सितंबर तक टाल दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार



### श्रीलंका के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज परानाविताना ने लिया संन्यास

**कोलंबो ।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज थरंगा परानाविताना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया है। बांए हाथ के बल्लेबाज परानाविताना ने 32 टेस्ट मैच में 32.58 के औसत से 1792 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल है। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 222 मुकाबलों में 14940 रन बनाए हैं। प्रथम श्रेणी में उन्होंने 40 शतक जड़े हैं। परानाविताना को 2009 में पाकिस्तान दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया था। इस सीरीज के दौरान हालांकि श्रीलंका टीम की बस पर आतंकी हमला हुआ था जिसमें वह भी घायल हुए थे। परानाविताना ने आखिरी बार 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

### वेस्टइंडीज के धमाकेदार बल्लेबाज क्रिस गेल का हुआ कोरोना टेस्ट, वीडियो शेयर कर बताया हाल



**जमैका ।** कोरोना वायरस से सक्रमित दुनिया के सबसे तेज फररटा धावक और आठ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट के जन्मदिन की पार्टी में शरीक होने वाले वेस्टइंडीज के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल का कोरोना टेस्ट नेगेटिव आया है। विंडीज और किंग्स इलेवन पंजाब के बल्लेबाज गेल ने आईपीएल के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना होने से पहले कोरोना टेस्ट कराया जो नेगेटिव आया है। वह अब समय से अपनी टीम से जुड़ पाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बोल्ट कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और इससे संक्रमित होने से एक दिन पहले उन्होंने जन्मदिन की पार्टी रखी थी जिसमें गेल भी शामिल हुए थे। टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले गेल ने इंस्टाग्राम पर अपने कोरोना टेस्ट का वीडियो पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। यूएई पहुंचने पर हवाई अड्डे में उनका टेस्ट किया जाएगा और उन्हें छह दिनों तक क्वारेंटीन में रहना होगा। इस दौरान उनका तीन बार कोरोना टेस्ट होगा और तीनों टेस्ट नेगेटिव आने पर वह टीम के साथ ट्रेनिंग शुरु कर सकेंगे।

### फीडे शतरंज ओलंपियाड - अर्मेनिया और ग्रीस के विजेता से होगा भारत का मुक़ाबला

**नई दिल्ली ।** भारत के साथ साथ अब अमेरिका ,रूस और अजरबैजान अलग अलग वर्गो में शीर्ष पर पहुँच गए है और अब हर कोई यही जानना चाहता है की आखिर इनसे अब कौन टकराने वाला है। फिलहाल भारत 17 अंक ,अजरबैजान 14 अंक , रूस 18 अंक और यूएसए 15 अंक के साथ वर्ग के टॉप पर रहे नियम के अनुसार पूल ए पर शीर्ष पर रहे भारत को पूल सी की तीसरे और पूल डी की दूसरे स्थान पर आई टीम के बीच होने वाले मैच के विजेता से क्वाटर फाइनल में खेलना होगा तो मतलब यह हुआ की ग्रीस और अर्मेनिया में से कोई एक भारत से क्वाटर फाइनल में मुक़ाबला खेलेगा और अगर हम जीते तो सेमी फाइनल मे भारत का सामना पोलेंड ,बुल्गारिया और अजरबैजान से हो सकता है । इसी तरह बुल्गारिया पोलैंड का विजेता अजरबैजान से हंगरी और जर्मनी का विजेता रूस से तो चीन और उक्रेन का विजेता यूएसए से क्वाटर फाइनल खेलेगा । इसी तरह बुल्गारिया पोलैंड का विजेता अजरबैजान से हंगरी और जर्मनी का विजेता रूस से तो चीन और उक्रेन का विजेता यूएसए से क्वाटर फाइनल खेलेगा । भारतीय टीम का शीर्ष क्रम दुनिया की किसी भी टीम के शीर्ष क्रम से लोहा ले सकता है ,विश्वनाथन आनंद किसी भी बड़े मैच में बड़ी भूमिका निभा सकते है जबकि हरिकृष्णा और विदित नें अब तक बेहद शानदार खेल दिखाया है । महिला वर्ग मे कोनेरु हम्पी ,हारिका द्रोणावल्ली और भक्ति कुलकर्णी त महिला वर्ग मे कोनेरु हम्पी ,हारिका द्रोणावल्ली और भक्ति कुलकर्णी तो जूनियर वर्ग मे प्रग्गानंधा ,निहाल सरीन ,दिव्या देशमुख और वन्तिका अग्रवाल गज़ब की लय मे नजर आ रहे है ।

# अश्विन ने पोंटिंग से फोन पर की बात, कहा- अगले सप्ताह करूंगा खुलासा



**दुबई ।**

भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि उन्होंने नॉन स्ट्राइकर छोर पर गेंद करने से पहले आगे निकलने वाले बल्लेबाज को आउट करने के विवादास्पद मसले पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने कोच रिकी पोंटिंग से बात की लेकिन वह टेलीफोन पर हुई अपनी बातचीत के सार का अगले सप्ताह खुलासा करेंगे। अश्विन की टीम दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग ने कहा था कि वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 19 सितंबर से शुरू होने वाले आईपीएल से पहले बल्लेबाजों को आउट करने के इस विवादास्पद तरीके को लेकर इस भारतीय स्पिनर से बात करेंगे। तब से यह चर्चा का विषय बना हुआ है। अश्विन ने पिछले साल आईपीएल में इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर को नॉन स्ट्राइकर छोर पर क्रीज से काफी आगे निकलने के बाद रन आउट कर दिया था और तब कई ने इसे खेल भावना के विपरीत बताया था। अश्विन दुबई पहुंच चुके हैं लेकिन पोंटिंग को अगले सप्ताह वहां पहुंचना है और इसके बाद वे आपस में बैठकर बात करेंगे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''रिकी पोंटिंग अभी (दुबई) नहीं पहुंचे हैं। जब वह पहुंच जाएंगे तो हम उनके साथ बात करेंगे। हम फोन पर पहले ही बात कर चुके हैं। यह बातचीत बेहद दिलचस्प रही थी। इस स्पिनर ने कहा कि आमने सामने बातचीत करना बेहतर है क्योंकि आस्ट्रेलियाई लहजे की अंग्रेजी का अनुवाद में अर्थ का अनर्थ बन सकता है। उन्होंने कहा, 'कई बार ऐसा होता है कि अंग्रेजी में आस्ट्रेलियाई संदेश अनुवाद में खो जाता है और हमारे पास भिन्न अर्थ के साथ पहुंचता है। यहां तक कि उनके कुछ मजाक समाचार बन जाते हैं। यह मामला भी ऐसा ही है और रिकी के साथ अपनी बातचीत का अगले सप्ताह मैं थोड़ा और खुलासा करूंगा। पोंटिंग ने कहा था कि उनकी अश्विन के साथ इस मसले को लेकर कड़ी बातचीत होगी और वह उन्हें दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से बल्लेबाजों को इस तरह से रन आउट करने की अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह खेल भावना के विपरीत है। अश्विन ने सोमवार को बल्लेबाज के गेंद करने से पहले क्रीज से आगे निकल जाने पर गेंदबाज को 'फ्री बॉल देने का सुझाव दिया और इस तरह से उन्होंने साफ कर दिया कि बल्लेबाज को इस तरह से रन आउट करना गलत नहीं है।

## साइ ने हॉकी इंडिया के हाई परफोरमेंस निदेशक के रूप में डेविड जॉन का इस्तीफा स्वीकार

**नयी दिल्ली।**

भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने मंगलवार को कहा कि उसने हॉकी इंडिया के हाई परफोरमेंस निदेशक के रूप में ऑस्ट्रेलिया के डेविड जॉन का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। जॉन ने भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए 18 अगस्त को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया था। साइ ने कहा, '' उन्होंने भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामले के बीच अपने स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताते हुए इस्तीफा दिया है और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया वापस जाने की इच्छा व्यक्त की है।'' सूत्रों के अनुसार, जॉन ने साइ के द्वारा उनके अनुबंध का बढ़ाये जाने के बाद राष्ट्रीय महासंघ के शीर्ष अधिकारियो के साथ मतभेदों के कारण इस्तीफा दे दिया। साइ ने हाल में जॉन का अनुबंध सितंबर 2021 तक बढ़ा दिया था लेकिन इस आस्ट्रेलियाई ने यह कहते हुए पद से इस्तीफा दे दिया कि लंबे समय से हॉकी इंडिया उनकी अनदेखी कर रहा था। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया , ''डेविड (जॉन) लंबे समय से निराश महसूस कर रहे थे क्योंकि हॉकी इंडिया उनकी अनदेखी कर रहा था। हॉकी इंडिया के शीर्ष अधिकारियों द्वारा टीम के संबंध में महत्वपूर्ण फैसलों में उनकी अनदेखी की गयी थी।'' उन्होंने कहा, ''डेविड को टीम फैसलों में शामिल नहीं किया जाता था और वह सिर्फ कोचों और खिलाड़ियों के लिये ऑनलाइन क्लास ही लेते थे।

कोविड-19 महामारी के कारण पांच महीने के ब्रेक से उन्हें निर्णय करने में आसानी हुई। '' जॉन को अपने पद के लिये 12,000 डॉलर का मासिक वेतन मिल रहा था ।

## जमशेदपुर एफसी ने गोलकीपर पवन कुमार के साथ किया करार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2020-21 सत्र के लिए अनुभवी गोलकीपर पवन कुमार के साथ करार किया है। पवन इससे पहले नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी के साथ थे, जहां उन्होंने दो सत्र में 18 मैचों में 46 गोल बचाए। इसमें छह मैचों में उनकी टीम के खिलाफ कोई गोल नहीं हुआ। तीस साल के इस गोलकीपर के दमदार खेल से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड 2018-19 सत्र में प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रहा था। पंजाब के गुरदासपुर के पवन आईएसएल खिताब को दो बार जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। वह आई-लीग और फेडरेशन कप में भी विजेता टीम के सदस्य रहे हैं। क्लब स्तर के 53 मैचों में 17 बार उनकी टीम के खिलाफ कोई गोल नहीं हुआ। पवन ने कहा, 'पिछले तीन सत्रों में क्लब की प्रगति को देखते हुए, मैं इससे जुड़ना चाहता था। यह एक सपने के सच होने जैसा है। यह मेरे लिए एक बड़ी चुनौती है क्योंकि मैं जानता हूं कि हम चैंपियन बनने के लिए आईएसएल प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफाई करना चाहते हैं। आठ साल के करियर में उन्होंने सालगांवकर के साथ शुरुआत करने बाद बेंगलुरु जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने गोलकीपर की क्षमताओं की तारीफ करते हुए कहा, 'पवन ने कई सत्र में यह साबित किया है कि वह भारत में बेहतरीन गोलकीपरों में से एक हैं।

# पंजाब सरकार पर भड़की बॉक्सर सिमरनजीत, कहा- टिक टॉक बनाने वालों के लिए पैसे हैं, हमारे लिए नहीं



**स्पोर्ट्स डेस्क ।**

पंजाब के मख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 5 महीने पहले ओलिंपिक मुक्केबाज सिमरनजीत कौर को नौकरी देने की बात कही थी लेकिन अभी तक उसे पूरा नहीं किया गया है। इस पर पंजाब सरकार के खिलाफ भड़ास निकालते हुए बॉक्सर सिमरजीत ने कहा कि उनके पास टिक टॉक बनाने वालों के लिए तो पैसे हैं लेकिन हमारे लिए नहीं। तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालिफाइ करने वाली सिमरनजीत ने अपनी आर्थिक हालत ठीक नहीं होने की जानकारी दी थी जिसके बाद अमरिंदर सिंह ने ट्वीट करते हुए कहा था कि भारतीय बॉक्सर की सहायता करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था, मैंने खेल सचिव को तुरंत निर्देश दिए है कि क्या किया जा सकता है। क्रिकेटर हरभजन सिंह, खेल मंत्री किरन रीजिजू ने उस समय मीडिया का आभार भी व्यक्त किया था। सिमरनजीत का इस बारे में दावा है कि उन्हें राज्य सरकार की तरफ से कोई सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा, मुझे उनके मानदंड के बारे में कुछ नहीं पता है। मुझसे 5 लाख रुपए देने का वादा किया गया था लेकिन किसे परवाह है? जबकि, टिक टॉक सितारों को समय पर पंजाब सरकार से अपना पैसा मिल गया। उन्होंने कहा, जब मैं मार्च में सीएम से मिली थी तो मुझे पंजाब सरकार में नौकरी देने की भी बात कही गई थी, लेकिन एक बार फिर किसे परवाह है? वे हमें क्यों चाहते हैं, एथलीट्स जो चाहते हैं या वादा किया है, उसके लिए भीख मांगें। बॉक्सर ने कहा, मुझे अभी तक लिखित आश्वासन नहीं मिला है। लिखित में एक भी पेपर नहीं दिया। मुझे नहीं पता कि किससे मिलना है या अनुरोध करना है।

मैं ज्यादा कुछ नहीं कर सकती। लॉकडाउन ने सब कुछ, हर जगह रोक दिया है, तो आइए देखें कि यह सब कब खत्म होता है और कब मुझे नौकरी मिलती है। उन्हें समझना चाहिए मुझे वास्तव में इसकी (नौकरी) आवश्यकता है। लुधियाना के चक्कर गांव की रहने वाली सिमरनजीत के परिवार में 5 लोग हैं जिसमें 2 छोटे भाई, बड़ी बहन और मां शामिल हैं। एक स्थानीय किराना दुकान में काम करने वाले उसके पिता की जुलाई 2018 में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। तब से परिवार पूरी तरह से इस बात पर निर्भर है कि सिमरनजीत अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने से क्या कमाती है। इस समय सिमरनजीत नेशनल कैम्प पटियाला में है। उनके मुताबिक, ट्रेनिंग बढ़िया चल रही है। उन्होंने कहा, मैं टोक्यो खेलों में पदक जीतना चाहता हूं। राष्ट्रव्यापी बंद के कारण लंबे इंतजार के बाद प्रशिक्षण फिर से शुरू करना बहुत अच्छा था।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



# मां के सपनों को वाणी कपूर ने कर दिखाया सच, सुशांत की फिल्म से किया था डेब्यू

बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर (Vaani Kapoor) जब 70 किलो की थीं, मोटे तौर पर उन्हें अपनी उम्र की लड़कियों के बीच मोटी ही कहा जाता होगा. दांतों का शेप भी ठीक नहीं था... उनको ठीक करने के लिए लंबे समय तक ब्रासेज लगाने पड़े थे और ऐसे में उनकी मां ने जब उनसे कहा कि तुम्हें मॉडलिंग करनी चाहिए, तो वो काफी चौंक गई थीं. मां और बाप के लिए अपने बच्चे खूबसूरत ही होते हैं, लेकिन उनकी मां उनकी लंबाई को लेकर काफी उत्साहित थीं. अब भी गूगल पर वाणी को लेकर सबसे सर्च किया जाने वाला सवाल भी यही है कि उनकी लम्बाई कितनी है.

मां के कहने पर वो एलीट मॉडलिंग मैनेजमेंट कंपनी में चली तो गईं, लेकिन उनको लग नहीं रहा था कि उनका वजन और दांतों मे ब्रास देखने के बाद भी वो उन्हें मॉडलिंग की ट्रेनिंग देने के लिए राजी होंगे, पर वो राजी हो गए और वहां से वाणी कपूर के लिए रास्ते खुलने शुरू हो गए. सबसे पहले वजन पर तेजी से काम किया गया. ट्रेनिंग पूरी होने के बाद वाणी ने अपनी तस्वीरों का एक प्रोफाइल बनवाया और जाहिर है, जो सबकी पहली मंजिल होती है और सपना भी, उन्होंने उन तस्वीरों को वहीं भिजवा दी, यानी यश चोपड़ा के प्रोडक्शन हाउस में.तस्वीरों को देखकर उन्हें उन लड़कियों में चुन लिया गया, जिनको कि अगले प्रोजेक्ट में लिया जाना था. वो यशराज फिल्म्स में वर्कशॉप के लिए रोज जाने लगीं. घर में जैसे कपड़े पहने जाते हैं, वैसे ही, लेकिन एक दिन उन्हें पता चला कि आदित्य चोपड़ा से मीटिंग है, तो वो काफी मेकअप करके और सज धज के आईं. वहां वाणी को देखकर आदित्य ने पूछ ही लिया कि किसी पार्टी मे जाना है क्या ? इतना तैयार होकर आने की क्या जरूरत थी ?

आदित्य ने कहा, 'मैं तुम्हें नेचुरल देखना चाहता था', लेकिन बाद में आदित्य सहज हो गए और उनको काफी टिप्स दिए. वाणी की किस्मत खुलने वाली थी. उनको पहला मौका मिला 'शुद्ध देसी रोमांस' में सुशांत राजपूत और परिणिति चोपड़ा की मूवी में, निम्न मध्यमवर्गीय परिवार की एक ऐसी लड़की के किरदार का जो मुंहफट है, बिंदास है, कुछ भी बोल देती है और माफी भी नहीं मांगती, लेकिन उस मूवी के सेट पर उनको डायरेक्टर मनीष शर्मा का बेहद खौफ रहता था. कैमरे के सामने वो काफी नर्वस हो जाती थीं. धीरे-धीरे कॉन्फिडेंस बढ़ने लगा और डर, नर्वसनेस खत्म होने लगी.

यशराज कैम्प से उनका 3 फिल्मों का कांट्रैक्ट साइन हुआ था. रणवीर सिंह के साथ 'बेफिक्रे' का ट्रेलर जबरदस्त था, एक बिंदास लड़की के तौर पर वो नोटिस में भी आईं, लेकिन फिल्म ज्यादा चली नहीं. अगला मौका मिला उन्हें यशराज कैम्प की ही 'वॉर' में, ऋतिक रोशन के अपोजिट. मूवी तो सुपरहिट रही, लेकिन टाइगर श्रॉफ और ऋतिक की भिडंत में उनका रोल छोटा महसूस हुआ. ऐसे में अभी तक आम जनता उनसे उतनी कनेक्ट नहीं हो पाई है. ये अलग बात है कि तीन बड़ी फिल्मों में दिखने की वजह से, रणवीर सिंह और ऋतिक रोशन की हीरोइन बनने से लोग उन्हें जानने लगे हैं. इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स भी 4 मिलियन होने वाले हैं.

ऐसे में उनको जरूरत है ऐसी फिल्मों की, जहां उनका किरदार दमदार हो. अगली मूवी 'शमशेरा' यूं तो अप्रैल मे रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना संकट के चलते अटक गई है. 'शमशेरा' में उनके अपोजिट हैं रणबीर कपूर. इस मूवी में रणबीर कपूर डबल रोल में हैं और साथ ही फिल्म में संजय दत्त भी हैं. कहानी है आजादी से पहले अंग्रेजों से अपने अधिकारों और आजादी के लिए लड़ने वाले एक डाकू गैंग की. ऐसे में वाणी के लिए एक डांसर के रोल में खुद को उभारना होगा.

'बैलबॉटम' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है. अक्षय कुमार की इस मूवी में वाणी के साथ-साथ लारा दत्ता और हुमा कुरैशी भी हैं. ऐसे में इस स्पाई थ्रिलर मूवी मे भी उनको तीन हीरोइंस के बीच अपना हुनर साबित करना मुश्किल होगा, लेकिन ये दोनों ही बड़े स्टार्स की मूवी हैं और वाणी के पास ये बेहतरीन मौके भी है कि कैसे वो अपने रोल्स से लोगों का दिल जीत लें और इंडस्ट्री में अपनी जगह पक्की करें. वैसे भी दिल्ली में पली बढ़ी इस लड़की को मुंबई के रंग ढंग समझने में वक्त तो लगेगा ही.

वाणी के पिता दिल्ली में फर्नीचर एक्सपोर्ट का बिजनेस करते हैं. मां टीचर रही हैं और ये मां ही थी जो अपनी बेटी को मॉडल बनाना चाहती थीं. 12वीं के बाद उनको इग्नू से ट्रेवल मैनेजमेंट का कोर्स करवाया और इंटर्नशिप ओबेरॉय होटल में मिली. कुछ वक्त तक वहां काम भी किया, लेकिन मां की आंखों में एक सपना था, जिसके चलते एक मोटी लड़की ने कड़ी मेहनत से खुद को एक स्लिम ट्रिम लड़की में बदला और तब जाकर वो सपना पूरा हुआ. वाणी को हमारी ओर से जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं.

# पहले लीक हुई रिया चक्रवर्ती की चैट, अब वायरल हो रहा महेश भट्ट और जिया खान का VIDEO

**हाल ही में रिया चक्रवर्ती और महेश भट्ट (Mahesh Bhatt) की वॉट्सऐप चैट वायरल होने के बाद यह कयास लगाए जाने लगे कि रिया खुद ही सुशांत से अलग होकर गई थीं.**




बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत (Sushant Singh Rajput) ने 14 जून को मुंबई में अपने फ्लैट में फांसी लगाकर जान दे दी थी. उससे पहले 8 जून को रिया चक्रवर्ती (Rhea Chakraborty) ने उनका घर छोड़ दिया था. अभी तक ये कहा जा रहा था कि सुशांत के कहने पर रिया ने ऐसा किया था और वे इस रिश्ते से बहुत खुश नहीं थे, लेकिन रिया चक्रवर्ती और महेश भट्ट (Mahesh Bhatt) की वॉट्सऐप चैट वायरल होने के बाद यह कयास लगाए जाने लगे कि रिया खुद ही सुशांत से अलग होकर गई थीं.

वहीं, अब महेश भटट् का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह जिया खान के साथ नजर आ रहे हैं. बता दें, बॉलीवुड एक्ट्रेस जिया खान ने 3 जून 2013 को मुंबई में अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी. महेश भट्ट इस वायरल वीडियो में जिया खान के काफी करीब बैठे दिख रहे हैं. इस दौरान महेश भट्ट जिया खान को कभी गले लगा रहे हैं तो कभी उनका हाथ पकड़ते नजर आ रहे हैं. इस वीडियो को देख नेटिजन्स अब महेश भट्ट को जमकर ट्रोल कर रहे हैं.

बता दें, सुशांत सुसाइड मामला सीबीआई के पास जाने से कुछ दिन पहले ही जिया खान की मां राबिया ने अपनी एक पोस्ट में लिखा था, जिया खान और सुशांत के नार्सस्टिक क्रिमिनल पार्टनर्स ताकतवर बॉलीवुड माफयिा और नेताओं से जुड़े हैं. राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस सच सामने नहीं ला पा रही है. उन्होंने अपना पूरा समय सबूत मिटाने और इस हिंसक मौत को आत्महत्या करार देने में बिताया है. अपनी इस मनगढ़ंत कहानयिों के समर्थन के लिए वो बॉलीवुड माफयिा और उनके सिंडकिट मीडयिा का सहारा लेते हैं. डिप्रेशन कहानी के प्रचार के लिए ये लोग महेश भट्ट को एंकर की तरह इस्तेमाल करते हैं.

# फिल्मी करियर के 11 साल पूरे होने पर Shruti Haasan ने ऐसी बात क्यों कही?

**श्रुति हासन (Shruti Haasan) ने एक अभिनेत्री के रूप में काम करते हुए 11 साल पूरे कर लिए हैं.**



बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रुति हासन (Shruti Haasan) का कहना है कि हर पेशे में कोई न कोई कीमत चुकानी ही पड़ती है. श्रुति ने कहा, 'मुझे लगता है कि आप जिस चीज का त्याग करने के लिए तैयार हैं वह आपकी व्यक्तिगत पसंद है, लेकिन हर प्रोफेशन में किसी न किसी चीज का त्याग तो करना पड़ता है.' दिग्गज स्टार कपल कमल हासन और सारिका की बेटी श्रुति हसन ने कहा कि ज्यादातर लोगों को अपना व्यक्तिगत जीवन कुर्बान करना पड़ता है.

उन्होंने आगे कहा, 'जिन चीजों के साथ आप समझौता करते हैं, उसमें ज्यादातर वह चीज समय और रिश्ते होते हैं. फिर चाहे आप एक बैंक में काम करते हों या फिल्मों में.' श्रुति ने एक अभिनेत्री के रूप में काम करते हुए 11 साल पूरे कर लिए हैं. वह कहती हैं कि वह हमेशा खुद को बेहतर बनाना चाहती हैं.अभिनेत्री ने हाल ही में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई फिल्म 'यारा' में अभिनय किया है. इस फिल्म में विद्युत जामवाल, केनी बसुमतारी, विजय वर्मा और अमित साध भी हैं. तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म फ्रेंच फिल्म 'गैंग स्टोरी' का बॉलीवुड रीमेक है.

# 12 साल की उम्र में ही Saira Banu को हो गया था इस बात का एहसास

**जब सायरा बानो (Saira Banu) 12 साल की थीं, तब उन्होंने पहली बार फिल्म 'आन' में दिलीप कुमार को काम करते देखा था.**

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो (Saira Banu) आज 76 साल की हो गई हैं. आज की पीढ़ी उन्हें पुरानी फिल्म 'पड़ोसन' की हीरोइन के तौर पर या ट्रेजिडी किंग दिलीप कुमार की पत्नी के रूप में जानती है, लेकिन अपने जमाने में सायरा बानो एक चर्चित और धड़ल्ले से इंग्लिश बोलने वाली हीरोइन मानी जाती थीं. सायरा बानो इतनी सुंदर थीं कि उस समय का हर हीरो उनके साथ काम करने को आगे रहता था. 19 साल की उम्र में शम्मी कपूर के साथ फिल्म 'जंगली' में डेब्यू करने वालीं सायरा बानो को बचपन में बड़ी अजीब सी फीलिंग होती थी. तो आइए जानते हैं कि क्या थी वो फीलिंग ?



ायरा बानो की नानी शमशाद उर्फ चमियन बाई अपने जमाने की मशहूर तवायफ थीं. उनकी आवाज के दीवाने हर कहीं थे. सायरा खुद भी उनकी तरह गायिका बनना चाहती थीं. बचपन में सायरा अक्सर अपने घर-परिवार के लड़कों के साथ खेलती-कूदती. इतनी भोली थीं कि उन्हें लगता था वो भी उनके जैसे ही एक लड़का हैं. अपने आपको उन्होंने कभी एक लड़की के तौर पर नहीं देखा. अपने दिमाग में हमेशा वे अपने को एक लड़के के तौर पर पातीं.

जब सायरा 12 साल की थीं, तब उन्होंने पहली बार फिल्म %आन% में दिलीप कुमार को काम करते देखा था. उस दिन उनके अंदर एक फूल सा खिल गया. वे दिलीप कुमार की मोहब्बत में पागल हो गईं. वो दिन था, जब पहली बार उन्होंने एक लड़की की तरह महसूस किया. इसके बाद से ही उन्होंने लड़कियों वाले कपड़े पहनने शुरू किए. सायरा बानो ने हमेशा से यही कहा है कि बचपन से लेकर जवानी और बुढ़ापे तक उन्होंने बस एक ही शख्स से मोहब्बत की है, वो है यूसुफ साहब यानी दिलीप कुमार.

सायरा बानो जब मुंबई आईं, तो उनके सामने फिल्मों के ढेर लग गए. सायरा को फिल्मों का बस इतना ही आकर्षण था कि यह वो जगह है, जहां दिलीप कुमार काम करते हैं. उनकी पहली फिल्म सुपरहिट रही. इसके बाद वे सुपरस्टार बन गईं. दिलीप कुमार से जब पहली बार मिलीं और उन्हें बताया कि वो बचपन से उनसे मोहब्बत करती हैं, तो दिलीप साहब हंसने लगे. सायरा उनसे खफा हो गईं. आखिरकार उनकी इश्क रंग लाई और दिलीप कुमार ने 44 साल की उम्र में 22 साल की सायरा से निकाह कर लिया.

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# चर्च की गलती से दक्षिण कोरिया में फिर कोरोना फैलने का खतरा, रेड अलर्ट जारी

**सियोल।**

दक्षिण कोरिया में एक बार फिर कोरोना संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है। दक्षिण कोरिया के अधिकारियों का कहना है कि कोरोना वायरस के पूरे देश में दोबारा फैलने की आशंका बढ़ गई है। सेंटर फ़ॉर डिजीज़ कंट्रोल के मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार एक चर्च से शुरू हुआ संक्रमण अब पहली बार दक्षिण कोरिया के सभी 17 प्रांतों में फैल चुका है। दक्षिण कोरिया में चर्च से जुड़े संक्रमण मामलों की संख्या अब बढ़कर 319 हो गई है । यहां कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनज़र फिर रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले तक दक्षिण कोरिया को कोरोना वायरस से लड़ने में एक मॉडल देश की तरह पेश किया जा रहा था। हालांकि संक्रमण के नए मामलों में ज़्यादातर राजधानी सियोल के आस-पास के हैं। सियोल की आबादी क़रीब एक करोड़ है। सबसे बड़ी चिंता ये है कि उस चर्च में प्रार्थना के लिए जाने वाले जो लोग संक्रमित हुए हैं । उनका विश्वास है कि कोरोना वायरस को एक साजि़श के तहत वहां भेजा गया था ताकि चर्च को बंद किया जा सके। इन लोगों में से कई लोग छुप गए हैं या भाग कर देश के अन्य हिस्सों में चले गए हैं। चर्च में जाकर संक्रमित होने वाले अधिकतर युवा हैं जिनकी उम्र 20 और 30 के बीच है। इस चर्च के प्रमुख जुन-क्वांग-हू भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। अब सरकार ने उन सभी लोगों को क्वारंटाइन में जाने को कहा है जिन्होंने चर्च द्वारा आयोजित सरकार-विरोधी रैली में हिस्सा लिया था। इस पादरी पर लोगों को राजधानी सियोल में आयोजित एक सरकार-विरोधी रैली में शामिल होने के लिए।

# हांगकांग में शख्स को दोबारा हुआ कोरोना, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा- जल्दबाजी में न तय करें नतीजे

**हांगकांग।**

कोरोना वायरस से मुक्त हुए देशों में महामारी के दोबार दस्तक देने से वैज्ञानिकों की टेंश बढ़ गई है। चीन के बाद अब हांगकांग के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि उनके पास कोरोना से दोबारा संक्रमित व्यक्ति का एक प्रमाणित मामला सामनेआया है। हांगकांग के इस दावे पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि एक मरीज़ के मामले से किसी परिणाम पर नहीं पहुंचना चाहिए। इससे पहले चीन ने भी एक महिला और एक पुरुष के छह महीने के भीतर दूसरी बार संक्रमित हो जाने का दावा किया था। हांगकांग के मुताबिक, 30 साल से अधिक आयु का यह व्यक्ति पहली बार साढ़े चार महीने पहले कोरोना वायरस से संक्रमित हुआ था। हांगकांग वैज्ञानिकों का कहना है कि वायरस के जीनोम में दो चीज़ें बिलकुल अलग हैं, यह दोबारा संक्रमण होने का दुनिया का पहला मामला है। वैज्ञानिकों ने की सलाह पर कहा है कि संगठन को हमारे पास मौजूद सबूतों को ध्यान में रखकर कोई बयान देना चाहिए। वहीं, अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि दोबारा संक्रमण होना बेहद दुर्लभ है और यह अधिक गंभीर हो ऐसा भी नहीं है हांगकांग विश्वविद्यालय की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संक्रमण से ठीक होने से पहले यह व्यक्ति 14 दिनों तक अस्पताल में रहा था, लेकिन एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग के दौरान वो दोबारा कोरोना वायरस संक्रमित पाया गया है हालांकि, उसमें इसके कोई लक्षण नहीं थे। इस मामले में लंदन स्कूल ऑफ़ हाइजीन और ट्रोपिकल साइंस के प्रोफ़ेसर ब्रेंडन रेन कहते हैं कि यह दोबारा संक्रमण का बेहद दुर्लभ मामला है । इसकी वजह से कोरोना वैक्सीन बेहद ज़रूरी हो जाती है और आशंका है कि वायरस समय के साथ खुद को बदलेगा। जो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित होते हैं उनके शरीर में वायरस से लड़ने के लिए इम्यून सिस्टम विकसित हो जाता है, जो वायरस को दोबारा लौटने से रोकता है। सबसे मज़बूत इम्यून उन लोगों का पाया जाता है जो गंभीर रूप से कोरोना से बीमार हुए हों। हालांकि, यह अभी भी साफ़ नहीं है कि यह सुरक्षा कितनी लंबी है और इम्युनिटी कब तक रह सकती है।

# भारत आर्थिक स्वतंत्रता की सफलता का साक्षी है : अमेरिकी सांसद विल्सन

**वाशिंगटन।**

अमेरिका के एक शीर्ष सांसद ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सकल घरेलू उत्पाद के मामले में ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़ चुका भारत, आर्थिक स्वतंत्रता की सफलता का साक्षी है। सांसद जो विल्सन ने भारत को 74वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बधाई देते हुए प्रतिनिधि सभा में यह बात कही।उन्होंने कहा, पिछले साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने सकल घरेलू उत्पाद के मामले में ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़ दिया, लेकिन वुहान वायरस ने इन आर्थिक उपलब्धियों को बाधित कर दिया। कोरोना वायरस संक्रमण की वैश्विक महामारी पिछले साल चीन के वुहान शहर से शुरू हुई थी। विल्सन ने शुक्रवार को कहा, गरीबी में कमी लाते हुए समाजवाद से मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था तक भारत का विकास आर्थिक स्वतंत्रता की सफलता का साक्षी है। अमेरिका के थिंक टैंक 'वर्ल्ड पॉपुलेशन' की फरवरी की समीक्षा के मुताबिक भारत 2019 में ब्रिटेन और फ्रांस को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। विल्सन ने कहा कि भारत और अमेरिका का गठबंधन पिछले साल ह्यूस्टन में 22 सितंबर को व्यापक रूप से तब रेखांकित हुआ था जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी का 50,000 भारतीय-अमेरिकी दर्शकों के साथ अमेरिका में स्वागत किया था जो अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा स्वागत कार्यक्रम था। बड़ा स्वागत कार्यक्रम था। इस महीने की शुरुआत में, विल्सन ने कहा था कि वह अटलांटा में भारतीय वाणिज्य दूतावास में भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ध्वजारोहण समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह का आयोजन महावाणिज्य दूत डॉ. स्वाति कुलकर्णी ने किया था।

# प्रदर्शन के दौरान बंदूक दिखाने वाले दम्पति ने रिपब्लिकन सम्मेलन में डेमोक्रेट पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।**



अमेरिका में 'ब्लैक लाइव्स मैटर प्रदर्शनों के दौरान सेंट लुइस में अपने घर के बाहर बंदूक लहराने वाले एक श्वेत दम्पती ने कहा कि डेमोक्रटिक पार्टी के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन अमेरिकी उपनगरों में अराजकता लाएंगे। मार्क और पैटी मैकक्लोस्की ने सोमवार को 'रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अभियान विज्ञापनों में उल्लेखित विषय पर जोर दिया। रिपब्लिकन हाल ही में अमेरिका के कुछ शहरों में नस्लीय न्याय की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों में दंगों और हिंसा के लिए अपने विरोधियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पैटी मैकक्लोस्की ने कहा, ''वे 'सिग्नल फैमली होम ज़ोनिंग को समाप्त करके उपनगरों को पूरी तरह से समाप्त करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन कदमों से पड़ोसी उपनगरों में अपराध बढ़ेगा, कानूनी की स्थिति खराब होगी। मैकक्लोस्की ने कहा, ''कट्टरपंथी डेमोक्रेटों के अमेरिका में आपका परिवार सुरक्षित नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार



### बांग्लादेश में 13 लाख याबा गोलियों की सबसे बड़ी खेप पकड़ी, 2 रोहिंग्या गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की रैपिड एक्शन बटालियन ने दो रोहिंग्या व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनसे 13 लाख याबा गोलियां जब्त की है जो कथित तौर पर इस साल की सबसे बड़ी शिपमेंट है। ढाका टाइम्स के अनुसार, आरएबी -15 ने आरोपियों को उस समय हिरासत में लिया जब वे रविवार को कॉक्स बाजार सदर अपजिला के खुरुशकुल मझिरघट क्षेत्र में प्रवेश कर रहे थे। उनके पास से मछली पकड़ने की एक नाव भी जब्त की गई है। मेथामफेटामाइन और कैफीन के मिश्रण वाली ये लाल या गुलाबी याबा गोलियां सस्ते नशे के रूप में काम आती है। पकड़ी गई इस खेप को इस साल की सबसे बड़ा शिपमेंट बताया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सदर अपराजिला में दक्षिण हाजीपारा के मो. बिलाल और बलुखली रोहिंग्या कैंप मो अयाज के रूप में की गई है। रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) के अतिरिक्त महानिदेशक कर्नल टॉफेल मुस्तफा सरवर को एक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कबूल किया कि वे लंबे समय से नशीली दवाओं के कारोबार में लिप्त थे।

### ट्रंप ने अमेरिकी पादरी को रिहा करने के लिये भारत की सराहना की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल अक्टूबर में 40,000 अमेरिकी डॉलर की अघोषित मुद्रा ले जाने के आरोप में पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार किये गए अमेरिकी पादरी को रिहा करने के लिये भारत की सराहना की है। टेनेसी के पादरी ब्रायन नेरेन को भारत ने ट्रंप के अनुरोध पर इस साल मई में रिहा कर दिया था। पादरी ने विदेशों में अपहरण से मुक्त और हिरासत से रिहा हुए अन्य अमेरिकी नागरिकों के साथ व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में राष्ट्रपति से मुलाकात की। बैठक के दौरान ट्रंप ने कहा, भारत ने मेरे अनुरोध पर बहुत अच्छी प्रतिक्रिया दी। मैं उसकी सराहना करता हूं।

### चीन ने फिर दिखाई चालाकी, एक महीने से कर रहा कोरोना वैक्सीन का इस्तेमाल

**इंटरनेशनल डेस्क।** दुनिया को कोरोना वायरस का घातक तोहफा बांटने वाला चीन अब वैक्सीन को ल्कर भी चालाकियों पर उतर आया है। कोरोना फैलने की जानकारी दुनिया को देरी से देने वाला चीन वैक्सीन का इस्तेमाल भी चुपचाप कर चुका है। चीन में पिछले एक महीने से कोरोना वैक्सीन का इस्तेमाल शुरू हो चुका है। चीन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि चीन में चिकित्सा कर्मियों और सीमा निरीक्षक अधिकारियों को एक महीने से अधिक समय से कोरोना का टीका लगाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी को दिए एक इंटरव्यू में नेशनल हेल्थ कमिशन के साइंस एंड टेक्नॉलजी डिवेलपमेंट सेंटर के डायरेक्टर झेंग झोंगवेई ने कहा कि सरकार ने 22 जुलाई को कोरोना वैक्सीन के आपातकालीन इस्तेमाल को मंजूरी दी थी। चीनी टीका प्रबंधन कानून आपात इस्तेमाल के तहत गैर-मंजूर टीके को उन लोगों पर उपयोग करने की अनुमति देता है जिनके एक निश्चित अवधि में संक्रमित होने का अधिक खतरा है। शंघाई के प्रतिरक्षा विज्ञानी ताओ लीना ने रविवार को कहा कि समूचे चीन में फौरी आधार पर टीकाकरण किए जाने वाले लोगों की संख्या लाखों में हो सकती है। उन्होंने कहा, लेकिन सटीक आंकड़े दे पाना मुश्किल है क्योंकि चीनी सेना ने जन टीकाकरण शुरू किया है, लेकिन ब्योरा नहीं दिया है। हालांकि, अधिकारी यह नहीं बताया है कि एक ही कोरोना टीके का इस्तेमाल शुरू हुआ है या एक से अधिक का। चीन में 7 कोरोना वैक्सीन पर काम चल रहा है।

### एक्सपर्ट का दावाः किम-जोंग-उन की हो चुकी मौत, कोरिया में होने वाला है बड़ा बदलाव

**इंटरनेशनल डेस्क।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम-जोंग-उन के कोमा में चले जाने की अटकलों के बीच उत्तर कोरिया की यात्रा करने वाले एक्सपर्ट रॉय कैली ने दावा किया है कि किम-जोंग-उन की मौत हो चुकी है। 2011 में सत्ता संभालने वाले किम की पिछले कई महीनों से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी की वजह से अटकलों को बल मिला है कि कहीं कुछ गड़बड़ है। उन्होंने कुछ मीडिया आऊटलैट्स को बताया कि उत्तर कोरिया में इस पर इतनी गोपनीयता बरती जा रही है कि वहां के निवासी भी नहीं जानते हैं कि वास्तविकता क्या है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया में बड़े बदलाव, जैसे किम की बहन को वास्तविक डिप्टी कमांडर बनाना इशारा करता है कि देश में कुछ बड़ा चल रहा है। इससे पहले उत्तर किंग किम जोंग-उन की सेहत को लेकर फिर अटकलें चल रही हैं। खबर है कि किम कोमा में चले गए हैं और उनकी बहन किम यो-जोंग देश की संभालने की तैयारी कर रही हैं। मीडिया रिपोर्टर्स के मुताबिक दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति किम डेई-जुंग के पूर्व सहयोगी चांग सोंग-मिन ने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग के कोमा में जाने की बात को लेकर एक पोस्ट किया है।

# प्रवर्तन एजेंसियां कर रहीं श्रीलंका के ड्रग तस्कर लोका के साथी अथुरुगिरि की तलाश

**इंटरनेशनल डेस्क।** प्रवर्तन एजेंसियां 2017 के बाद से छद्म नाम से भारत में रह रहे श्रीलंका के ड्रग तस्कर अंगोदा लोका के करीबी सहयोगी अथुरुगिरि लादिया की तलाश में हैं। जुलाई में तमिलनाडु के कोयम्बटूर में अंगोदा लोका की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई थी। तमिलनाडु पुलिस उन परिस्थितियों की जांच कर रही है जिनमें लोका की मृत्यु हुई और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो जैसी केंद्रीय एजेंसियां ड्रग तस्करी में शामिल उसके सहयोगियों की पहचान करने की कोशिश कर रही हैं । लोका और लादिया फरवरी 2017 में जेल की एक बस पर हुए हमले के बाद श्रीलंका से लापता हो गए थे। इस हमले में लोका के प्रतिद्वंद्वी सामयन और जेल के दो अन्य कैदियों के साथ पांच अन्य कैदी मारे गए थे। माना जाता है कि वे अपने गैंग लीडर मकंदुर मधुश के कहने पर अंतरराष्ट्रीय ड्रग ट्रैफिकर्स की नावों का उपयोग कर भाग निकले थे, जो तब एक कांजीपाणी के साथ दुबई से संचालित होते थे। अंतरराष्ट्रीय ड्रग ट्रैफिकर्स की नावों का उपयोग कर भाग निकले थे, जो तब एक कांजीपाणी के साथ दुबई से संचालित होते थे। अधिकारियों ने जांच में पाया कि भागने से पहले, लोका ने खुद के लिए सदन एल वलगे के नाम पर श्रीलंकाई पासपोर्ट की व्यवस्था की थी ।

# ट्रंप जूनियर ने अमेरिकी नागरिकों से चरमपंथियों को छोड़कर अपने पिता को फिर से चुनने का आग्रह किया

**वाशिंगटन।**



अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी और राष्ट्रपति पद के उसके उम्मीदवार जो बाइडेन पर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बड़े बेटे ने अमेरिकी नागरिकों से आग्रह किया कि वे चरमपंथियों को नहीं चुनकर उनके पिता को फिर से चुनें। डोनाल्ड जे ट्रंप जूनियर ने कहा कि चरमपंथी अमेरिका को अंधकार की ओर ले जाएंगे जबकि उनके पिता सभी के उज्ज्वल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। ट्रंप जूनियर ने सोमवार को ''रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन'' में अपने संबोधन में कहा कि अमेरिका अवसरों और वादाओं की धरती है। उन्होंने कहा, एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां साम्यवाद और कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद की बुराइयों को फैलने का मौका नहीं दिया गया है - जहां नायकों को सम्मानित किया जाता है और अच्छे लोग जीतते हैं। आप ऐसा कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी आपको ऐसा ही देश और जीवन देना चाहते हैं। हमारी पार्टी जो बाइडेन और वामपंथी डेमोक्रेट के विपरीत सभी के लिए खुली है। ट्रंप के चुनावी अभियान के एक प्रमुख अधिकारी और कारोबारी ट्रंप जूनियर (42) ने अपने भाषण में अपने पिता को फिर से चुनने की अपील करते हुए कहा, इसकी शुरूआत उन चरमपंथियों को अस्वीकार करने से होती है जो हमें अंधेरे की ओर ले जाना चाहते हैं। हमें उस आदमी को गले लगाना होगा जो सभी के लिए उज्ज्वल और सुंदर भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। यह डोनाल्ड जे ट्रंप के अमेरिका के फिर से राष्ट्रपति चुने जाने से शुरू होगा।

# अमेरिका में पुलिसवाले ने अश्वेत युवक को बच्चों के सामने मारी 7 गोलियां

**न्यूयॉर्क।**



अमेरिका में अश्वेत नागरिक के साथ पुलिस की हिंसा के एक नए मामले ने तूल पकड़ लिया है। विस्कॉन्सिन शहर में रविवार को 2 पुलिस कर्मियों ने एक अश्वेत जैकब ब्लेक को उसके बच्चों के सामने ही 7 गोलियां मारी सिका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने शुरूआती बयान में कहा था कि ब्लेक के पास हथियार था इसलिए गोलियां चलानी पड़ी थीं। लेकिन वीडियो में साफ नज़र आ रहा है कि ब्लेक निहत्था था और पुलिसवालों ने उसकी पीठ पर 7 गोलियां मारीं थीं। गोलियां लगने के बाद जैकब को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जैकब के वकील बेन क्रम्प ने इस पूरी घटना का एक वीडियो भी शेयर किया है। इसमें पुलिसकर्मी एक एसयूवी में घुसने की कोशिश करने के बाद जैकब पर गोलियां चलाते नजर आ रहे हैं। इस घटना से नाराज लोगों ने केनोशा कोर्टहाउस के सामने प्रदर्शन किया जिसके बाद केनोशा में कर्फ्यू लगा दिया गया है। अमेरिका में बीते 2 महीने में किसी अश्वेत पर पुलिस के गोली चलाने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 12 जून को अटलांटा के जॉर्जिया में गिरफ्तारी के दौरान 27 साल के अश्वेत रेशर्ड ब्रूक्स को अफसर ने गोली मार दी थी। फिलहाल पुलिस ने शुरूआती जांच के दौरान आरोपी पुलिसवालों को संस्पेंड करने से इनकार कर दिया है। केनोशा पुलिस ने विस्कॉन्सिन क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिविजन को जांच करने के लिए कहा है। इस जांच केनोश के काउंटी डिप्टी शेरिफ की अगुआई में होगी। इसकी रिपोर्ट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी मिशेल डी ग्रेवली को सौंपी जाएगी और इसके बाद ग्रेवली ही फैसला लेंगे कि अफसरों पर कौन से आरोप लगाए जाएंगे. ख़बरों के मुताबिक पुलिसवालों को सिर्फ छुट्टी पर भेजा गया है। बता दें कि मिनेपोलिस में 25 मई को अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड (40) को पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया था. एक पुलिस अफसर ने उसे सड़क पर दबोचा और अपने घुटने से उसकी गर्दन को करीब 9 मिनट तक दबाए रखाऔर उसकी मौत हो गई थी। फ्लॉयड की मौत के बाद इस घटना का जोरदार विरोध हुआ था। अकेले अमेरिका में ही 140 शहरों में प्रदर्शन हुए। सरकार को 40 शहरों में कर्फ्यू लगाना पड़ा था। इसके आलावा ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, स्पेन, इटली, ऑस्ट्रेलिया, जापान, डेनमार्क, नीदरलैंड्स, फिनलैंड और दक्षिण अफ्रीका में भी हजारों लोग विरोध जताने सड़कों पर उतरे आए थे।

# रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन में पोम्पिओ के भाषण को लेकर आलोचकों में नाराजगी

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने पिछले महीने सभी अमेरिकी कूटनीतिक मिशनों को तार भेजकर अमेरिकी राजनयिकों को आगाह किया था कि संघीय कानून के तहत उन्हें राष्ट्रपति चुनाव अभियान में किसी का भी प्रत्यक्ष रूप से पक्ष नहीं लेना चाहिए। लेकिन मंगलवार को, वह अपनी इसी चेतावनी को नजरअंदाज करते नजर आ सकते हैं जब वह रिपल्बिकन राष्ट्रीय सम्मेलन (आरएनसी) में अपने भाषण में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोबारा चुने जाने का समर्थन करते दिखेंगे। विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को हैच कानून के तहत राजनीतिक गतिविधियों पर लगे प्रतिबंधों की याद दिलाने संबंधी पोम्पिओ का संदेश असामान्य नहीं है। इसी तरह, हर बार के राष्ट्रपति चुनाव वर्ष में विदेश मंत्री ऐसे ही तार भेजते हैं। हालांकि, उनके किसी पूर्ववर्ती ने इन निर्देशों का इस तरह से उल्लंघन नहीं किया है। विदेश मंत्रालय की तरफ से आश्वसान देने कि पोम्पिओ सम्मेलन में अपने निजी ओहदे से बोलेंगे और हैच कानून का उल्लंघन नहीं करेंगे, इसके बावजूद डेमोक्रेट और अन्य आलोचकों ने इसे लेकर कड़ा विरोध जताया। उन्होंने देश के शीर्ष राजनयिक पर अनुचित राजनीतिक व्यवहार का आरोप लगाया है जो इससे पूर्व के किसी राजनयिक में नहीं देखने को मिला है और जिसमें विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को दिए गए अपने ही परामर्श को धता बताया गया है। पोम्पिओ ने 24 जुलाई के तार में कहा था, मंत्रालय गैर-पक्षपाती तरीके से सभी अमेरिकियों की ओर से विदेश में राष्ट्रीय हितों को आगे ले जाने के लिए काम करता है। इसमें कहा गया, ''यह याद रखना आवश्यक है कि इस संबंध में किसी भी तरह के भ्रम या गलत धारणा से बचने के लिए।

# बाइडेन के जवाब में ट्रंप ने भारतवंशी निक्की हेली को बनाया उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार, अमृतसर से है खास कनैक्शन

**वॉशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर देश में खूब गहमागहमी का माहौल है। जीत को पक्का करने के लिए दूसरी पारी खेलने के इच्छुक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व नए उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा भारतीयों को रिझाने प्रयास किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति पद के लिए बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी ने कमला हैरिस को चुनाव मैदान में उतारा है, वहीं अब डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी रिपब्लिकन ने वाइस प्रेसिडेंट उम्मीदवार के तौर पर निक्की हेली को चुनावी मैदान में उतारकर मुकाबला रोचक कर दिया है। रिपब्लिकन सम्मेलनों के उद्घाटन समारोह के दौरान बोलेते हुए निक्की हेली ने उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी जताई। साथ ही कहा कि मैं भारतीय प्रवासियों की गौरवशाली बेटी हूं। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका आए और एक छोटे से दक्षिणी शहर में बस गए। मेरे पिता ने पगड़ी पहनी थी। मेरी मां ने साड़ी पहनी थी। मैं एक ब्लैक एंड व्हाइट दुनिया में एक भूरी लड़की थी।÷ साउथ कैरोलिना में जन्मीं निक्की हेली का मूल नाम निम्रता रंधावा था। उनके पिता अजीत सिंह रंधावा और माता राज कौर रंधावा पंजाब के अमृतसर से यहां आए थे। एक बयान में ट्रंप कैंपेन ने कहा, चार दिनों तक चलने वाला प्रेसिडेंट ट्रंप 2020 कंवेंशन महान अमेरिकी इतिहास का सम्मान करेगा। इस दौरान मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के एजेंडे को भी सबके सामने रखा जाएगा। निक्की हेली के अलावा सम्मेलन के पहले दिन राष्ट्रपति ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और किंबर्ली गुइलफॉयल भी लोगों को संबोधित करेंगी। प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप सम्मलेन को व्हाइट हाउस स्थित रोज गार्डन से बुधवार को संबोधित करेंगी। ऐसा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के इतिहास में पहली बार होगा। हेली का जन्म अमेरिका के बमबर्ग, दक्षिण कैरोलिना में 20 जनवरी 1972 को एक भारतीय सिख परिवार में हुआ। उनका प्रारंभिक नाम निम्रता निक्की रंधावा था। उनके माता पिता, राज कौर रंधावा और अजीत सिंह रंधावा भारत के अमृतसर जिला से आप्रवासी हैं। उनके दो भाई क्रमशः मिट्टी और चरण है तथा एक बहन सिमरन है जो सिंगापुर में पैदा हुई। हेली ओरेंजबर्ग प्रीपरेटरी स्कूल, इंक से स्नातक और क्लेमसन विश्वविद्यालय के लेखा स्नातक (बी.एस.) हैं । शुरुआत में उन्होने एक अपशिष्ट प्रबंधन और रीसाइक्लिंग कंपनी एफ.सी. आर. निगम में काम किया। इस कंपनी में नियुक्ति से पूर्व उन्होने 1994 में अपनी माँ की एक व्यावसायिक कंपनी एक्सोटिका इन्टरनेशनल, जो कपड़े का एक बड़ा फ़र्म है में योगदान दिया। 1998 में हेली ओरेंजबर्ग काउंटी चेम्बर ऑफ कॉमर्स के निदेशक मण्डल में शामिल हुई। 2003 में वे लेक्सिंगटन, दक्षिण कैरोलिना चैंबर ऑफ कॉमर्स के निदेशक मंडल के लिए नामित की गई थी। हेली वर्ष 2003 में नेशनल एसोसिएशन ऑफ वुमेन बिजनेस ऑनर की कोषाध्यक्ष और 2004 में अध्यक्ष बनाई गई। उन्होने समाज सेवा में उल्लेखनीय पहल करती हुई एक स्थानीय अस्पताल के लिए ।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# उत्तरप्रदेश में 17 वर्षीय किशोरी की बलात्कार के बाद हत्या

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तरप्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में एक 17 वर्षीय किशोरी की बलात्कार के बाद धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। किशोरी का कटा हुआ शव गांव में मंगलवार सुबह मिला।

पुलिस ने कहा कि लड़की की धारदार हथियार से हत्या की गई है और उसकी गर्दन पर चोट के निशान हैं।

उसका शव उसके गांव से करीब 200 मीटर दूर एक सूखे तालाब के पास पड़ा मिला। लखीमपुर खीरी में दस दिन के अंदर रेप और हत्या का यह दूसरा मामला है।

पुलिस के अनुसार पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई है। आरोपी की पहचान करके उसे गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है। लड़की सोमवार को पास के शहर में स्कॉकरशिप का फार्म भरने के लिए गई थी। जब वह घर नहीं आई तो फिर पुलिस को सूचना दी गई।

लड़की के घर पर उसके चाचा ने मीडिया से कहा कि "मैं वास्तव में कुछ नहीं जानता, किस पर संदेह है, कुछ नहीं कह सकता। वह सोमवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे गई थी। हमें किसी पर शक नहीं है।"

लखीमपुर खीरी में दस दिन के अंदर कम उम्र की लड़की से रेप और हत्या की यह दूसरी वारदात है। इससे पहले 15 अगस्त को एक 13 साल की लड़की की रेप के बाद हत्या कर दी गई थी।

उसका शव गन्ने के खेत में मिला था। इस मामले में उसके गांव के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# यूपी सरकार देगी मृत पत्रकार के परिजन को 10 लाख रुपये और नौकरी

बलिया एजेंसी)। उत्तरप्रदेश सरकार मृतक पत्रकार रतन सिंह की पत्नी को संविदा पर नौकरी देगी और मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपये का आर्थिक मुआवजा दिया जाएगा। पत्रकार के परिवार को, कृषि दुर्घटना बीमा के तहत 5 लाख रुपये तत्काल देने का ऐलान किया है। सरकार ने यह भी कहा कि संविदा की नौकरी को जल्द स्थायी कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग या अन्य किसी विभाग में विभागीय प्रक्रिया पूरा कर तत्काल नौकरी दी जाएगी। वारदात के बाद एसएचओ फेफना शशिमौली पांडेय पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

इससे पहले फेफना थानाध्यक्ष शशिमौलि पांडेय को सस्पेंड करने के साथ ही मुकदमा दर्ज करने की मांग भी रखी गई थी। मांगों को लेकर आक्रोशित पत्रकारों ने एनएच–31 को जाम कर दिया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। वहीं इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने फेफना थाने के स्टाफ को लाइन हाजिर करने का भरोसा रतन के परिवारवालों को दिलाया है। साथ ही इंस्पेक्टर शशिमौलि की इस हत्या में भूमिका की जांच किए जाने का आश्वासन भी दिया।

पत्रकार रतन सिंह के परिवारवालों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद ही अंतिम संस्कार करने की बात कही थी। इस बीच संसदीय कार्य मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने मुख्यमंत्री से मुकालात कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद रतन के परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हो गए। वहीं इस हत्याकांड को लेकर राजनीति दल भी सक्रिय हो गए हैं।

# सार–समाचार

## कर्नल गंज पुलिस का साहसिक कारनामा

कानपुर सटोरियों पर कर्नलगंज पुलिस की भ्रुकुटी टेढ़ी हो गई है जिसके चलते आज प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र विक्रम सिंह उपनिरीक्षक रामसरन मौर्य महिला उपनिरीक्षक सिंपल रानी कांस्टेबल मुनेश चौधरी कांस्टेबल लुकमान अली की अगुवाई में पुलिस ने सटोरियों को धर दबोचा और उनके पास से नगद 45010 रुपए भी बरामद किए पुलिस की

धरपकड़ के चलते सट्टा संचालकों पर भय के बादल मंडरा रहे है इस कड़ी में कर्नल गंज पुलिस ने रानी पत्नी स्वर्गीय रमेश कुमार निवासिनी 96 / 20 चुन्नी गंज थाना कर्नलगंज एवं नीरज साहू पुत्र जवाहर लाल साहू निवासी 2 / 365 ए उजियारी देवी नवाबगंज थाना नवाबगंज को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ?45010 व 4 अगस्त सट्टा पर्ची एवं तीन आदत डॉट पेन बरामद किया है।

## फिर हुये उन्नाव चौकी इंचार्ज के तबादले

उन्नाव में चौकी इंचार्ज में बड़े फेरबदल किए गए जो निम्नलिखित है: विनोद कुमार सरोज को चौकी इंचार्ज कस्बा बांगरमऊ भेजा गया,सुबोध कुमार सिविल लाइन चौकी इंचार्ज को भूमाफिया सेल भेजा गया,वीरेंद्र सरोज को गंगाघाट से चौकी इंचार्ज भगवंतनगर भेजा गया भूमाफिया सेल में तैनात दरोगा अजय ब्रह्म तिवारी को सिविल लाइन चौकी की कमान,निबई चौकी इंचार्ज शिवगोपाल को बीघापुर थाना भेजा गया,इंद्रपाल को बीघापुर से निबई भेजा गया, बांगरमऊ कस्बा चौकी इंचार्ज विजय प्रकाश को हसनगंज भेजा गया,भगवंतनगर में वीरेंद्र यादव को हटाकर वीरेंद्र सरोज को कमान दी गई।

## फीस माफी को लेकर निरंतर अभिभावकों की ओर से लड़ाई लड़ रहे

कानपुर–कोरोना काल मे फीस माफी को लेकर निरंतर अभिभावकों की ओर से लड़ाई लड़ रहे समाज सेवक विनय वर्मा ने फीस की समस्या को लेकर आज अभिभावकों के साथ केशव नगर स्थित गुलमोहर स्कूल की प्रधानाचार्या अमिता तिवारी से मुलाकात की

अभिभावकों का पक्ष रखते हुए विनय वर्मा ने प्रधानाचार्य महोदया को अभिभावकों की वर्तमान आर्थिक स्थिति व विगत 6 माह से कारोबार बंद रहने के कारण दैनिक जीवन यापन में आई परेशानियों से अवगत कराया। जिसके फलस्वरूप प्रधानाचार्या महोदया ने फ़ीस की समस्या को हल करते हुए कहा कि जो भी अभिभावक पूरी, आधी फीस देने में असमर्थ हैं वो कृपया पत्र के माध्यम से स्कूल प्रशाशन को सूचित करें जिससे कि स्कूल प्रशासन उनकी यथासंभव मदद कर सके उन्होंने कहा स्कूल प्रशासन पूर्ण रूप से अभिभावकों की समस्या को समझ रहा है



## उत्तर प्रदेश में नहीं थम रहे अपराध–मायावती

लखनऊ (एजेंसी)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है। मायावती ने मीडिया से कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब तो लोकतंत्र का चैथा स्तंभ माने जाने वाले मीडिया जगत के लोग भी यहां आए दिन हत्या व जुर्म के शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ मंडल में हुई पत्रकार की हत्या इसका ताजा उदाहरण है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकार की बदहाली का हाल ये है कि बात–बात पर रासुका, देशद्रोह व अन्य अति संगीन धाराओं के इस्तेमाल के बावजूद भी यहां अपराध कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। बसपा नेत्री मायावती ने सोमवार को भी ट्वीट किया था कि 'यूपी के सीतापुर में नाबालिग दलित के साथ गैंगरेप, चित्रकूट में बंधुआ मजदूरी न करने पर युवक की हत्या व उसके बेटे का हाथ तोड़ना व गोरखपुर में डबल मर्डर आदि जघन्य घटनाओं की बाढ़ आई हुई है।'

उन्होंने कहा कि 'क्या यही है सरकार का रामराज्य? दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, बीएसपी की यह माँग है।

## चिनहट में छोटे भाइयों ने की बड़े भाई हत्या

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ के चिनहट में एक युवक की हत्या का आरोप छोटे भाइयों पर लगा है। आरोप है कि पारिवारिक कलह और अवैध संबंधों के चलते दो छोटे भाइयों ने घर में सो रहे अपने बड़े भाई की गला रेतकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तफ्तीश में जुटी है। दरअसल, घटना के दिन 35 वर्षीय घर में सो रहा था। इसी दौरान उसके ही दो छोटे भाई आलोक और अंकुर ने गला रेतकर मौत के घाट उताया। इसके बाद मौके से फरार हो गए। इस मामले को लेकर पुलिस प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह और अवैध संबंधों के कारण हत्या की आशंका जाहिर कर रही है। एडीसीपी ईस्ट अमित कुमार ने बताया कि मृतक आशीष यादव प्राइवेट नौकरी करता था। छोटा भाई अलोक भी प्राइवेट नौकरी करता था जबकि बीच वाला भाई अंकुर घर पर ही रहता था। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया परिवारी कलह मौत की वजह लग रही है। फिलहाल मामले में गिरफ़्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगा दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया जाएगा।

## पत्रकार की हत्या के बाद बलिया जा रहे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू गिरफ्तार

रायबरेली(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में फेफना कस्बे में टीवी पत्रकार रतन सिंह की हत्या के बाद मंगलवार को मृतक परिजनों से मिलने बलिया जा रहे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को रायबरेली में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि सलोन पुलिस ने पहले उनको बलिया जाने से रोका, लेकिन जब वह बलिया जाने की जिद पर अड़ गए तो पुलिस ने अजय कुमार लल्लू को गिरफ्तार कर रायबरेली के समसपुर पक्षी बिहार के गेस्ट हाउस ले

# बैरक की छत गिरी, एक पुलिस कांस्टेबल की मौत, तीन घायल

कानपुर (एजेंसी)।

रिजर्व पुलिस लाइन में एक बैरक की छत सोमवार देर रात एक पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल



कांस्टेबलों को रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से दो की हालत गंभीर है। घायल कांस्टेबलों में राकेश, अमृतलाल और मनीष कुमार भी षामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक दक्षिण अनिल कुमार ने बताया कि सोमवार रात को बैरक संख्या–1 की पुरानी छत का एक हिस्सा ढह गया जिससे अरविंद राकेश अमृतलाल और मनीष चार कांस्टेबल घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद भारत में मौजूद दर्जनों पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने घायलों को बाहर निकाला तथा तत्काल अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया।

अरविंद कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। कुमार ने बताया कि राहत और बचाव कार्य में एसडीआरएफ को भी लगाया गया। अपर पुलिस महानिदेशक जय नारायण सिंह, आईजी कानपुर रेंज मोहित अग्रवाल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह सहित वरिष्ठ

अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य की निगरानी की।

# धरने पर बैठने जा रहे संजीत के परिवार को रोका, बहन को खींचकर ले गई पुलिस

**सीबीआई जांच के लिए मंगलवार को भूख हड़ताल और धरने पर बैठने का ऐलान किया था**

कानपुर(एजेंसी)। कानपुर में संजीत हत्याकांड की सीबीआई जांच के अश्वासन के बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने और मांगे पूरी न होने नाराज परिवार द्वारा शास्त्री चौक पर धरना प्रदर्शन से रोकने पर हंगामे के बाद पुलिस ने संजीत की बहन और पिता को हिरासत में ले लिया। दरअसल संजीत के परिवार ने मंगलवार को भूख हड़ताल और धरने पर बैठने का ऐलान किया था। पुलिस ने संजीत की मां को घर पर ही नजरबंद कर दिया था। संजीत की मां को जब पता चला कि बेटी और पिता को हिरासत में ले लिया है, तो वो खुदकुशी करने की धमकी देने लगीं। जब संजीत की बहन और पिता को पुलिस घर लेकर पहुंची तब जाकर संजीत की मां शांत हुईं।



इसके पूर्व संजीत के परिवार ने कांग्रेस नेताओं के साथ डीएम ब्रह्मदेव राम तिवारी से मुलाकात की थी। संजीत के पिता ने डीएम से पूछा था कि आखिर कब सीबी.आई जांच होगी। डीएम ने परिवार को बताया था कि सीबीआई ने दो बार मामले की प्राथमिक जानकारी की है। जैसे ही पत्र आता है, मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी जाएगी। डीआईजी प्रीतिंदर सिंह के मुताबिक संजीत की किडनैपिंग के बाद हत्या हो गई थी, पूरा केस पुलिस ने वर्कआउट किया है।

कुछ लोगों के उकसाने पर संजीत के परिजन आज भूख हड़ताल पर बैठने का प्रयास कर रहे थे। इससे उनकी भी जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार परिवार को कोई भी उकसाने का प्रयास करेगा, उस पर सख्ती से कार्रवाई करेंगे।

# पत्रकार हत्या, थाना प्रभारी निलंबित, छहआरोपी गिरफ्तार

लखनऊ/बलिया (एजेंसी)। बलिया जिले में एक इलेक्ट्रानिक चैनल के पत्रकार रतन सिंह की बीती देरषाम गोली मारकर हत्या कर दी गयी। इस मामले में फेफना क्षेत्र के थाना प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक संजय यादव ने मंगलवार बताया कि टीवी चैनल के पत्रकार रतन सिंह के पिता विनोद सिंह की शिकायत पर सोमवार रात फेफना थाना में भारतीय दंड विधान की बलवा व हत्या के आरोप की धारा में दस व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने छह आरोपियों सुशील सिंह, सुनील सिंह, अरविंद सिंह, वीर बहादुर सिंह, दिनेश सिंह व विनय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि विनोद सिंह ने शिकायत की है कि उनके पुत्र को गांव का ही सोनू सिंह कल रात आठ बजे घर से बुलाकर ले गया तथा उसके घर पर पहले से ही मौजूद लोग लाठी, डंडा, रिवाल्वर से लैस रहे। इन लोगों ने रतन की हत्या कर दिया।

एएसपी यादव ने बताया कि इस मामले में फेफना थाना प्रभारी शशि मौलि पांडेय को निलंबित कर दिया गया है तथा राजीव मिश्रा को नया प्रभारी बनाया गया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिवंगत पत्रकार रतन सिंह के परिजनों को मंगलवार 10 लाख रुपए आर्थिक मदद का एलान किया। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ हर संभव कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# बाइक सवार दो युवक पीली नदी में बहे, एक की मृत्यु

जौनपुर (एजेंसी)। जिले के बदलापुर इलाके के दुगौलीकलां गांव में जलमग्न रपटा पुल से बाइक समेत दो युवक पीली नदी में बह गए जिसमें एक की मृत्यु हो गई जबकि उसका साथी बचा लिया गया। पुलिस ने मंगलवार को यहां बताया कि खुटहन थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी पेशे से बाइक मैकेनिक आकाश विश्वकर्मा की मेढ़ा बाजार में दुकान है। वहां से वह अपने दोस्त शादाब अंसारी के साथ कल शात बाइक से बदलापुर पाट्र्स खरीदने आ रहा था। बाइक आकाश चला रहा था। दुगौलीकला में पीली नदी पर बना रपटा पुल इन दिनों पानी से डूबा था।

# डीएम ने निर्माणाधीन जर्जर सड़कों का किया औचक निरीक्षण

## कमिया पाये जाने पर सम्बन्धित अधिकारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये सड़कों तत्काल करें दुरूस्त

रायबरेली जिलाधिकारी वै. भव श्रीवास्तव ने लोक निर्माण रायबरेली विकास प्राधिकरण, नगर पालिका द्वारा निर्मित विभिन् सड़कों को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आधी–आधूरी, टूटी–फूटी जर्जर सड़कों को देखते हुए नारजगी व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी, आर0डी0ए0 अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी को निर्देश दिये कि शहर की सभी जर्जर स्थिति वाली सड़कों का निरीक्षण करते हुए सूची उपलब्ध कराये। सड़कों पर कितना खर्च होगा उसकी आंकलन कर उसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें। ताकी उनको समय रहते पूर्ण किया जा सके। निरीक्षण के दौरान सदर तहसील के निकट निर्माणाधीन सडक व सडक व नाले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टेक्नीकल टीम को भी लेकर गई सडक के किनारें फुटपाथ, पार्किग, नाली आदि ठीक से न बने पाये जाने पर तथा सडक पर बडी संख्या में कान्सटेक्शन समान बिखरा पड़े रहने पर सम्बन्धित अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश



दिये कि सड़क के फुटपात से बिखरा मलबा कान्सटेक्शन समान आदि तत्काल हटाकर सड़क को दुरूस्त कराया जाये जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत का सामना न करने पड़े।

इसके अलावा जिलाधिकारी ने पुलिस लाईन स्थित मटिहा रोड का भी निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारी को पांच दिन में सड़क को दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़के निर्माण के कार्यो के क्रियान्वयन में तेजी लाये जाने पर इस बात का ध्यान रखा जाये कि गुणवत्ता व मानक में किसी भी प्रकार की कमी न रहें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल, नगर पालिका का अध्यक्ष पति मुकेश श्रीवास्तव, नगर मजिस्टेऋट युगराज सिंह सहित पीडब्ल्यूडी के अधिकारी व विकास प्राधिकरण के अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता, एडी सूचना प्रमोद कुमार मौजूद

# आगरा पुलिस ने किए मुठभेड़ में 9 लुटेरे गिरफ्तार

आगरा (एजेंसी)। आगरा में 28 जुलाई को चांदी कारीगरों से 14.5 किलोग्राम चांदी लूटने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

इस गैंग का सरगना भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के ब्रज क्षेत्र का पूर्व अध्यक्ष समीर अब्बास शामिल है।

आगरा के एसपी सिटी बोत्रे रोहन प्रमोद ने बताया कि गैंग के सरगना समीर अब्बास उर्फ जौनी के मुख्य साथी आमिर और अकबर है। उन्होंने 17 लोगों का गैंग बना रखा है। उनके पास वाहन और असलहा हैं। इस गैंग ने 25 दिन पहले ट्रांस यमुना कॉलोनी निवासी प्रशांत गुप्ता के कारीगरों से कोठी मीना बाजार के पास चांदी लूटी थी।

जिसे बीती रात को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल भाजपा नेता फरार है, जिसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

वहीं, पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लुटेरों के पास से पुलिस ने तीन तमंचे, टाटा सफारी, स्विफ्ट डिजायर, दो बाइक, 18900 रुपये, लूटी गई नौ किलोग्राम चांदी बरामद हुई है।

इस संबंध में भाजपा ब्रजक्षेत्र अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी ने बताया कि समीर अब्बास के बारे में जानकारी की गई है।

वह अल्पसंख्यक मोर्चा के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष के पद पर था लेकिन डेढ़ साल पहले ही उसे पद से हटाया जा चुका है, तभी से वह पार्टी में सक्रिय भी नहीं है। फिलहाल पुलिस अब लूटेरे अब्बास की तलाश कर रही है।

# व्यापारियों का हित सर्वोपरि है

लखनऊ। भारतीय व्यापार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष का लखनऊ में हुआ भव्य स्वागत। राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाकांत तिवारी जी का आज प्रदेश कार्यालय में आगमन हुआ,जहां अन्य व्यापारियों ने तिवारी जी का माल्यार्पण वह पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया,



अपने उद्बोधन के क्रम में तिवारी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश के जिले इकाइयों के व्यापारियों की दशा व दिशा बदली–बदली सी नजर आएगी साथ ही हर वह मुद्दा जो व्यापारिक व व्यापारियों के हित में होगा प्रमुखता से शासन व प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा, क्योंकि व्यापारी इस जन–व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग होता है

इसीलिए इनकी महत्ता भी विशेष होनी चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप में डीआर सज्ञानी,जितेंद्र गुप्ता,वीरेंद्र तिवारी, राजीव कुमार,आरके मिश्रा,एसके मिश्रा,विवेक राय,फरीद अब्बासी, राजेश जायसवाल,पुत्तन अग्रवाल, सोनू गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# महाराष्ट्र इमारत हादसाः 20 घंटे बाद 5 साल का बच्चा जिंदा निकला....मलबे के किनारे फंसा था



**नेशनल डेस्क।**

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में महाड तहसील के काजलपुरा में 'तारक गार्डन नाम की पांच मंजिला आवासीय इमारत सोमवार देर शाम करीब सात बजे ढह गई थी। इस पांच मंजिला इमारत के गिरने के एक दिन बाद भी मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश की जा रही है, पुलिस के मुताबिक 19 लोग अब भी लापता हैं। वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 5 साल के बच्चे को बचाया गया है। डिप्टी कमांडेंट ने बताया कि बच्चे ठीक और स्वस्थ है। एनडीआरएफ अधिकारी के मुताबिक बच्चा एक किनारे दुबका हुआ था। हृष्ठक्रस्न के दो जवान जब मलबे को हटा रहे थे, तभी एक किनारे में बच्चे को देखा गया था, फिर उसे बाहर निकाला गया और अस्पताल भेजा गया। राज्य आपदा प्रबंधन इकाई के मंत्रालय राज्य नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि इमारत में करीब 40 मकान थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षित निकाले गए लोगों को मुंबई से करीब 170 किलोमीटर दूर महाड के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं एक बुजुर्ग शख्स अपने बेटी, नाती और नातिन की तलाश कर रहे है। 64 वर्षीय मोहम्मद अली बताया कि उन्हें ढही इमारत 'तारक गार्डन में रहने वाली अपनी बेटी और उसके तीन बच्चों की स्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वे कल रहात से ही उनको ढूंढ रहे हैं।

## कोविड-19: पिछले 25 दिनों में मरीजों के ठीक होने की दर में 100 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।**

कोविड-19 के पिछले 24 घंटे में 66,550 मरीज ठीक होने के बाद देश में कुल 24.04 लाख लोग अभी तक संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। वहीं देश में कुल 7,04,348 मरीजों का कोरोना वायरस का इलाज चल रहा है जो कुल मामलों का 22.24 प्रतिशत है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण मुक्त हुए लोगों और जिनका इलाज चल रहा है उनके बीच 17 लाख से अधिक का फासला परीक्षण करने और कुशलता से इलाज करने की सरकार की नीति की सफलता दर्शाता है। मंत्रालय ने कहा, कोविड-19 की मृत्यु दर में तेजी से गिरावट आ रही है और आज की तारीख में वह 1.84 प्रतिशत है। पिछले 25 दिनों में मरीजों के ठीक होने की दर में 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी हुई है। उसने कहा, भारत में कोविड-19 के मरीजों के ठीक होने की दर 75.92 प्रतिशत है।

जिनका इलाज चल रहा है उन मरीजों की तुलना में ठीक हुए मरीजों की संख्या 3.41 गुना अधिक हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 66,550 मरीज ठीक हुए हैं। उसने इस बात पर जोर दिया कि केन्द्र सरकार और राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों द्वारा लागू किए गए सहयोगात्मक और रणनीतिक उपाय परिणाम दिखा रहे हैं। देश में अब भी 7,04,348 लोगों का कोरोना वायरस संक्रमण का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 22.24 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार देश में एक दिन में 60,975 लोगों में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि होने के बाद कोविड-19 के मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 31,67,323 हो गई है। वहीं पिछले 24 घंटे में 848 संक्रमितों की मौत होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 58,390 हो गई है।

## सामूहिक आत्महत्या में बड़ा खुलासा, प्रताड़ना ने ली पूरे परिवार की जान

**टीकमगढ़।** टीकमगढ़ जिले के खरगापुर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों द्वारा आत्महत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ हैं। पुलिस के अनुसार इस परिवार को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया था, जिसके बाद सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। थाना खरगापुर की पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट, सुसाइड नोट व कुछ अन्य सबूतों के आधार पर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, रविवार को एक ही परिवार के 5 सदस्यों ने अपने घर में आत्महत्या कर ली थी। मृतकों में 4 साल का मासूम भी शामिल था। मामले को गंभीरता से लेते हुए खरगापुर की पुलिस टीम द्वारा जांच की गई जिसमें पाया गया कि - रामेश्वरजडिया, प्रेमलालसाहू, विजयसोनी, अरविंदसोनी, रूपासोनी, अजयसोनी, कु.पूजा सोनी, राजेंद्र सोनी, कौशल किशोर सोनी वगैरह द्वारा मृतक धर्मदास सोनी, पूनासोनी, मनोहर सोनी, सोनम सोनी, सानिध्य सोनी, निवासी वार्ड नं- 8 खरगापुर, थाना खरगापुर को उनकी जमीन बेचने के लिए मजबूर किया गया। जिससे मृतकगणों को तकरीबन 16 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। जिस कारण उन्होंने आरोपियों कृत्य से व मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर पूरे परिवार सहित आत्महत्या कर ली थी। इस हत्याकांड दंडाधिकारी सुभाष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत खरे द्वारा निर्देशित टीम थाना पर तत्काल अजय शुक्ला की टीम ने मुख्य भूमिका निभाई।

## बंगले में शराब पार्टी करते पकड़े गए 20 लड़के-लड़कियां, पुलिस रेड पड़ते ही मची अफरा तफरी

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र की पॉश कालोनी में पुलिस द्वारा की गई रेड में 15-20 लड़के लड़कियों को पकड़ा। पुलिस ने यह कार्रवाई स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद की। सभी लड़के लड़कियां बंगले पर देर रात पार्टी कर रहे थे। मामला कनाड़िया थाना क्षेत्र के एम्पायर स्टेट पर महेश अग्रवाल का बंगाल है। जिसमें देर रात कुछ लड़के लडकियां शराब पार्टी कर रहे थे। रहवासियों की शिकायत पर मौके पर पहुंची कनाड़िया पुलिस ने पार्टी बंद करवाकर इन्हें पकड़ा। रहवासियों के अनुसार, इस बंगले का मालिक महेश नाम का शख्स है जो ऑनलाइन बुकिंग करता है। यहां काम करने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह चार-पांच साल से काम कर रहा है। मकान मालिक मुंबई में रहते हैं। पूरी बुकिंग ऑनलाइन होती है। लोग आते हैं, पार्टी करते हैं। इस सप्ताह में ही दो बार पार्टी हो की गई थी। मामले की जानकारी देते हुए टीआई कनाड़िया ने बताया कि जन्मदिन की पार्टी पर सभी लोग आए थे । फिलहाल जांच पड़ताल की जा रहा है। पुलिस ने लड़कियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें समझाइस देकर छोड़ा गया है वही लड़कों से पूछताछ की जा रही है । वही बंगले के मालिक के बारे में भी जांच पड़ताल कर रही है।

## अवमानना केसः अटॉर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा-प्रशांत भूषण को चेतावनी देकर छोड़ दें

**नेशनल डेस्क।**

अवमानना के लिए दोषी ठहराए गए वकील प्रशांत भूषण के मामले में मंगलवार को एक बार फिर सुनवाई हुई, जिस पर अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उनको माफी दे देनी चाहिए और चेतावनी देकर छोड़ देना चाहिए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रशांत भूषण को बोलने की स्वतंत्रता है, लेकिन उनका कहना है कि वह अवमानना के लिए माफी नहीं मांगेंगे। कोर्ट ने कहा कि अदालत केवल अपने आदेश के जरिए ही अपनी बात रख सकती है। अपने हलफनामे में भी प्रशांत भूषण ने अपमानजनक टिप्पणी की है । प्रशांत भूषण ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ध्वस्त हो गया है, क्या यह आपत्तिजनक नहीं है, शीर्ष अदालत की पीठ ने अटॉर्नी जनरल से पूछा। कोर्ट ने कहा कि प्रशांत ने शीर्ष अदालत की गरिमा और गंभीरता को नहीं समझा जिससे कोर्ट की छवि को गहरा आघात लगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर प्रशांत अपनी गलती पहले ही मान जाते और माफी मांग लेते तो मामला यहां तक नहीं पहुंचना था। सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकर्त्ता-अधिवक्ता प्रशांत भूषण तथा पत्रकार तरुण तेजपाल के खिलाफ 2009 के अवमानना मामले को मंगलवार को दूसरी पीठ को सौंपने का फैसला किया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई सुनवाई में पीठ ने कहा कि यह मामला काफी समय से लंबित है, इसे 10 सितंबर को एक उपयुक्त पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। दो



सितंबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि इस मामले को देखने के लिए समय चाहिए अतः इसे एक उपयुक्त पीठ को सौंपते हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी।

## कोरोना की रोकथाम के लिए बड़ी-ब्राह्मणा नगर पालिका ने शुरू की सेनिटाइजेशन ड्राइव



**साम्बा ।**

कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए म्युनिसिपल कमेटी बड़ी ब्राह्मणा द्वारा आज सेनिटाइजेशन ड्राइव की शुरुआत की गई। नगर पालिका की वार्ड-5 इस अभियान को शुरू किया गया। अभियान से पहले नगर पालिका समिति के अध्यक्ष पूर्ण चंद ने सफाई कर्मचारियों को उनके सामान भेंट किया। नगर पालिका के अध्यक्ष पूर्ण चंद की अध्यक्षता में शुरू हुए इस सेनिटाइजेशन ड्राइव के दौरान कार्यकारी अधिकारी जोधराज भी मौजूद रहे जिन्होंने सफाई अभियान की निगरानी की। इस मौके पर ना अध्यक्ष पूर्ण चंद ने बताया कि सभी पार्षदों व स्थानीय लोगों की काफी लंबे समय से यह मांग थी कि कोरोना की रोकथाम के लिए जोरदार सफाई अभियान शुरु किया जाए और हरेक वार्ड को कवर किया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में बड़ी ब्राह्मणा की हर वार्ड में ऐसा ही सैनिटाइजेशन ड्राइव चलाया जाएगा।

## कांग्रेस में अंतर्कलह अभी बाकी, सिब्बल ने कहा- मेरे लिए पद नहीं, देश अहम है

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में सोनिया गांधी को फिर से अंतरिम अध्यक्ष चुन लेने के बाद ऐसा माना जा रहा था कि वरिष्ठ नेताओं के बीच तल्खी खत्म हो गई किंतु पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के मंगलवार को किए ट्वीट से आभास होता है कि घमासानअभी बाकी है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सोमवार को बैठक में बयान के बाद ट्वीट करने वाले देश के वरिष्ठतम अधिवक्ताओं में से एक सिब्बल के आज के ट्वीट से अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा,यह किसी पद की बात नहीं है। यह मेरे देश की बात है जो सबसे ज्यादा जरूरी है। सिब्बल ने सोमवार को बैठक में गांधी की नाराजगी वाली रिपोर्ट के बाद भी ट्वीट किया था, किंतु बाद में वरिष्ठ अधिवक्ता ने ट्वीट यह कहते हुए हटा लिया था कि राहुल ने उनसे कहा कि उन्होंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। वहीं कांग्रेस से निलंबित नेता संजय झा ने भी आज एक चुटकी वाला ट्वीट कर कहा है, %यह अंत की शुरुआत है। झा के इस ट्वीट को भी कांग्रेस में चल रही हलचल से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिब्बल ने यह टिप्पणी उस वक्त की है कि जब एक दिन पहले ही कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में राहुल गांधी की एक कथित टिप्पणी और फिर उन पर सिब्बल की तरफ से निशाना साधे जाने के बाद विवाद हो गया था। बाद में सिब्बल ने कहा कि खुद राहुल गांधी ने उन्हें सूचित किया कि उनके हवाले से जो कहा गया है वो सही नहीं हैं ।

## कोविड-19 संकट के कारण बढ़ रहे हैं तनाव के मामले, 1,300 से अधिक लोगों ने मांगी मदद



**मुम्बई।**

कोविड-19 से निपटने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के बीच मानसिक तनाव और अवसाद का सामना कर रहे 1,300 से अधिक लोगों ने चिकित्सकीय मदद के लिए महाराष्ट्र सरकार से सम्पर्क किया है। राज्य की एक स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। साथ ही निजी डॉक्टरों ने भी दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में लोगों में अवसाद, मनोग्रसित बाध्यता विकार (ओसीडी) और घर से बाहर जाने में डर के मामले काफी बढ़े हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग की एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, महाराष्ट्र के 36 जिलों में से 30 में 1,302 लोग मनोचिकित्सकों की मदद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनमें से कुछ हिंसक व्यवहार से पीड़ित थे, जैसे लंबे समय तक अवसाद के परिणामस्वरूप खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करना आदि। उन्होंने कहा, च्च् आंकड़ों को अब भी संकलित किया जा रहा है क्योंकि कुछ जिलों से मामलों की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। मामले 1,302 से कई अधिक हो सकते हैं। इस वर्ष मार्च से पहले (कोविड-19 के प्रकोप से पहले) प्रसिद्ध मनोचिकित्सक आनंद नाडकर्णी ने कहा था कि उनके पास ओसीडी के रोजाना छह से सात मामले आते थे और अब हर दिन 32 से 36 मामले आ रहे हैं। उन्होंने कहा, कई लोग ओसीडी को बीमारी नहीं मानते इसलिए यह लंबे तक उनका जीवन प्रभावित करता है।

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ मृदुला आप्टे ने बताया कि वैश्विक महामारी से पहले हर सप्ताह उनके पास तनाव संबंधी दो से तीन मामले आते थे। लेकिन अब रोजाना कम से कम तीन लोग इस समस्या को लेकर आते हैं। आप्टे का पुण में एक क्लीनिक है। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ और महाराष्ट्र संचारी रोग निवारण एवं नियंत्रण तकनीकी समिति के अध्यक्ष डॉ. सुभाष सालुंके ने कहा कि कोविड-19 के कारण उत्पन्न अवसाद और मानसिक तनाव एक वैश्विक परेशानी बन गया है। उन्होंने कहा, जो लोग पहले से ही ऐसी बीमारियों से पीड़ित थे, वे बीमारी बढने् की शिकायत कर रहे हैं। कुछ लोग जिनमें हल्के लक्षण थे या उनमें ऐसी ही समस्याएं थीं, जिनके बारे में कभी पता नहीं चला, वे अब परामर्श लेना चाहते हैं। सालुंके ने कहा कि ऐसे भी कई लोग हैं, जिन्हें पहले ऐसी कोई परेशानी नहीं थी लेकिन अब वैश्विक महामारी के कारण उन्हें इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## अमेरिका ने दक्षिण चीन सागर में दुनिया के सबसे घातक युद्धपोत और लड़ाकू विमान किए तैनात

**इंटरनेशनल डेस्क।** चीन और अमेरिका के बीच दक्षिण चीन सागर को लेकर तनातनी बढ़ती जा रही है और दोनों देश आमने-सामने आ चुके है। चीन को सबक सिखाने के लिए अमेरिका ने अब ड्रेगन को खुली चुनौती दी है। चीन को युद्ध भड़काने से रोकने के लिए अमेरिका ने हिंद-प्रशांत सागर में अपने जंगी जहाज युद्धपोत और परमाणु बमवर्षक लड़ाकू विमान तैनात किए हैं। अमेरिका द्वारा दक्षिण चीन सागर में युद्धपोत और हिंद महासागर के डिएगो गार्सिया द्वीप में परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम तीन बी-2 स्टील्थ बमवर्षक तैनात किया गया है। अमेरिका का यह कदम लद्दाख से लेकर ताइवान तक चीन को रोकने के लिए एक स्पष्ट संदेश है। दोनों क्षेत्रों में जारी गतिरोध के बीच तीन रडार-विकसित बमवर्षक, जो दुनिया में सबसे उन्नत के लड़ाकू विमान के रूप में पहचाने जाते हैं, 12 अगस्त को डिएगो गार्सिया में पहुंचे। अमेरिका का यह नौसैनिक अड्डा भारत से महज 3,000 किलोमीटर दूर है। इसी के साथ अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस रोनाल्ड रीगन भी 14 अगस्त को दक्षिण चीन सागर की ओर बढ़ गया था। बी-2 बमवर्षकों की लद्दाख क्षेत्र में भी बड़ी सामरिक प्रासंगिकता है। विशेष रूप से, उनका उपयोग 4,000 किलोमीटर की सीमा वाले डीएफ-26 बैलिस्टिक मिसाइलों को नष्ट करने के लिए किया जा सकता है। चीन शायद भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया को शामिल करते हुए इंडो-पैसिफिक क्वाड के एयरक्राफ्ट कैरियर अमेरिका के मिसौरी एयरफोर्स बेस से तीन बी-2 स्प्रिट स्टील्थ बमवर्षक विमान करीब 29 घंटे की यात्रा करके डियागो गार्सिया पहुंचे हैं। यूएस एयरफोर्स के कमांडर कर्नल क्रिस्टोफर ने कहा कि हम डियागो गार्सिया जैसी महत्वपूर्ण जगह पर आकर बहुत रोमांचित हैं।

### संक्षिप्त समाचार



## खाने की तलाश कर रहे बच्चे की दिल्ली पुलिसकर्मी ने डंडे से की बुरी तरह पिटाई

**नेशनल डेस्क।** पुलिस लोगों की रक्षा और समस्याओं का हल करने के लिए होती है लेकिन जब उसी के कर्मी और अधिकारी लोगों को प्रताड़ित करने लग जाए तो कोई इंसाफ और सुरक्षा के लिए किसका दरवाजा खटखटाएगा। कुछ ऐसा ही चेहरा सामने आया है दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी का। दिल्ली पुलिस के कर्मचारी ने एक मासूम बच्चे की बीच सड़क बुरी तरह से पिटाई की। बच्चे की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो को किसी ने दूर से छिप कर बनाया है। घटना गत शनिवार को दक्षिण पश्चिम दिल्ली के आर. के. पुरम हुई। वीडियो में दिख रहा है कि एक छोटा बच्चा शायद खाने की तलाश में ढाबे के बाहर गिरे कूड़े में कुछ खंगाल रहा है तभी दो पुलिस कर्मी वहां आते हैं। एक पुलिस कर्मी एक तरफ खड़ा हो जाता है और दूसरा डंडे से बच्चे की बुरी तरह से पिटाई करने लगता है। बच्चा हाथ जोड़कर पुलिसकर्मी को छोड़ने के लिए कहता है लेकिन वह उसे फिर पीटता है। तभी साथ में खड़ा दूसरा पुलिसकर्मी उसे बताता है कि कोई वीडियो बना रहा है। पुलिस कर्मी उस वीडियो बनाने वाले की तरफ दौड़ता है। बच्चे की इस तरह बुरी तरह पिटाई से सोशल मीडिया पर लोग काफी गुस्सा निकाल रहे हैं। कई लोग उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ एक्शन लेने की बात कर रहे हैं तो किसी ने लिखा ऐसा भारत में ही हो सकता है जहां रोटी मांगने पर डंडे और पिटाई ही मिलती है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद एक कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में कॉन्स्टेबल के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) देवेंद्र आर्य ने कहा कि मामले के बारे में पता चलने पर हमने कॉन्स्टेबल को निलंबित कर दिया और मामले में जांच के आदेश दिए हैं।। पुलिस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) अमित कौशिक को तथ्यान्वेषी जांच करने को कहा गया है और उसके आधार पर ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भूस्खलन, चार लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के चलते भूस्खलन की घटनाओं में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि माहोरे इलाके के खौर में सोमवार रात भूस्खलन होने से खलील अहमद (30) और उसकी पत्नी रक्षना बेगम (25) तथा उसके रिश्तेदार मोहम्मद असलम की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के समय ये लोग मवेशियों को चरा रहे थे। भूस्खलन की घटना में कई पशुओं की भी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि सोमवार को ही खांदी गली ढोक में भूस्खलन होने से 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह भी मवेशियों को चराने निकला था। इस घटना में पांच भैंस भी मारी गईं।

## नहीं टला अभी खतरा, दिल्ली में छिपे हैं दो आतंकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और यूपी पर आतंकी खतरा अभी टला नहीं है, क्योंकि राजधानी या यूपी में आईएसआईएस के दो आतंकी छिपे हुए हैं। दिल्ली स्पेशल सेल के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आईएसआईएस के आतंकी अबू यूसुफ उर्फ मुस्तकीम से मिले इनपुट से पता चला है कि दो आतंकी राजधानी में उस दिन पहुंचे थे और उससे मिलने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही वह पकड़ा गया। जिसके बाद दोनों आतंकी फरार हो गए। अब ये कहां हैं, ये पता नहीं है, इसलिए इनकी तलाश के लिए अलर्ट जारी किया गया है। अब तक की पूछताछ में ये साफ है कि इस बार टारगेट दिल्ली थी और उसमें भीड़-भाड़ वाले इलाके शामिल थे। लेकिन कौन से, इसके बारे में तुस्तकीम ज्यादा जानकारी नहीं दे पाया। नतीजतन दिल्ली पुलिस उसके दो साथियों की तलाश में जुट गई है, क्योंकि उन्हीं दोनों के पास दिल्ली का पूरा प्लान है। आतंकी मुस्तकीम कभी भी एक फोन को ज्यादा लंबे समय तक इस्तेमाल नहीं करता था, उसके पास से 10 मोबाइल की जानकारी मिली है, जिनके जरिए वह पाक और विदेशों में भी संपर्क करता था। उसके तार दिल्ली के तिहाड़ जेल से भी जुड़े पाए गए हैं, क्योंकि एक माह पहले जेल में बाद एक कथित आतंकी से बातचीत करना उसने कबूल किया है। सूत्रों के मुताबिक मुस्तकीम की पत्नी जांच में सहयोग कर रही है। पति के आतंकी बन जाने की जानकारी पत्नी व उसके भाई को थी। सेल पत्नी को सरकारी गवाह बनाने पर विचार कर रही है। सरकारी गवाह बनने के लिए तैयार हो जाने पर उसे गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। मुस्तकीम के पकड़े जाने के बाद से उसकी पत्नी का भाई साला लखनऊ स्थित अपने घर से फरार है। सेल उसे गिरफ्तार कर सकती है।

## गैंगस्टरों को सौंप रही भारत में हमले की जिम्मेदारी




**नई दिल्ली।** भारत में सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ खुफिया एजेंसियों के सामने अपराध की एक नई प्रवृत्ति सामने आई है। पाकिस्तान की आई.एस.आई. और उसके आतंकी संगठन भारत में स्थानीय गैंगस्टरों को हमले का जिम्मा सौंप रहे हैं। हाल ही में, चंडीगढ़ की खुफिया इकाई ने सभी खुफिया एजेंसी इकाइयों को अलर्ट किया था कि आई.एस.आई. और अन्य आतंकी संगठनों ने कुछ नेताओं को निशाना बनाने के लिए 5 गैंगस्टरों को काम सौंपा था। फिलहाल, 5 में से 2 गैंगस्टर फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश कर रही है, जबकि अन्य 3 पंजाब की विभिन्न जेलों में बंद हैं। ये गैंगस्टर दर्जनों हत्याओं, डकैती, नशीले पदार्थों के मामलों और जेलों से रैकेट चलाने में शामिल हैं। स्थानीय पुलिस को ऐसे स्थानीय बदमाशों पर नजर रखने और जेल में रहने के दौरान उनके कार्यों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। इस नई रणनीति के पीछे कारण यह है कि स्थानीय स्लीपर सैल, जो आई.एस.आई. की रीढ़ की हड्डी हैं, लगभग समाप्त हो गए हैं या काम करने से इंकार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा मारे जाने का डर है। लगभग समाप्त हो गए हैं या काम करने से इंकार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें सुरक्षा बलों द्वारा मारे जाने का डर है। इसके अलावा, स्थानीय गैंगस्टर आसानी से सामग्री एकत्र कर सकते हैं और राज्यों में हमलों को अंजाम दे सकते हैं।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

एंटी करप्शन ब्यूरो की सफल ट्रेप।

# जमीन सर्वेक्षण अधिकारी और डिप्टी मामलतदार दो अधिकारी समेत चार लोगों को 9 लाख रुपयो की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार।

सूरत। शहर में रिश्वत के बड़े मामले को उजागर करने में एंटी करप्शन ब्यूरो को बड़ी सफलता मिली है।

एसीबी की एक टीम ने नानपुरा इलाके में जाल बिछाकर डिप्टी मामलतदार सहित दो अधिकारी और दो प्राइवेट लोगो को 9 लाख रुपयो की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया है।

सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार एक जागरूक नागरिक ने एसीबी में शिक़ायत दर्ज करवाई थी

कि उसकी जमीन का सर्वेक्षण करना था जिसके लिए आरोपी रितेश बालू राजपरा (हक्क चौ. कसी अधिकारी एवं इंचार्ज जिला निरीक्षक जमीन दफ्तर,वर्ग–2, बहुमालि केम्पस,नानपुरा) और जस्मिन अरविंद बोघरा (डिप्टी मामलतदार,वर्ग–3,जनसेवा केंद्र, पूणा) ने मिलकर 18 लाख रुपयों की रिश्वत की मांग की थी।जिसमे से आधा एडवांस औ- आधा काम होने के बाद मांगा था।

**आरोपी में जमीन सर्वेक्षण अधिकारी और डिप्टी मामलतदार शामिल है।**

इतना ही नही आरोपियों ने शिकायकर्ता को फोन करके अपने अपने निजी आदमियों को राशि देने के लिए कहा था।जबकि शिकायतकर्ता रुपये नही देना चाहता था।

इसलिए उसने एसीबी में शिकायत की थी।

शिकायत के आधार पर एसीबी की एक टीम ने मंगलवार को नानपुरा स्थित जाजिस कोलोनी के बाहर स्थित बस स्टैंड के पास जाल बिछाया ।

और उपरोक्त दोनो अधिकारी एवं निजी व्यक्ति डोलर रवजी चक्लासिया और राजेश कुमार भनु शेलड़िया को 9 लाख रुपयो की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

घटना से हड़कम्प मच गया है।

एसीबी द्वारा आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई एवं पूछताछ शुरू की गई है।










## सूरत में अब्रामा–वालक को जोड़ने वाले फ्लाईओवर के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने मंजूर किए 100 करोड़

मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने सूरत महानगरपालिका क्षेत्र में निर्माणाधीन आउटर रिंग रोड के अंतर्गत तापी नदी पर अब्रामा और वालक इलाके को जोड़ने वाले फ्लाईओवर के निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस पुल के निर्माण से सूरत महानगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पूर्वी और उत्तरीइलाकों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण लिंक मिलेगा। इसके चलते मुंबई की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग से यानी पलसाणा होते हुए आने वाले वाहन सूरत शहर में प्रवेश किए बिना सीध ो वरियाव, सायण और गोथाण क्षेत्र की ओर जा सकेंगे, जिससे शहर में यातायात का दबाव भी नहीं बढ़ेगा। उसी तरह, इन इलाकों के वाहन आउटर रिंग रोड के इस फ्लाईओवर का उपयोग कर सीध ो मुंबई की ओर जा सकेंगे। इस फ्लाईओवर के निर्माण से सूरत महानगरपालिका सीमा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व और उत्तर दिशा के क्षेत्रों को एक अहम कनेक्टिविटी प्राप्त होगी और शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक का बोझ भी कम होगा। इतना ही नहीं, यह पुल आउटर रिंग रोड और उससे जुड़ेक्षेत्रों के त्वरित विकास में महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित हो रहे सूरत महानगर में प्रवेश करने और बाहर निकलने के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक का बोझ कम करने के लिए कुल 66.77 किलोमीटर लंबाई और 90 मीटर चौड़ाई वाला आउटर रिंग रोड बनाने की योजना को अमल.



ीजामा पहनाया जा रहा है। यह रिंग रोड सूरत शहर के साथ जुड़े स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे को जोड़ने वाला रोड है। इसमें 39 किलोमीटर लंबाई के मौजूदा रोड को छोड़करशेष 27.774 किमी लंबे रोड को ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट के तौर पर तैयार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत अभी 17.32 किमी लंबाई और 45 मीटर चौड़ाई में आउटर रिंग रोड बनाने का कार्य प्रगति पर है।

यह आउटर रिंग रोड सूरत महानगर पालिका क्षेत्र में वालक के समीपतापी नदी को पार करता है। वहां तापी नदी पर वालक और अब्रामा इलाके को जोड़ने वाले पुल (फ्लाईओवर) के निर्माण की योजना बनाई बनाई गई है। 179.31 करोड़ रुपए की लागत से तापी नदी पर निर्मित होने वाला यह फ्लाईओवर 1.65 किमी लंबा और 2ग11.00 मीटर कैरिज–वे का (3+3 लेन) का होगा।

### गुजरात में कोरोना से अब तक 71261 हुए ठीक, 2930 मरीजों की मौत

गुजरात में कोरोना का आंकड़ा 88942 पर पहुंच गया हैद्य जिसमें 14751 सक्रिय मरीज हैं, शेष 71261 लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैंद्य राज्य में कोरोना से अब तक 2930 मरीजों की मौत हो चुकी हैद्य राज्य में स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में राज्य में कोरोना के 1096 नए केस सामने आए हैंद्य जबकि 1011 लोगों को डिस्चार्ज किया गया हैद्य राज्य में आज 72577 समेत अब तक कुल 189177 टेस्ट में 88942 कोरोना पॉजिटिव केस मिले।

जिसमें 71261 लोगों के ठीक होने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया हैद्य जबकि राज्य में अब तक कुल 2930 मरीजों की मौत हो चुकी हैद्य शेष 14751 सक्रिय मामलों में 14672 मरीजों की हालत स्थिर है और 79 मरीज वेन्टीलेटर पर हैंद्य राज्य के विभिन जिलों में 476291 लोगों को कोरन्टाइन किया गया है।

## गुजरात में मौसम की औसत 106.78 फीसदी बारिश, कच्छ में 213 प्रतिशत

गुजरात में मौसम की अब तक 106.78 प्रतिशत औसत बारिश हो चुकी हैद्य सबसे अधिक कच्छ जोन में 213.57 प्रतिशत बारिश रिकार्ड हुई हैद्य जबकि सबसे कम पूर्व मध्य जोन में 80.35 प्रतिशत औसत बारिश हुई हैद्य पिछले 24 घंटों में गुजरात के 33 जिलों की 242 तहसीलों में बारिश हुई हैं।

राज्य की 10 तहसीलों में 4 से 9 ईंच तक बारिश हुई हैद्य सबसे अधिक कच्छ जिले की अबडासा तहसील में 225 मिमी, राजकोट की गोंडल तहसील में 179 मिमी बारिश दर्ज हुई।

भाणवड में 165 मिमी, लखपत में 160 मिमी, जामजोधपुर में 135 मिमी, राधनपुर में 115 मिमी, सांतलपुर में 114 मिमी, टंकारा में 104 मिमी, कच्छ के मांडवी में 101 मिमी और धोराजी में 100 मिमी बारिश हुईद्य राज्य की 19

तहसीलों में 2 से 4 ईंच तक बारिश हुई है।

जिसमें जामकंडोरणा, समी, वाडिया, सिद्धपुर, मोरबी, मुंद्रा, नखत्राणा, रापर, जेतपुर, लीलिया, भुज, दियोदर, दसाडा, कल्याण ापुर, गांधीधाम, उपलेटा, थानगढ़, मूली, द्वारका, संखेश्वर, उमरपाडा, कोटडा सांगाणी, वांकानेर, हारिज, सायला, लालपुर, वढवाण, बगसरा, लोधिका, भेसाण, खंभालिया, बा. बरा, बारडोली, भचाऊ, चोटीला, दांता, लखतर, कलोल, चूडा, अंजार, सूईगाम, राजकोट, सूरत के मांडवी, जामनगर, गरूडेश्वर, कुकरमुंडा, ऊंझा, खेरालु और अमरेली शामिल है।

इसके अलावा 66 तहसीलों में 1 से 2 ईंच और 116 तहसीलों में एक ईंच से भी कम बारिश हुई हैद्य राज्य में अब तक मौसम की 106.78 प्रतिशत औसत बारिश हो चुकी हैं।

जिसमें सबसेअधिक जोन में 213.57 प्रतिशत, सौराष्ट्र में 141.35 प्रतिशत, दक्षिण गुजरात में 92.29 प्रतिशत, उत्तरी गुजरात 92.22 प्रतिशत और पूर्व मध्य जोन में 80.35 प्रतिशत औसत बारिश रिकार्ड हुई है।

राज्यभर में हुई बारिश के कारण सरदार सरोवर नर्मदा बांध समेत 206 जलाशयों में नई जलराशि संग्रह हुई है।

सरदार सरोवर बांध में फिलहाल 232719 एमसीएफटी पानी का संग्रह हुआ है

जो कुल संग्रह शक्ति का 69.66 प्रतिशत है।

राज्य के 89 जलाशय 100 फीसदी पानी से लबालब हो गए हैंद्य जबकि 76 जलाशय ऐसे हैं जिसमें 70 से 100 प्रतिशत पानी जमा हुआ है।

सरदार सरोवर बांध समेत 15 जलाशयों में 50 से 70 फीसदी जल संग्रह हुआ है। 14 जलाशयों में 25 से 50 फीसदी और 11 जलाशयों में 25 प्रतिशत भी कम पानी संग्रह हुआ हैं।

# मंत्रिमंडल की बैठक में पेश होगा 'गुजरात लैंड ग्रैबिंग प्रोहिबिशन एक्ट' का प्रस्ताव जमीन हथियाने की गतिविधि पर सख्ती से रोक लगाने मुख्यमंत्री का निर्णय

अहमदाबाद मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने गुजरात में सरकारी, स्थ. ानीय निकाय संस्थाओं, सार्वजनिक ट्रस्ट, धार्मिक स्थलों, किसानों या निजी व्यक्ति की मालिकाना हक की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया तत्वों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के लिए अध्यादेश के जरिए एक कड़ा कानून लागू करने का संकल्प किया है। मुख्यमंत्री कल यानी बुध ावार को आहुत होने वाली राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव पेश करेंगे। वैश्विक विकास की छलांग लगा रहा देश के अग्रणी राज्य के रूप में गुजरात देश और दुनिया के निवेशकों, उद्योग, व्यापार और रोजगार के लिए निवेश का पसंदीदा स्थल और अवसरों की भूमि बना है। पिछले दो दशक में गुजरात के व्यापक विकास के कारण राज्य में आर्थिक, सामाजिक और व्यापारिक और खेतीबाड़ी की गतिविधियों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही इन सभी गतिविधियों में तेजी के कारण आवश्यक ढांचा स्थापित करने के लिए जमीन की मांग में भी लगातार उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो रही है। विशेषकर राज्य के महानगर पालिका क्षेत्रों और औद्योगिक इलाकों में तथा रिहायशी उद्देश्य के लिए जमीन की मांग में निरंतर बढ़ोतरी के साथ–साथ जमीन की बाजार कीमत में भी इजाफा हो रहा है। जमीन की खरीद–बिक्री से जुड़े कई तत्व तथा व्यक्तिगत रूप से इसमे रुचि रखने वाले तत्वों द्वारा परिस्थिति का फायदा उठाकर और रातोंरात आर्थिक लाभ प्राप्त करने की बदनीयती के साथ गैर कानूनी गतिविधियां करते हुए राज्य सरकार के स्वामित्व की या स्थानीय प्राधिकरण की जमीनें जबरन, धमकी देकर, धोखाधड़ी के जरिए जाली दस्तावेज बनाकर प्रत्यक्ष कब्जा या स्वामित्व न होने के बावजूद अवैध कब्जा जमाकर और कई मामलों में प्रशासनिक तंत्र के साथ मिलीभगत कर ऐसी जमीन हड़पकर अन्य लोगों के नाम तब्दील कराने, बिक्री या किराए पर देने की गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त हैं। किसानों तथा धार्मिक संस्थाओं की जमीन हथियाकर उस पर निर्माण कार्य कर बेचने संबंध ी अवैध गतिविधियों की शिकायतें राज्य सरकार को भी समय–समय पर मिली हैं। व्यक्तिगत मामलों में भी राज्य में अनेक लोगों के ऐसे तत्वों का शिकार बनने की जानकारी मिली है। इस वजह से कई बार राज्य सरकार के लिए कानून और व्यवस्था संबंध ी समस्या भी खड़ी हो जाती है। ऐसी स्थिति में किसी भी स्वरूप में जमीन हथियाने पर इस कानून के जरिए प्रतिबंध लगाया गया है और ऐसी गतिविधियों को अवैध घोषित किया गया है। इस कानून की व्यवस्था से केवल सरकारी या स्थानीय प्राधिकरणों के मालिकाना हक वाली जमीने ही नहीं बल्कि धार्मिक संस्था या दान की अथवा निजी व्यक्ति की जमीन का वैध किराएदार न होने पर भी कब्जा जारी रखने जैसी गतिविधियों में



संलिप्त व्यक्ति भी इस कानून के अंतर्गत अपराधी माने जाएंगे और दोष साबित होने पर कम से कम दस वर्ष और अधिकतम चौदह वर्ष तक की कैद तथा संपत्ति की जंत्री की कीमत तक के आर्थिक दंड के पात्र होंगे। इन कानून के तहत अपराध की जांच ऐसे पुलिस अधिकारी द्वारा ही की जाएगी जो पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) स्तर से नीचे का अधिकारी न हो। राज्य में इस कानून के लागू होने से किसानों, आम आदमी या निजी मालिकी, सार्वजनिक संस्था, सरकारी या स्थानीय निकाय की संस्थाओं की जमीनों पर अवैध या डरा–धमकाकर कब्जा करने वाले भूमाफिया तत्वों के खिलाफ कठोर सजा और दंडात्मक कार्रवाई करने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस तरह, अध्यादेश के प्रावधानों के अमल में आने से जमीन हथियाकर बेच देने जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले इस कानून के शिकंजे में आने से जन समाज अपनी जमीन के मालिकाना हक को लेकर चिंता मुक्त रह सकेगा। और तो और किसानों, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े सार्वजनिक ट्रस्ट और संस्थाओं को भी इस कानून का समर्थन मिलने से उनके संचालन में सरलता रहेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में राजस्व सेवाओं के सरलीकरण के लिए टेक्नोलॉजी के अधिकतम उपयोग और फेसलेस व्यवस्थाएं विकसित की हैं। हाल ही में राज्य सरकार ने जमीन खरीदी के संबंध में गणोत कानूनों में क्रांतिकारी सुधार कर कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य और इंजीनियरिंग शिक्षा सहित बोनाफा. इड इंडस्ट्रियल परपज की जमीनों की खरीद–बिक्री में सुगमता लाकर पारदर्शिता और निर्णायकता की जनअनुभूति कराई है। इसके परिणामस्वरूप अब जमीन धारक को अपनी कृषि या गैर–कृषि जमीन की समयानुकूल उचित कीमत मिलेगी, ऐसे में जमीन पर बेजाकब्जा जमाकर बैठे तत्वों पर शिकंजा कसकर वास्तविक जमीन मालिकों को उचित मूल्य दिलाकर आर्थिक सहारा देने का नवीन दृष्टिकोण अपनाने मुख्यमंत्री ने यह निर्णय करने की पहल की है। राज्य सरकार जमीन हथियाने की भूमाफियाओं की गतिविधियों पर रोक लगाने को संकल्पबद्ध है इसलिए राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव लाकर तत्काल कदम उठाते हुए अभी विध ानसभा का सत्र चालू नहीं होने की स्थिति में अध्यादेश जारी करने का मुख्यमंत्री ने निर्णय किया है। इस अध्यादेश के प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। इसके प्रभावी कार्यान्वयन से जमीनों पर अवैध कब्जा करने वाले, ऐसी जमीनों पर निर्माण कार्य के लिए वित्तीय सहायता करने वाले तथा ऐसी जमीनों के कब्जेदारों से आपराधिक धमकी के जरिए किराया, मुआवजा या अन्य वसूली करने या उसमें मदद करने वाले सभी व्यक्ति जमीन हथियाने वाले व्यक्ति की व्याख्या में आ जाएंगे।

**दी गुजरात लैंड ग्रैबिंग (प्रोहिबिशन) एक्ट–अध्यादेश के कई अहम प्रावधान निम्नानुसार है:**

इस कानून में ऐसे कठोर प्राव़ ाान किए गए हैं कि राज्य में किसी भी स्वरूप में जमीन हथियाना या जमीन हड़पने के मकसद से की गई अन्य गतिविधि प्रतिबंधित, गैर कानूनी और दंडनीय अपराध मानी जाएगी।

जमीन हथियाने के ऐसे मामलों की त्वरित, पारदर्शी जांच और सुनवाई के लिए तथा भूमाफियाओं को कठोर सजा दिलाने के लिए राज्य सरकार आवश्यकतानुसार विशेष अदालतों का गठन करेगी।

यह व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी कि ऐसी विशेष अदालतों के सामने मामला आने के छह महीने के भीतरउसका निपटारा कर दिया जाए।

राज्य सरकार मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए हरेक विशेष अदालत में एक सरकारी वकील (लोक अभियोजक) की नियुक्ति करेगी।

ऐसी विशेष अदालतें सुओ मोटो यानी स्वतः संज्ञान लेकर जमीन हथियाने वाले के खिलाफ नियमानुसार कठोर कानूनी कार्यवाही कर सकेंगी।

दी गुजरात लैंड ग्रैबिंग (प्रोहिबिशन) एक्ट–2020 के प्राव़ ाानों के अनुसार जमीन हथियाने के साथ जुड़े अन्य अपराधों जैसे कि हथियाई हुई जमीन को बिक्री के लिए पेश करना या उसके लिए विज्ञापन देना, अन्य व्यक्ति को जमीन हड़पने के लिए समर्थन, प्रोत्साहन या लालच देने वाले व्यक्ति को भी 10 से 14 से वर्ष तक की कैद और जंत्री कीमत जितना आर्थिक दंड जमा करना होगा।

इसके अलावा, ऐसी हथियाई हुई जमीन पर निर्माण कार्य के लिए अनुबंध करना या अन्य द्व ारा हड़पी गई जमीन खरीदने या उसे अपने कब्जे में लेने वाले को भी उतनी ही सजा होगी।

मुख्यमंत्री ने गुजरात में शहरों और महानगरों की सर्वांगीण विकास यात्रा को गति देने के लिए व्यापार, उद्योग, खेती, पशुपालन और रोजगार अवसरों के दायरे को बढ़ाकर जमीनों के अधिकतम उपयोग के जरिए उत्तम से सर्वोत्तम गुजरात के निर्माण की मंशा व्यक्त की है। इस मंशा को साकार करने की दिशा में गुजरात लैंड ग्रैबिंग (प्रोहिबिशन) एक्ट एक नया मील का पत्थर साबित होगा।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# सीडीओं ने अधिकारियों को विकास कार्यो में अपेक्षित गति व प्रगति लाने के दिये निर्देश

रायबरेली जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने विकास भवन के गांधी सभागार में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने शासकीय कार्यो को कार्य योजना तैयार करके समयबद्ध तरीके से युद्ध स्तर पर पूर्ण करे। उन्होंने निर्देश दिये कि गुगलशीट पर सभी मांगी गई सूचनाए अद्यतन अपलोड समय से की जाये। कायाकल्प योजनान्तर्गत विद्यालयों की बाउड्री जहां न बनी हो वहां शीघ्र ही बनवा ली जाये। इसके अलावा शौचालयों को भी साफ–सुथरा रखने के साथ ही दुरूस्त रखा जाये। मिशन प्रेरणा ग्रुप पर सभी सम्बन्धित अधिकारी पूरी तरह से सक्रिय रहने के साथ ही समस्त ग्राम पंचायतों व ग्रामों की सूची लेकर कायाकल्प सम्बन्धित कार्यो कों शीघ्र पूर्ण करें।

मुख्य विकास अधिकारी ने पीडी व समस्त बीडीओं को निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र व्यक्तियों का ही सत्यापन किया जाये साथ ही कोई भी पात्र व्यक्ति न छूटे और साथ ही यह भी ध्यान रखा जाये कि अपात्र व्यक्तियों को पात्रता सूची में न जोड़ा जाये। उन्होंने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी अपात्र व्यक्तियों को आवास आवंटित न किया जाये और पात्र व्यक्तियों को न छोड़ा जाये। अधिकारियों की कायाकल्प सहित विकास कार्यो की प्रगति भी कम है इसमें गति प्रदान करें। उन्होंने आईजीआरएस से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों को गुणवत्ता के अनुरूप नियमानुसार लम्बित प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाये तथा एक प्रति शिकायर्ता को भी उपलब्ध कराई जाये।



इस मौके पर डीसी मनरेगा, डीपीआरओ, डीडीओ, पीडी अधिकारियों से सम्बन्धित कार्यो को समस्त बीडीओं, एपीओं, बीएसए आदि सामनजस्य बनाकर पूर्ण किया जाये।

समस्त बीडीओं को सूचना विभाग की विधानसभावार सुशासन के 3 वर्ष पूर्ण नये भारत का नया उत्तर प्रदेश नामक पुस्तक व कोरोना जागरूकता सम्बन्धित पोस्टर को भी अपने–अपने क्षेत्रों में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु जागरूकता व विकास कार्यो को जन–जन तक पहुचाने हेतु दी गई।

इस मौके पर पीडी प्रेमचन्द्र पटेल, डीडीओ ए0के0 वैश्य, एडी सूचना प्रमोद कुमार, बीएसए आनन्द प्रकाश शर्मा सहित समस्त विकास खण्डो के अधिकारी उपस्थित थे।

इस मौके पर पीडी प्रेमचन्द्र पटेल, डीडीओ ए0के0 वैश्य, एडी सूचना प्रमोद कुमार, बीएसए आनन्द प्रकाश शर्मा सहित समस्त विकास खण्डों के अधिकारी उपस्थित थे।

## विकलांग उत्पीडन के विरोध में राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने घेरा थाना थाना प्रभारी ने दिया कार्यवाही का आश्वासन

कानपुर,(संजय मौर्य,उत्तरप्रदेश ब्यूरो) राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने आज थाना काकादेव का घेराव कर विकलांग उत्पीडन के विरोध में कार्यवाही की मांग की गयी द्य थानाध्यक्ष रणबहादुर सिंह ने कार्यवाही का आस्वाशन देकर घेराव को खत्म कराया




पार्टी के जिलाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया की पुलिस शासन सत्ता के दबाव में हैं। विकलांग उत्पीडन को धार्मिक विवाद का रूप दिया जा रहा हैं।

विकलांग जौहर अली की रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुयी तो राष्ट्रीय विकलांग पार्टी सड़क पर उतर कर संघर्ष करेगी द्य राहुल कुमार ने कहा की योगी सरकार में विकलांग व्यक्तियों का उत्पीडन बढ़ रहा है ।

जिसे पार्टी बिल्कुल बरदास्त नहीं करेगी ।

3 दिन मे दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती है तो थाना काकादेव में अनिश्चित कालिन ध ारना अनशन शुरू किया जाएगा।

आज थाना काकादेव का घेराव करने वालो में जिलाध्यक्ष

राहुल कुमार, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, आनन्द तिवारी, पवन राने , जौहरअली , दिलिप कुमार, प्रेम कुमार तिवारी, बंगाली शर्मा आदि शामिल थे

## कोविड–19 हेल्प डेस्क की स्थापना की गई

बछरावां रायबरेली

वैश्विक महामारी को. विड–19 देश ही नहीं विश्व के लिए चुनौती है। इस घातक महामारी से सुरक्षा के लिए दयानंद पीजी कॉलेज बछरावां में एनएसएस इकाई द्वारा कोविड–19 हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है।

इस हेल्प डेस्क के माध्यम से महाविद्यालय में आने वाले सभी लोगों का थर्मल स्क्रीनिंग किया जाता है। इस हेल्प डेस्क पर सै. निटाइजर मास्क फेस शील्ड आदि कोविड–19 की सुरक्षा संबंधी सभी संसाधनों को उपलब्ध कराया गया है। महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक इस हेल्प डेस्क पर सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि ष्कोविड–19 महामारी से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग मास्क एवं सैनिटाइजर का उपयोग करके स्वयं एवं समाज को इस घातक बीमारी से बचाया जा सकता है। एनएसएस के स्वयंसेवक इस




महामारी से बचाव के लिए जन जागरण अभियान के माध्यम से कीर्तिमान स्थापित किया है।ष

एनएसएस प्रभारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे एनएसएस के स्वयंसेवक आयुष मंत्रालय के बताए गए प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कोविड–19 से बचाव का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी डॉ शिशिर श्रीवास्तव, एनसीसी एएनओ डॉ विष्णु चंद श्रीवास्तव, डॉ राकेश, सुखबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

हेल्प डेस्क पर विजय, शिव बहादुर और विनय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## प्रोजेक्ट ई–ज्ञान गंगा के अंतर्गत पठन–पाठन हेतु कक्षावार– विषयवार लेक्चर वीडियोस के माध्यम से कराया जाएगा पठन–पाठन : डीआईओएस

लखीमपुर खीरी 25 अगस्त 2020। जिला विद्यालय निरीक्षक हयात अली अंसारी ने बताया कि कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण इस वर्ष शासन के निर्देशानुसार माध्यमिक विद्यालयों का संचालन वर्चुअल स्कूल के रूप में किया जाना है। जिसके अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश में निध ारित समय सारणी के अनुसार कक्षावार,विषय वार शैक्षणिक वीडियोज का प्रसारण एवं आ. ॅनलाइन अध्ययन सुनिश्चित किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट ई–ज्ञान गंगा के अंतर्गत पठन–पाठन हेतु कक्षावार विषय वार लेक्चर वीडियोज के माध्यम से पठन–पाठन कराया जाएगा।

उन्होंने वीडियोज के प्रसारण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दूरदर्शन उत्तर प्रदेश चैनल पर कक्षा 10 से 12 तक सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 1:00 से 2:00 तक, दोपहर 2:30 बजे से 3:00 बजे तक, दोपहर 3:30 से 5:00 तक, शाम 5:30 बजे से 6:30 बजे तक एवं स्वयं प्रभा चैनल पर 22 नंबर पर कक्षा 9 एवं कक्षा 11 हेतु सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 11:00 से 1:00 बजे तक, सायं 4:30 से 6:30 तक कक्षाएं संचालित की जाएंगी।

**वीडियोज के प्रसारण के संबंध में जारी हुआ रोस्टर, डीआईओएस ने दी जानकारी**

इसके अतिरिक्त दूरदर्शन उत्तर प्रदेश डीडी यूपी तथा स्वयं प्रभा चैनल नंबर 22 प्रसारित किए जा रहे हैं शैक्षिक वीडियोज माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के यूट्यूब चैनल पर भी अपलोड किए गए है। जो छात्र छात्रा किन्ही कारणों से दूरदर्शन उत्तर प्रदेश एवं स्वयं प्रभा चैनल पर लाइव प्रसारण नहीं देख पा रहे हैं। वह माध्यमिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के यूट्यूब चैनल पर अपलोड वीडियो से अध्ययन कर सकते हैं।

## घर के अंदर आग से झुलसी युवती की इलाज के दौरान मौत

घाटमपुर(भीतरगांव) रविवार देर रात गंभीर झुलसी हालत में सीएचसी भीतरगांव से उर्सला भेजा गया था साढ थाना की भीतरगांव चौकी के रावतपुर चौध ारियान गांव में रविवार रात घर में आग से झुलसी मिली विवाहित युवती की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मायके वालो ने दहेज न देने के कारण ससुरालीजनों द्वारा आग से जला मारने का आरोप लगाया है। रावतपुर चौध ारियान गांव निवासी पूर्व प्रधान दिनेश मिश्रा का एकलौता लड़का अनुराग की शादी 11 मई 2017 को

**मायके वालों ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज का आरोप**

ज्योति (28) पुत्री राजेन्द्र तिवारी निवासी बिनौर सचेडी के साथ हुई थी। पिता राजेन्द्र का आरोप है कि पति अनुराग ने शराब पीकर मारपीट की फिर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। इलाज के दौरान उर्सला में सोमवार सुबह मौत हो गयी।

मायके वालों ने दहेज के खातिर युवती को आग से जलाकर मारने का आरोप लगाया है। आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत जल्द गिरफ्तारी की जायेगी

## पत्रकारों पर आए दिन हो रहे हमले

कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अवनीश दीक्षित ने पत्रकारों पर आए दिन हो रहे हमले को गंभीरता से लेते हुए अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं उन्होंने प्रदेश में तीन महीने के अंदर तीन पत्रकारो शुभम मणि ,विक्रम जोशी और रतन सिंह की निर्मम हत्या पर रोष व्यक्त करते हुवे इसके विरोध में आगामी 26 अगस्त को कानपुर प्रेस क्लब 1 बजे शिक्षक पार्क में प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम कानपुर को सौपेगा। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को प्रदेश में हो रही पत्रकारो की हत्यायो और पत्रकारो पर दर्ज हो रहे फ़र्ज़ी मुकदमे की जांच किसी अन्य जांच एजेंसी से कराने की मांग के साथ साथ प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द से लागू किये जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करेगा।



## कोविड बुलेटिन

लखीमपुर खीरी 25 अगस्त 2020।' विगत 24 घंटे में ( सायं 5:00 बजे तक) कुल 258 रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिसमें 35 (आरटी पीसीआर)लैब से पॉजिटिव रिपोर्ट एवं 223 नेगेटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इसी के साथ 46 ( 03 अन्य लैब एवं 43 एंटीजन) पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है। अतः इस प्रकार कुल आज 81 पॉजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

वही 17 संक्रमित व्यक्तियों की ट्रेसिंग चल रही है।

अतः इस प्रकार जनपद में अब तक कुल 1911 पॉजिटिव केस मिले, जिनमें उपचार उपरांत 1114 पॉजिटिव व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज कर दिए गए। वर्तमान में जनपद में कुल 776 एक्टिव पॉजिटिव केस है। वहीं अब तक 21 संक्रमित की मृत्यु हो चुकी है।

तहसील लखीमपुर (सदर) : 50
जिला कारागार–03
बनिका फार्म, ओयल–01
काली पोखर–01
पनोरा, ओयल–05
ठाठेरन टोला ओयल–01
कमलापुर, उदयपुर–01
ईदगाह–03
राजगढ़–07
कपूरथला–01
पुलिस लाइन–02
बरखेरवा–03
भरत पुरी–01
हाथीपुर–01
शिव कॉलोनी–02
रामापुर–03
महेवागंज–01
थरवरनगंज–01
लक्ष्मी देवी कॉलोनी, गढ़ी रोड–01
मोती नगर–02
पटेल नगर–03
छाउछ–01
लघुचा–01
शांति नगर–02
बेलिहा तारन–01
साड़ीनामा–01
लालपुर–01
तहसील गोला गोकरननाथ :02
ऊंची भूड–02
तहसील मोहम्मदी :01
पूर्वी लखपेड़ा–01
तहसील पलिया :07
बाजार द्वितीय–01
बजाज चीनी मिल पलिया–02
एकराम नगर–01
चंदन चौकी–01
पटिहन रोड–01
रंगरेजान–01
अहिरान–02
तहसील निघासन : 02
पीएचसी तिकुनिया–01
कोललारी–01
तहसील मितोली : 02
टेडवा–02

## विधायक विजय मिश्रा के सुपुत्र विष्णू की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

ज्ञानपुर,भदोही:– उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के विधानसभा ज्ञानपुर से लगातार चार बार निर्वाचित बाहुबली विधायक विजय मिश्रा के सुपुत्र विष्णु मिश्र की कोर्ट ने अग्रिम जमानत को खारिज कर दिया है। बता दें कि इसके पूर्व श्री मिश्र की धर्मपत्नी एमएलसी रामलली मिश्रा की बीते 14 अगस्त को जहाँ कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका नामंजूर कर दी थी |वहीं आज 25 अगस्त मंगलवार को विधायक के पुत्र विष्णू मिश्र की अग्रिम जमानत परिवार के अपराधिक पृष्ठिभूमि एवं अपराधिक सहभागिता के दृष्टिगत जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीश ने खारिज कर दी। बताते चलें कि विधायक विजय मिश्र के रिश्तेदार धनापुर गांव निवासी कृष्णमोहन तिवारी ने बीते 7 अगस्त को जबरन घर में रहने और वसीयत बनाकर उनकी सम्पत्ति अपने पुत्र विष्णू मिश्र के नाम कराने के दबाव बनाने के आरोप में गोपीगंज थाने में प्रार्थिमिकी दर्ज कराई गई थी।

## रोजगार मेले में भाग लेने हेतु आन लाइन आवेदन करें : जिला रोजगार सहायता अधिकारी

लखीमपुर खीरी 25 अगस्त 2020। जिला रोजगार सहायता अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 28 अगस्त 2020 को ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में कुल 07 कम्पनियॉ, ''कल्याणी सोलर पावर, स्कॉर्पिक्स इंडिया, भ. ारत हैवी इलेक्ट्रिकल प्रोजेक्ट, ज़ेन्ट एक्वा प्रा0लि0, मगध एग्रो टेक, महार्षि दयानन्द वोकेश्नल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, स्मार्ट टच इन्फ्रास्ट्रक्चर्स प्रा0लि0'' प्रतिभाग करेंगी।

इस मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन कार्यालय में आन लाइन पंजीकृत अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल (sewayojan-up-nic-in) पर जाकर आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी अविलम्ब पोर्टल पर अपना आवेदन आन लाइन कर दें, बिना आनलाइन आवेदन के रोजगार मेले में प्रतिभाग नही कर सकेगें। शॉर्टलिस्टेड अभ्यर्थियों का इंटरव्यू नियोजकों द्वारा मोबाइल फोन पर लिया जाएगा।

इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## सार–समाचार

कानपुर–जच्चा–बच्चा की मौत का मामला पहुंचा एसएसपी कानपुर के पास पीड़ित पहुंचा अपने बच्चों के साथ लगाई न्याय की गुहार आर यस नर्सिंग होम बिल्हौर में हुई थी जच्चा–बच्चा की मौत बिल्हौर पुलिस द्वारा नहीं की जा रही थी कार्रवाई



कानपुर बीते दिनों बजरिया थाना क्षेत्र मे कोविड के मरीज को लेने गए एम्बुलेंस और पुलिस कर्मियों पर अराजकतत्वों द्वारा पुलिस पर किया किया था जम कर पथराव

उक्त मुकदमे मे वॉंछित चल रहे मुल्ज़िम सलमान को आज मुखबिर की सूचना बजरिया पुलिस ने किया गिरफ्तार



### दिनेश हत्याकांड का कब खुलेगा राज सीओ सिटी वा सी ओ डलमऊ ने लिया बयान रिपोर्ट लिखने में क्यों डरती है पुलिस पुलिस क्यों हटवा रही है कुछ लोगों का नाम

रायबरेली मृतक के पिता का आरोप है की सैदपुर टिकरा गांव में मृतक दिनेश और ससुराली जनों के बीच हुए विवाद में मारपीट की घटना में दिनेश की गला दबाकर हत्या कर शव को बबूल के पेड़ में गांव के बाहर लटका दिया गया था मेरे द्वारा जगतपुर थाने में दी गई तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी उल्टे तहरीर से कुछ लोगों का नाम हटाने के लिए पुलिस दबाव बनाने लगी थी

**पीड़िता पिता ने डीएम से न्याय मांगा है**

बीते मार्च महीने में हुई दिनेश की हत्या की घटना में मृतक के पिता राम केवल निवासी अनिरुद्ध पुर थाना भदोखर से सीओ डलमऊ और सीओ सिटी से पूछताछ किया और बयान भी दर्ज किया बेटे की हत्या का राज खुलवाने और हत्यारों को सजा दिलाने के लिए दलित रामकेवल पुलिस अधिकारियों की चौखट पर दस्तक देते देते थक चुका है लेकिन अभी तक उसकी रिपोर्ट जगतपुर पुलिस ने नही लिखी पीड़ित पिता नेघटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है

### इकलौते बेटे पर कातिलाना हमला जान से मारने की धमकी पुलिस ने नही लिखी रिपोर्ट

रायबरेली धान की फसल को जानवरों से खड़ा होकर चराने से मना करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया घटना कोतवाली की सूची गांव की है अनीता पत्नी शंकर दयाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके इकलौते बेटे राहुल पर संतोष पुत्र विदेश्वरीने जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया इस मारपीट में शामिल रही अनीता देवी ने कहा कि पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखा है वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और हरियाणा स्थित राम रहीम हनीप्रीति के सच्चे डेरे का सक्रिय सदस्य है अब तक तमाम घटनाओं को अंजाम देकर हरियाणा भाग जाता हैं।

अपराधी प्रवत्ति का संतोष मेरे बेटे की हत्या कर मेरी संपत्ति हड़पना चाहता है पीड़ित अनिता देवी ने पुलिस अधीक्षक से इस अपराधी प्रवत्ति के संतोष कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है

### स्टापकर्मी पाजिटिव निकलने पर दो दिनों के लिए सीएचसी की सेवाओं बाधित

कानपुर(भीतर गाँव) सीएचसी भीतरगांव मे कुल 45 जांचों मे 6 पा. जिटिव मिले जिसमें सीएचसी मे ही आप्टोमेटरी विभाग के एक पाजिटिव मिलने पर 48 घंटों के लिए सीएचसी भीतरगांव की सभी सेवाओं को रोक दिया गया है तथा सीएचसी को सेनेट्राइज करने के बाद सीएचसी को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है ।

डा तेजनारायण ने बताया कि स्टापकर्मी के घर के चार परिजनों समेत उमरी व पहेवा का एक युवक पाजिटिव मिला सभी को होम क्वारांटाइन कर दिया गया है ।गुरुवार दोपहर 2 बजे से सीएचसी में इमर्जेसी सेवाएं प्रारंभ होगी।

